भोपाल
शुक्रवार, 2 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष –05
वर्ष : 12, अंक : 31
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 40
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13 गुजरात को प्लेऑफ के लिए जीत जरूरी...

विचार पेज
08 युद्ध में आर्थिकी भी है प्रभावी हथियार



सागर के गढ़ाकोटा में सामूहिक विवाह समारोह, 3,219 नवदंपती बंधे परिणय सूत्र में, सीएम ने दी शुभकामनाएं और आशीर्वाद

# विवाह में सिर्फ वर-वधू का विवाह नहीं बल्कि दो परिवारों और कुटुंबों का मिलन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। विवाह में सिर्फ वर-वधू का विवाह नहीं बल्कि दो परिवारों और कुटुंबों का मिलन भी होता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उसकी बेटी का, जितने अच्छे से लालन-पालन किया, उससे अच्छा ▶▶ शेष पेज 6 पर



**समाजसेवियों से सीएम की अपील: कल्याणियों के पुनर्विवाह में उनका सहयोग करें**

**सामाजिक समरसता का महाकुंभ मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह : पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव**

### यह समारोह अंतर्जातीय विवाह को भी प्रोत्साहित करता है

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार कल्याणियों के पुनर्विवाह, निःशक्तजन के विवाह और सामाजिक समरसता स्थापित करने, अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड वीरों की भूमि है। सीएम ने बुंदेलखंड की पवित्र भूमि में सामूहिक कन्या विवाह के भव्य समारोह के लिए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### बुंदेली व्यंजनों से किया गया नव दंपत्तियों का स्वागत

विवाह निकाह समारोह में 3 हजार से अधिक नव-दंपत्तियों के साथ घराती-बरातियों का बुंदेली व्यंजनों के साथ स्वागत किया गया। सभी बुंदेली व्यंजनों के साथ आम का पना, फ्रूटी, आइसक्रीम, कढ़ी-चावल, बिजोरा, रोटी, खीर, पुरी, पापड़, चटनी अन्य बुंदेली व्यंजन परोसे गए।

### पीएम मोदी ने नव दंपतियों के लिए भेजा शुभकामना संदेश

विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि मैंने अपने इकलौते बेटे अभिषेक दीपू भार्गव का विवाह भी इसी महाकुंभ में सभी वर्गों एवं विभिन्न जातियों के जोड़ों के साथ कराया था। इसी प्रकार मैंने अपनी बेटी का विवाह भी सामूहिक विवाह समारोह में किया था। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मिलित होकर नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नव दंपत्तियों के लिए शुभकामना संदेश भेजा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
गुजरात – हैदराबाद
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड स्तर पर



**नई दिल्ली।** इस साल मई का महीना शुरू होते ही अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर है। भारत का जीएसटी कलेक्शन अप्रैल में बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी महीने के 2.10 लाख करोड़ रुपए से 12.6 फीसदी अधिक है।

### मांगे 11 लाख और कार 9 पर एफआईआर



**जबलपुर।** यहां एक सरकारी शिक्षक ने दहेज में 11 लाख रुपए और लग्जरी कार की डिमांड पूरी नहीं होने पर रिश्ता तोड़ दिया। होने वाले जमाई को मनाने पहुंचे तो दुल्हन के पिता घर से बाहर निकाला दिया। जिससे गुस्साई दुल्हन ने ससुराल पक्ष के 9 लोगों पर एफआईआर दर्ज करा दी।

### सूखे कुए में गिरी बाइक, दो की मौत



**सीहोर।** मोटर साइकिल पर सवार दो लोग मुंडेर से टकराकर सूखे कुए में गिर गए। जिसके कारण दोनों की मौत हो गई। बताया कि हनीफ खां (35) निवासी फूलमोगरा और सिराज (34) निवासी फूलमोगरा के शव ग्राम फूलमोगरा के कुए में मिले हैं।

आधी रात को आईएसआई प्रमुख को सौंपी एनएसए की जिम्मेदारी, बंद कर दिए एयरस्पेस

# भारत के हमले के खौफ में है पाकिस्तान सता रही कराची और लाहौर की चिंता

तीन साल में पाक को नया एनएसए नहीं मिला तो अतिरिक्त जिम्मेदारी देना पड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है। आए दिन ऐतिहात के तौर ताबड़तोड़ हर कुछ कदम उठा रहा है। उसे सबसे ज्यादा चिंता लाहौर और कराची की है। यही वजह है कि एयरस्पेस बंद कर दिए और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। चूंकि ये दोनों शहर पाकिस्तान के हार्ट कहे जाते हैं इसलिए इनको लेकर ज्यादा चिंता बढ़ी है। इसके अलावा पाकिस्तान को लगभग तीन साल बाद एहसास हुआ कि उसके देश में कोई राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नहीं है।

जल्दबाजी ने आधी रात को आईएसआई प्रमुख प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी है। यहीं नहीं हैरान परेशान पाकिस्तान अन्य देशों से कर्जा लेने के लिए भी भीख मांग रहा है। भारत के हमले का खौफ इतना ज्यादा है रात दिन बैठकों को दौर चल रहा है लेकिन मतभेदों के चलते कोई ऐसा निर्णय नहीं हो पा रहा है जिससे पाकिस्तान खुद को सुरक्षित और महफूस समझ सके। पाकिस्तान में एनएसए का पद अप्रैल 2022 से रिक्त था, जब ▶▶ शेष पेज 6 पर

**1** भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात तट के पास तैनात किए जहाज

**2** लाहौर और कराची पाकिस्तान के महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र हैं

**3** भारत की तैयारियों से पाकिस्तान में फैली दहशत



### पाक ने एक महीने के लिए एयरस्पेस किए बंद

पाकिस्तान को लग रहा कि इस बार इंडियन एयरफोर्स फाइटर जेट लेकर शहरों पर अटैक करेगी। यही वजह है कि दोनों एयरस्पेस एक महीने के लिए बंद कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी आर्मी का सारा फोकस अपने शहरों को बचाने पर है। अगर भारत लाहौर या कराची पर हमला करता है, तो यह बहुत गंभीर स्थिति होगी। पाकिस्तान के लिए इसके बहुत गंभीर नतीजे हो सकते हैं। कराची पर हमला पाकिस्तान को ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### बैसरन घाटी पहुंचे एनआईए के डीजी सदानंद दाते



पहलगाम आतंकी हमले की जांच का जिम्मा संभालने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद दाते गुरुवार को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम पहुंचे। यहां उन्होंने बैसरन घाटी का दौरा भी किया और सुरक्षा अधिकारियों से हमले से जुड़ी जानकारी ली। इससे पहले रविवार को एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले को जम्मू और कश्मीर पुलिस से अपने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी की मियाद बढ़ी

भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने उन्हें वाघा-अटारी बॉर्डर से वापस जाने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय ने पहले कहा था कि यह बॉर्डर 30 अप्रैल को बंद हो जाएगा। लेकिन अब इस आदेश को बदल दिया गया है। नए आदेश के अनुसार, पाकिस्तानी नागरिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### गृह मंत्री शाह का कड़ा संदेश हर आतंकी को चुन-चुनकर मारेंगे



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि पहलगाम हमले का चुन-चुनकर बदल लिया जाएगा। ये नरेंद्र मोदी का भारत है। शाह ने कहा कि आज कोई ये ना समझ ले कि हमारे 27 लोगों को मारकर वो ये लड़ाई जीत गए हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि हर व्यक्ति को जवाब भी मिलेगा और जवाब लिया भी जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि आज फिर से ये संकल्प याद दिलाना चाहता हूं कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में, चाहे वामपंथी उग्रवाद हो या फिर कश्मीर का मुद्दा अगर कोई कायराना हरकत करता है तो किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा। इंच-इंच भूमि से आतंकवाद को मिटा देंगे। दुनिया के सभी देश आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े हैं। जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा उनको दंड दिया जाएगा।*

***पाक ने भारतीय गानों पर लगा दी रोक***

*भारत ने पाक कलाकारों का ना सिर्फ बैन किया बल्कि भारत में उनके इंस्टाग्राम अकाउंट तक को हटा दिया गया है। इसी बीच बिलबिलाते हुए पाकिस्तान ने भी भारतीय गानों को बैन कर दिया गया है। अब पाक के लोगों को भारतीय गाने सुनने के लिए नहीं मिलेंगे। शहबाज सरकार ने ये आदेश पाक रेडियो को दिया है।*

पहलगाम से जुड़ी अर्जी पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## क्या आप सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं, लगी फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

◆ जनहित याचिका वापस लेने के लिए कहा

सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमले की न्यायिक जांच के लिए जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। हमले में आतंकियों ने 27 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि जज आतंकी मामलों की जांच के विशेषज्ञ नहीं हैं। इस महत्वपूर्ण समय में देश के हर नागरिक ने आतंकवाद से लड़ने के लिए हाथ मिलाया है।

कोर्ट ने पूछा कि क्या वे सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं। कोर्ट ने उनसे ऐसे मुद्दों को न्यायिक क्षेत्र में नहीं लाने को कहा। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पहलगाम हमले की जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता फतेह कुमार साहू और अन्य को याचिका वापस लेने के लिए कहा। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि वे इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझें और अदालत में ऐसी कोई अपील न करें।



### बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं

पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक से कहा कि आप सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच करने के लिए कह रहे हैं। वे जांच में विशेषज्ञ नहीं हैं। वे केवल निर्णय दे सकते हैं और किसी मुद्दे पर निर्णय ले सकते हैं। हमें आदेश पारित करने के लिए मत कहिए। आप जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं।

### 22 अप्रैल को हुआ था आतंकी हमला

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने अनंतनाग जिले के पहलगाम के ऊपरी इलाकों में एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल बैसरन में गोलीबारी की थी, जिसमें 27 लोग मारे गए। इनमें से अधिकतर दूसरे राज्यों से आए थे। घटना ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को बढ़ा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि आतंकी हमले करने वाले, साजिश रचने वाले और मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

नाबालिग से स्नैपचैट पर दोस्ती

### जबलपुर की नाबालिग छात्रा से मंडला में गैंगरेप



■ 100 किमी दूर मिलने गई थी छात्रा

**जबलपुर।** जिले को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया। यहां एक सातवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दोस्ती की गई। फिर नजदीकी जिले मंडला बुलाकर उसे शिकार बनाया गया। इस मामले में जबलपुर के गढ़ा थाने में गैंगरेप की शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि मामला गढ़ा थाना क्षेत्र ▶▶ शेष पेज 6 पर

सड़क दुर्घटना की आशंका

### बुधनी में एक साल के बाघ के शावक की मौत



■ एक सप्ताह में वन्य प्राणी की दूसरी मौत

**सीहोर।** जिले के बुधनी वन परिक्षेत्र में एक साल के बाघ के शावक की मौत हो गई है। शावक का शव ग्राम खटपुरा के दहोटा घाट में सड़क किनारे मिला। प्रारंभिक जांच में सड़क दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। राहगीरों ने शावक को मृत अवस्था में देखा और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। डीएफओ एस डाबर ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का ▶▶ शेष पेज 6 पर

बाबा रामदेव को दिल्ली हाईकोर्ट की फटकार

### बोला-किसी के वश में नहीं अपनी ही दुनिया में रहते हैं



■ पहले भी कोर्ट ने जताई थी नाराजगी

**नई दिल्ली।** रूह अफजा और हमदर्द के खिलाफ फिर से बयान देने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को योग गुरु बाबा रामदेव को फटकार लगाई। इसके साथ ही कोर्ट ने विवादित बयान वाले वीडियो के हिस्से को 24 घंटे में सभी सोशल और मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटाने का निर्देश दिया। दरअसल, हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ अपने विवादास्पद शरबत जिहाद वाले बयान को दोहराते हुए एक नया वीडियो जारी ▶▶ शेष पेज 6 पर

शादी समारोह में शामिल होने निकले थे

## बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई चार लोगों की मौत, तीन घायल

एक गंभीर रूप से घायल को भोपाल रेफर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों की मौत हो गई, वहीं 3 युवक घायल हैं।

इनमें से एक गंभीर घायल को भोपाल रेफर किया गया है। आशंका है कि कार को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा बुधवार देर रात 2.30 बजे भदौरा के पास हुआ। शिवपुरी जिले के कोलारस में रिजौदा गांव से बारात गुना के मावन गांव में आई थी। शादी में शामिल होने के बाद कुछ युवक कार से रिजौदा जाने के लिए निकले थे। हादसे में रिजौदा गांव के रहने वाले गोविंद रघुवंशी (28) पुत्र दिनेश रघुवंशी, सोनू (35) पुत्र हरि भगवान रघुवंशी, वीरू (24) पुत्र बृजेश कुशवाह और हितेश (24) पुत्र ब्रजमोहन बैरागी की मौत हो गई।



वहीं सुदीप (24) पुत्र सुरेन्द्र रघुवंशी, सुमित (24) पुत्र जसवंत रघुवंशी, रवि (22) पुत्र वीरेंद्र रघुवंशी घायल हैं। सुदीप को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। म्याना थाना प्रभारी एसआई गोपाल चौबे ने बताया कि शिवपुरी जिले से गुना जिले ▶▶ शेष पेज 6 पर

**एक विवाह ऐसा भी: अस्पताल में बारात लेकर पहुंचा दूल्हा**

## गोदी में उठाकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निभाई परंपरा, लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

■ डॉक्टरों ने दुल्हन को बेड रेस्ट की दी थी सलाह

राजगढ़ जिले ब्यावरा में अक्षय तृतीया पर एक अनोखी शादी देखने को मिली। दूल्हा बारात लेकर सीधे अस्पताल पहुंचा। यहां भर्ती अपनी मंगेतर को गोद में उठाकर सात फेरे लिए। ओपीडी वार्ड में शादी की सारी रस्में निभाई गई। दरअसल, ब्यावरा की परम सिटी कॉलोनी में रहने वाले ठाकुर वीरेंद्र सिंह बेस के बेटे आदित्य सिंह की शादी 30 अप्रैल को कुंभराज के रहने वाले ठाकुर बलवीर सिंह सोलंकी की बेटी नंदिनी से तय थी। शादी से 7 दिन पहले नंदिनी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अस्पताल में ही सजा मंडप



अस्पताल को दुल्हन के घर की तरह सजाया गया। अस्पताल के गेट पर बारात की अगवानी की गई। इसे देखने के लिए परिसर में लोगों की भीड़ लग गई। रात 1 बजे ओपीडी वार्ड में मंडप सजा। रिश्तेदारों ने दोनों पर फूल बरसाए। दूल्हे आदित्य ने दुल्हन नंदिनी को गोद में उठाकर सारी रस्में निभाईं। सभी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। बारातियों ने भी भर्ती मरीजों का पूरा ध्यान रखते हुए रस्मों को निभाया।

**खत्म होगा भक्तों का इंतजार, देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालु**

बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग के उखीमठ से रवाना किया था

## आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट 108 क्विंटल फूलों से सजाया मंदिर

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे।

बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है। शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ऐतिहासिक मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। श्रृंगार वडोदरा और कोलकाता ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ओंकारेश्वर मंदिर से 28 को निकली थी डोली यात्रा



बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ से रवाना किया गया था। डोली यात्रा की शुरुआत ओंकारेश्वर मंदिर से हुई, यह बाबा केदारनाथ का शीतकालीन पूजा स्थल है। जो लोग केदारनाथ धाम नहीं पहुंच सकते वो शीतकाल के दौरान इसी स्थान पर बाबा केदार के दर्शन कर सकते हैं।

### ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समितियां

*इस बार केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समिति द्वारा मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है। मंदिर की इस आकर्षक सजावट को देखने के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध और भव्यता मंदिर को और भी दिव्य आभा प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन ने कपाट खोलने के अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।*

# एम्स के डॉक्टरों ने किशोर की टेढ़ी रीढ़ की हड्डी को किया सीधा

## नेविगेशन तकनीक और 3डी सीटी स्कैन मशानों से की सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के डाक्टरों ने एक बार फिर मुश्किल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। 14 साल के एक बच्चे की रीढ़ की हड्डी में बहुत ज्यादा टेढ़ापन था, जिसे गंभीर स्कोलियोसिस कहते हैं। एम्स के एक्सपर्ट डाक्टरों ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाया। यह आपरेशन डॉ. वीके वर्मा और उनकी टीम ने किया। सर्जरी में शरीर के अंदर की सही स्थिति जानने के लिए नई नेविगेशन तकनीक और 3डी सीटी स्कैन जैसी आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया गया।

**खास बातें**

- सर्जरी के बाद हड्डी की लंबाई बढ़ी दो सेमी
- डॉक्टरों ने किया आधुनिक तकनीक का प्रयोग
- 14 वर्षीय लड़के की रीढ़ की हड्डी में था ज्यादा टेढ़ापन

### गंभीर बीमारी को कहते हैं स्कोलियोसिस




डॉ. शिखा जैन ने मरीज को बेहोश करने की प्रक्रिया को संभाला। आपरेशन के बाद बच्चा अब पूरी तरह से ठीक है। सबसे खास बात यह है कि सर्जरी के बाद उसकी लंबाई भी लगभग दो सेंटीमीटर बढ़ गई है। यह न सिर्फ डॉक्टरों के लिए बड़ी सफलता है, बल्कि बच्चे और उसके परिवार के लिए भी बहुत खुशी की बात है। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि यह आपरेशन दिखाता है कि एम्स भोपाल में अब गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज भी आधुनिक तकनीकों और एक्सपर्ट डॉक्टरों की मदद से मुमकिन है। उन्होंने कहा कि अब मध्य भारत के लोगों को ऐसे इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं है।

### जेपी अस्पताल में टाइप-एक डायबिटीज मरीजों के लिए विशेष क्लीनिक शुरू

जेपी अस्पताल ने टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित मरीजों के लिए हर गुरुवार को विशेष क्लिनिक की सुविधा दी जा रही है। यह क्लिनिक जेपी अस्पताल के गैर-संचारी रोग (एनसीडी) क्लिनिक में स्थित है, जहां मरीजों को निःशुल्क इंसुलिन, मधुमेह शिक्षा और विशेषज्ञ सलाह दी जाती है। इस सुविधा से न केवल मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल बेहतर हो रही है, बल्कि उनकी आर्थिक परेशानी भी कम हो रही है। इस क्लिनिक का संचालन सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव और एमडी मेडिसिन डॉ. आफरीन आलम के मार्गदर्शन में हो रहा है। टाइप 1 डायबिटीज एक स्वप्रतिरक्षी रोग है, जिसमें शरीर इंसुलिन बनाना बंद कर देता है। इंसुलिन की लगातार जरूरत होती है, वरना मरीज को गंभीर समस्याएं जैसे डायबिटिक कीटोएसिडोसिस, हाइपोग्लाइसीमिया और लंबी अवधि की अंगों को क्षति हो सकती है।

# नौ महिलाओं का जत्था चार धाम के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के नेतृत्व में नौ महिलाओं का जत्था चार धाम यात्रा की यात्रा के लिए गुरुवार को रवाना हो गया। मंडल सचव रिंकू भटेजा ने बताया कि दिव्या बोहरा के नेतृत्व में महिलाएं केरला एक्सप्रेस से चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुई हैं। बता दें कि चार धाम यात्रा 30 अप्रैल से शुरू हो गई है। इस दिन गंगोत्री, यमुनोत्री के पट खुल गए हैं। दो मई को बाबा केदारनाथ के पट खुलेंगे। चार मई को बद्रीनाथ के पट भक्तों के दर्शन के लिए खुल जाएंगे। जत्थे में दिव्या बोहरा, राजकुमारी बुंदेला, सुनीता, माधवी, आदिया, स्वाति सिंह, रोली, रागनी, शिवानी शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### लव जिहाद का आज महिलाएं करेंगी विरोध

**भोपाल।** हिंदू समाज की लड़कियों और महिलाओं को लव जिहाद के षड्यंत्रों में फंसाने की बढ़ती घटनाओं के विरोध में सकल हिंदू समाज की महिलाएं आज नगर के 25 स्थानों पर प्रदर्शन करेंगी। शुक्रवार शाम 5 बजे से होने वाले इन प्रदर्शनों को अलग-अलग वक्ता संबोधित करेंगे। पिछले दिनों नगर के टीआईटी कॉलेज में पढ़ने वाली हिंदू लड़कियों को लव जिहाद का शिकार बनाने की घटनाएं सामने आई हैं। इसमें वर्ग विशेष के लड़कों द्वारा हिंदू लड़कियों को नशे के जाल में फंसाकर आपत्तिजनक वीडियो बनाने विवश करने का षड्यंत्र किया जा रहा था। प्रदर्शन में समाज के सभी वर्गों के नागरिक सम्मिलित रहेंगे।

### चार मई को 14 हजार छात्र देंगे नीट की परीक्षा

**भोपाल।** राजधानी में 4 मई दिन रविवार को 35 केंद्रों पर नीट की परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें 14 हजार 662 छात्र शामिल होंगे। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद इन छात्रों को सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिया जाएगा। गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर केंद्र प्रभारियों की बैठक रखी। कलेक्टर ने बताया कि सभी केंद्रों पर जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रों पर छात्रों के बैठने का इंतजाम के साथ सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिससे परीक्षा का शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके।

### पुलिस कमिश्नर को दिए गुंडागर्दी की जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर के शाहपुरा इलाके में अज्ञात गुंडों-बदमाशों द्वारा जबरन रास्ता रोककर वाहनों में डंडे-पत्थर से तोड़फोड़ कर लोगों पर हमला करने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, शाहपुरा क्षेत्र में करीब आधा घंटे तक गुंडे-बदमाशों ने सड़क पर से गुजर रहे वाहनों को जबरन रोक कर वाहन में तोड़फोड़ कर लोगों पर जानलेवा हमला किया और मारपीट भी करने लगे। इसमें करीब दस से ज्यादा वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और हमले में दो लोग घायल भी हुए है। हमले में घायल हुए लोगों ने अपनी जान बचाकर वहां से भागे। घटना के बाद घायलों ने संबंधित पुलिस स्टेशन में जाकर आरोपी बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

## इस माह राहु-केतु, बृहस्पति समेत कई शक्तिशाली ग्रह बदलेंगे चाल

# मई महीने में रहेगी त्योहारों व व्रतों की धूम

# सूरदास जयंती व शंकराचार्य जयंती आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विनायक चतुर्थी के साथ ही मई माह की शुरुआत हो गई। वैसे तो हिंदू धर्म में सभी माह का विशेष महत्व है। हर माह में पड़ने वाले व्रत और त्योहार अलग-अलग देवी-देवताओं को समर्पित हैं। गुरुवार को विनायक चतुर्थी के साथ ही मई माह की शुरुआत हुई है। अप्रैल के महीने में नवरात्रि और रामनवमी जैसे कई बड़े व्रत और त्योहार मनाए गए हैं। मई माह में भी त्योहारों व व्रतों की धूम रहेगी। यह माह पूर्ण रूप से गर्मी का होता है।


मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि साल का पांचवां महीना यानी मई की शुरुआत वैशाख मास की विनायक चतुर्थी तिथि के साथ हो गई। विनायक चतुर्थी के अवसर पर लोगों ने व्रत रखकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। तो वहीं इस महीने मोहिनी एकादशी, वट सावित्री, सीता नवमी, शनि जयंती से लेकर बुद्ध पूर्णिमा तक कई पर्व-त्योहार पड़ेंगे। इसके अलावा मई का महीना ग्रह-गोचर के नजरिए से भी खास रहने वाला है। इस माह राहु-केतु, गुरु बृहस्पति समेत कई शक्तिशाली ग्रह अपनी-अपनी चाल बदलेंगे।

मई की शुरुआत वैशाख की विनायक चतुर्थी तिथि से हुई

ग्रह-गोचर के नजरिए से भी खास रहने वाला है यह माह

### कल मनाई जाएगी गंगा सप्तमी

मां गंगा को समर्पित गंगा सप्तमी का त्योहार 3 मई को मनाया जाएगा। पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि वैशाख शुक्ल सप्तमी तिथि शनिवार की सुबह 7.51 बजे शुरू होगी और 4 मई सुबह 7.18 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि की वजह से 3 मई को मनाई जाएगी। मान्यता है कि गंगा सप्तमी के दिन मां गंगा का पुनर्जन्म हुआ था। जब भागीरथ ने अपने पूर्वजों की आत्मा को शुद्ध करने के लिए गंगा को जमीन पर लाया था तो गंगा के वेग से जाह्नु ऋषि का आश्रम नष्ट हो गया था। तब जाह्नु ऋषि ने गुस्से में आकर गंगा का सारा पानी पी लिया था। इसके बाद भागीरथी और देवताओं ने जाह्नु ऋषि से माफी मांगी थी, तब जाकर उन्होंने वैशाख शुक्ल सप्तमी तिथि को गंगा को मुक्त किया था। इसलिए गंगा सप्तमी मनाई जाती है।





### कायस्थ समाज 4 को मनाएगा चित्रगुप्त जयंती

कायस्थम मप्र रविवार को भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव मनाएगा। इस अवसर पर पूजन, हवन, प्रसादी वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से प्रोफेसर कालोनी में संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में होगा। इस अवसर पर कायस्थम के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और अन्य सदस्य तथा कायस्थजन भी उपस्थित रहेंगे।

### दादाजी धाम मंदिर में होगा अभिषेक-हवन

रायसेन रोड पर स्थित दादाजी धाम मंदिर में शुक्रवार को आद्य शंकराचार्य जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे गर्भगृह परिक्रमा में स्थापित आदि शंकराचार्य का अभिषेक, पूजन अर्चना, आरती, हवन के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर के पट भगवान के दर्शन के लिए खुले रहेंगे।

**एक नजर इधर भी**

### इस माह यह रहेंगे व्रत-त्योहार

- 2 मई, शुक्रवार: संत सूरदास जयंती, शंकराचार्य जयंती, रामानुजन जयंती, स्कंद षष्ठी
- 3 मई, शनिवार: गंगा सप्तमी
- 4 मई, रविवार: भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव
- 5 मई, सोमवार: सीता नवमी, बगलामुखी जयंती, मासिक दुर्गाष्टमी
- 7 मई, बुधवार: रवींद्रनाथ टैगोर जयंती
- 8 मई, गुरुवार: मोहिनी एकादशी व्रत, परशुराम द्वादशी
- 9 मई, शुक्रवार: प्रदोष व्रत
- 11 मई, रविवार: नरसिंह जयंती, छिन्नमस्ता जयंती
- 12 मई, सोमवार: वैशाख पूर्णिमा, बुद्ध जयंती, कूर्म जयंती
- 13 मई, सोमवार: ज्येष्ठ माह आरंभ, नारद जयंती
- 15 मई, गुरुवार: वृषभ संक्रांति
- 16 मई, शुक्रवार: गणेश चतुर्थी व्रत, एकदंत संकष्टी चतुर्थी
- 20 मई, मंगलवार: कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी
- 23 मई, शुक्रवार: अपरा एकादशी व्रत
- 24 मई, शनिवार: प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी
- 25 मई, रविवार: शिव चतुर्दशी व्रत, मासिक शिवरात्रि
- 26 मई, सोमवार: वट सावित्री व्रत, दर्श अमावस्या
- 27 मई, मंगलवार: स्नान-दान अमावस्या, शनि जयंती, ज्येष्ठ अमावस्या
- 29 मई, गुरुवार: रंभा तीज व्रत
- 30 मई, शुक्रवार: विनायक चतुर्थी व्रत

## जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला

# खिचड़ी में मक्खी निकलने के कारण वृंदावन ढाबा को देना होगा 15 हजार 130 का हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला उपभोक्ता आयोग ने खिचड़ी में मक्खी निकलने के एक मामले में उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मेसर्स वृंदावन ढाबा एंड रेस्टोरेंट को 15 हजार 130 रूपए हर्जाना देने के आदेश दिए है।

पूरे मामले की सुनवाई उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडेय ने की।

अपने फैसले में उन्होंने कहा कि खाने में मरी हुई मक्खी मिलना होटल की लापरवाही है। वहीं, स्विगी सिर्फ खाना पहुंचाने का एक माध्यम है, इसलिए उसकी जवाबदारी नहीं बनती। उपभोक्ता आयोग ने आदेश दिए हैं कि 2 महीने के अंदर ऑर्डर की राशि 130 रुपए वापस की जाए। इसके साथ ही 10 हजार रुपए मानसिक कष्ट और सेवा में कमी के लिए क्षतिपूर्ति के रूप में दे। भुगतान न करने पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा। ढाबा प्रबंधन को 5 हजार रुपए परिवाद व्यय के भी देने होंगे।



वृंदावन ढाबे से बुलाई गई खिचड़ी और उसका बिल। खिचड़ी में पड़ी मृत मक्खी। (लाल घेरे में)

### यह है पूरा मामला

दरअसल, मामला 25 मई 2024 का है। गौतम नगर निवासी अभिषेक दीक्षित ने रात करीब 10:35 बजे स्विगी से बटर खिचड़ी और लस्सी का ऑर्डर दिया था। वृंदावन ढाबा से खिचड़ी आई थी। युवक को डिब्बे में जो खिचड़ी डिलीवर की गई, उसमें मरी हुई मक्खी थी। उपभोक्ता ने फौरन स्विगी से ईमेल और चैट के जरिए इसकी शिकायत की। जवाब में स्विगी ने कहा कि उन्होंने होटल को भुगतान कर दिया है और अब यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है। वहीं होशंगाबाद रोड स्थित वृंदावन ढाबा ने भी जिम्मेदारी नहीं ली। मामला उपभोक्ता आयोग तक पहुंच गया। जिसके बाद मामले में आयोग ने यह फैसला सुनाया है।

## इंडस्ट्री इंटरेक्शन सेशन का आयोजन

# इंटरनेट और एआई से सच की तह तक जाएं: तिवारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग में डिजिटल मीडिया एंड एआई विषय पर इंडस्ट्री इंटरेक्शन सेशन का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित सत्र की अध्यक्षता विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में बिलाल भट, समूह संपादक, ईटीवी भारत एवं जे. श्रीनिवास, सीईओ, ईटीवी भारत समूह विशेष रूप से उपस्थित थे।

### क्लास रूम और न्यूज रूम को जोड़ने की जरूरत

सत्र की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने क्लास रूम और न्यूज़ रूम को जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिग्री सिर्फ मीडिया संस्थान में अंदर जाने के लिए गेट पास है। उन्होंने उत्तर और दक्षिण भारत में होने वाली प्रेस कांफ्रेंस में अंतर बताया। तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं होना चाहिए। बल्कि तकनीक के माध्यम जैसे कि इन्टरनेट एवं एआई का उपयोग करके सच की तह तक जाकर पत्रकारिता करना चाहिए।

बैक होलोडर की मदद से तोड़ते हुए 12 एंगल और आठ लोहे की चादर बरामद

# फास्ट फूड संचालक ने नाले पर बनाया शेड, नगर निगम ने तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के आसपास बनी सड़कों के नये फुटपाथों पर तेजी से कब्जे होते जा रहे हैं। इसके बाद भी नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे फुटपाथ का बेखौफ व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। दुकानों के सामने फुटपाथ पर अपना सामान जमा लेते हैं, जिससे लोगों को पैदल गुजरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

नगर निगम के अमले ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जहांगीराबाद के लिली टाकीज क्षेत्र में रीना फास्ट फूड संचालक द्वारा नाले पर अवैध कब्जा कर शेड का निर्माण कर लिया था। जिसे बैक होलोडर की मदद से तोड़ते हुए 12 एंगल और आठ लोहे की चादर बरामद की है। इसी तरह बरखेड़ी पंजाबी मोहल्ला में अवैध रूप से बनाई गई झुग्गी और लोहे का जीना व चादर का शेड हटाने की कार्रवाई की है।

आयुक्त नगर निगम हरेंद्र नारायन का कहना है कि शहर में नगर निगम के अमले द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। अमले ने गुरुवार को भी विभिन्न क्षेत्रों से बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाया है।



### यहां से भी हटाए अतिक्रमण

*निगम अमले ने नर्मदापुरम रोड, 11 मील तिराहा, भोजपुर रोड, एम्स अस्पताल, चेतक ब्रिज, 1250 अस्पताल, लिंक रोड नंबर एक, दो, तीन, न्यू मार्केट, बोट क्लब, सूरज नगर, गांधी नगर, न्यू सब्जी मंडी, करोंद, आइएसबीटी सहित अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यहां से अमले ने बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, कुर्सियां, गन्ने की चरखी और अवैध रूप से सड़क पर खड़े किए गए चार पहिया वाहन को हटाया। इसके अलावा तीन ठेले, 50 कुर्सियां, छह प्लास्टिक पन्नी, एक बड़ी गुमठी जब्त की है।*

## रिटायर्ड कर्मचारी, प्रतिभाएं सम्मानित

# भौंरी बकानिया में दाम्पत्य जीवन में बंधे 26 जोड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अक्षय तृतीया के पावन तो अवसर पर भौंरी बकनिया में क्षेत्रीय धाकड़ समाज सुधार समिति के तत्वावधान में श्री नागर धाकड़ आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का 33वां आयोजन हुआ, जिसमें 26 वर-वधु जोड़े नव दाम्पत्य जीवन में बंधे। वहीं, प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम एवं शासकीय सेवा में नव नियुक्त समाज के बालक-बालिकाओं के साथ-साथ रिटायर्ड अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे 12 हजार से अधिक सामाजिक बंधुजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केसरी सिंह पटेल ने की। उपाध्यक्ष गुलनारायण नागर पटेल, बलदेव सिंह, रामलाल, अशोक नागर, गुलनारायण, उमेश, कैलाश, अमरसिंह, सुनील, मनोहर, राजेश, हरिओम, मनोज नागर, सर्वेश नागर, गब्बर नागर, शैतान नागर, दिनेश नागर, वृजेश आदि उपस्थित रहे।

## दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान ने आयोजित किया दक्षता निर्माण कार्यक्रम, वक्ताओं ने रखे अपने विचार

# अंग्रेजों से पहले भारत के समस्त गांव स्वशासी और समृद्ध थे: पद्मश्री डॉ. बजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंग्रेजों के शासन से पहले के भारत में प्रत्येक गांव स्वशासी था। गांव में सब प्रकार की व्यवस्थाएं और सेवाएं थीं। प्रत्येक गांव समृद्ध था। चेन्नई के दो गांवों उल्लावूर एवं कुण्ड्रत्तूर की केस स्टडी को सामने रखकर यह बात सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडी, चेन्नई केनिदेशक पद्मश्री डॉ. जतिंदर कुमार बजाज ने कही।

दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित और आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित युवा सामाजिक विज्ञान संकाय के लिए दो सप्ताह के दक्षता निर्माण कार्यक्रम में डॉ. बजाज ने अंग्रेजों से पहले की भारतीय नीति और भारतीय परिवेश में समाज वैज्ञानिक शोध विषयों पर युवा प्राध्यापकों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एनआईटीटीटीआर के निदेशक डॉ. चन्द्र चारु त्रिपाठी, दक्षतानिर्माण कार्यक्रम की संयोजक प्रो. अल्पना त्रिवेदी और दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

बता दें कि डॉ. बजाज ने 1767-1774 के मध्य अंग्रेजों द्वारा किए गए मद्रास के आसपास के लगभग 2000 ग्रामों के एक बहुतविस्तृत सर्वेक्षण का गहन अध्ययन किया है। इस सर्वेक्षण में अंग्रेजों ने यह जानने का प्रयत्न किया कि जिन भारतीयों पर हम शासन करने जा रहे हैं, उनकी व्यवस्थाएं कैसे संचालित होती हैं।

**खास बातें**

- सब प्रकार की व्यवस्थाएं और सेवाएं थीं
- चेन्नई के दो गांवों की केस स्टडी
- युवा प्राध्यापकों को किया संबोधित

### अंग्रेजों ने माना कि प्रत्येक गांव अपने आप में स्वतंत्र इकाई



डॉ. बजाज ने बताया कि अंग्रेज लिख रहे थे कि भारत की व्यवस्था धर्म (कर्तव्य) आधारित है,जो न्याय और समता के आधार पर संचालित होती है। अंग्रेजों ने माना कि प्रत्येक गांव अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। प्रत्येक गांव का इतिहास है। इस संदर्भ में बड़ी संख्या में यहां से शिलालेख मिलते हैं। ये गांव समृद्ध भी हैं। ये सभी गांव स्वशासी हैं। विभिन्न व्यवस्थाओं को चलाने के लिए उत्पादन में से एकनिश्चित अंश दिया जाता था। अंग्रेज कलेक्टर यह देखकर हैरान रह गया कि यह काम ता राज्य के हिस्से में हैं, इन्हें लोग क्यों कर रहे हैं।

### हमारे साहित्य में चुनौतियों के समाधान के सूत्र भी मिलते हैं

डॉ. बजाज ने कहा कि एक लंबी औपनिवेशिक दासता के कारण हमें अपनी वर्तमान चुनौतियों के समाधान में भारतीय साहित्य पर विश्वास नहीं हो पाता है। हमारे साहित्य में वर्तमान की चुनौतियों के समाधान के सूत्र भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों से पहले काभारत कैसा था, यह जानना है तो उसका एक प्रमुख स्रोतहमारा सभ्यागत साहित्य है। दूसरा स्रोत धर्मपालजी का साहित्य।

### माइक्रो स्टडी कर इतिहास लिखने की आवश्यकता

डॉ. बजाज ने कहा कि हमने अपने इतिहास को समग्रता से देखा नहीं, जो लिख दिया गया, उसे ही हमने मान लिया। माइक्रो-स्टडी कर इतिहास लिखने की आवश्यकता है। पश्चिम में एक-एक गांव का इतिहास लिखा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां स्थानीय स्तर पर जो इतिहास है, उसको जोड़ने, संकलन करने और लिखने का काम शोधार्थियों को करना चाहिए। उन्होंने यहभी कहा कि धर्म के आधार पर जब भारत का विभाजन हुआ तो हिंदुओं को अपना सब कुछ पाकिस्तान में छोड़कर आना पड़ा। इस विस्थापित समाज ने भारत में शून्य से अपनी यात्रा प्रारंभ की। उनके विकास की कहानी भारत के निर्माण की कहानियां हैं। लेकिन हमने इस दिशा में पर्याप्त शोध नहीं किया है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 2 मई 2025

5 हरसूद को नए अस्पताल, स्कूल और सिंचाई...



9 भारत में पानी व्यापार की वस्तु बन चुका है, इसे रोकना...





**इलाज के लिए आए मरीज के परिजनों ने वीडियो किया वायरल**

# यह हाल हैं राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी के: न ठंडा पानी, न शौचालय में साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी के हाल ग्रामीण क्षेत्रों में बने अस्पतालों से भी बदतर हो गए हैं। कहने को जेपी मप्र का पहला मॉडल अस्पताल है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां मरीजों को न तो गर्मी में ठंडा पानी मिलेगा और न ही वार्ड में कूलर और एसी के इंतजाम हैं।

अस्पताल में गंदगी का आलम यह है कि यहां आने वाले मरीज हों या परिजन, शौचालय भी नहीं जा सकते। अस्पताल में इलाज कराने आई एक महिला ने शौचालय का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसमें शौचालयों में गंदगी देखकर सभी हैरान हैं।



## सुविधाओं पर नहीं दे रहे अधिकारी ध्यान

जेपी अस्पताल में मरीजों के लिए हेल्प डेस्क तो बना दी, लेकिन यहां पर आपको मरीज की समस्याओं को सुलझाने वाला कर्मचारी कभी नहीं मिलेगा। अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं शून्य हैं। यहां पीने के पानी से लेकर ठंडी हवा तक का अभाव है। शौचालय गंदे हैं। वार्ड में लगे एयरकंडीशनर बंद हैं, क्योंकि इनका कॉपर पाइप चोरी हो गया है। ओपीडी से लेकर आईपीडी में आने वाले मरीजों को छोटी-छोटी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन सब दिक्कतों को दूर करने में अस्पताल प्रबंधन नाकाम है।

### स्टाफ के टॉयलेट पर लगाया ताला

अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में डॉक्टर्स, लैब टेक्निशियन और महिला स्टाफ के लिए अलग से टॉयलेट बनाया गया था। पर अस्पताल प्रबंधन ने स्टाफ टॉयलेट पर ताला लगा दिया। इससे महिला स्टाफ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टाफ का कहना है कि अधीक्षक साहब के कहने पर ताला लगाया है।

### कैसे करे कोई उपयोग

*यहां महिला व पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग शौचालय हैं। वीडियो में शौचालय में इतनी गंदगी दिखाई दे रही है कि यहां कोई इसका उपयोग नहीं कर सकेगा। हालांकि हरिभूमि इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। गुरुवार को भी ऐसा ही एक मामला सामने आया, जब अस्पताल में बने महिला शौचालय में एक मरीज के परिजन का जाना हुआ। उस परिजन ने जब शौचालय में जाकर देखा तो इतनी गंदगी थी कि वह वापस आ गई।*

**हर माह 10 से 12 लाख का भुगतान**

### सफाई बजट की हो रही बर्बादी

जेपी अस्पताल की साफ सफाई का ठेका इंदौरी आउटसोर्स कंपनी के पास है। कंपनी द्वारा आउटसोर्स पर कर्मचारियों को रखकर अस्पताल की सफाई कराई जाती है। इस कंपनी को शासन द्वारा हर महीने से 10 से 12 लाख रुपए का भुगतान किया जाता है। सालाना यह भुगतान एक करोड़ रुपए से अधिक होता है। बावजूद इसके अस्पताल में साफ सफाई की स्थिति दयनीय है।

### कंपनी को नोटिस जारी किया है...

सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ दो दिन पुराना है। शिकायत मिलने पर टॉयलेट की सफाई करा दी गई है। सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर कंपनी को नोटिस जारी किया गया है। महिला स्टाफ की शिकायत मिलने पर पैथोलॉजी विभाग में बंद टायलेट को भी खोल दिया गया है। वहीं, एसी के कॉपर पाइप चोरी हो जाने की तो इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव,** सिविल सर्जन, जेपी अस्पताल

---

छात्राओं से दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न मामले में पांचवी गिरफ्तारी, आरोपियों को कमरा कराता था मुहैया

# भोपाल में ही छिपा था पांचवा आरोपी नबील, पुलिस ने ढूंढा बिहार तक, अब कोलकाता के अबरार की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छात्राओं से दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न, ब्लेक मेलिंग सहित धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के इस सनसनीखेज मामले में पांचवे आरोपी नबील को अशोका गार्डन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया और 6 मई तक की रिमांड ली गई। नबील बिहार का रहने वाला है। पहली एफआईआर के बाद से ही वह फरार हो गया था। पुलिस ने बिहार तक तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला।

गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि नबील भोपाल में ही छिपा है। इसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर गिरफ्तार कर लिया। अशोका गार्डन थाने में दर्ज हुई एफआईआर में नबील पर आरोप है कि वह फरहान और उसके साथियों दुष्कर्म के लिए कमरा उपलब्ध कराता था। युवतियों को लाने- ले जाने का जिम्मा भी उसी का था। अबरार और नबील साथी हैं। दोनों नशे की सामग्री आरोपियों तक पहुंचाते थे। अब पुलिस को अबरार की तलाश है। पुलिस की अलग-अलग टीम हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है।

**गांजा व नशे का अन्य सामान आरोपियों तक पहुंचाते थे नबील व अबरार**

*फरार आरोपी अबरार पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित, अशोका गार्डन पुलिस ने नबील को दबोचा*

### आज पुलिस मांगेगी फरहान की रिमांड

आरोपी फरहान की फॉर्मल गिरफ्तारी अशोका गार्डन पुलिस ने की है। कल शुक्रवार को अशोका गार्डन पुलिस कोर्ट से फरहान की 5 दिन की रिमांड मांगेगी। प्रकरण में आरोपी अबरार की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आरोपी की गिरफ्तारी में सफल नहीं होने के कारण पुलिस के अधिकारियों ने आरोपी पर 10 हजार का इनाम भी घोषित किया है। अबरार पश्चिम बंगाल के कोलकाता का रहने वाला है। पश्चिम बंगाल में पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अबरार इसी कॉलेज में इंजीनियरिंग का छात्र था, लेकिन बीच में ही पढ़ाई छोड़ कर चला गया था। किसी अन्य कॉलेज में वो पढ़ाई कर रहा था। मामला दर्ज होने के बाद जब पुलिस उसे पकड़ने के लिए पश्चिम बंगाल पहुंची तो वो फरार हो गया था।

### पुलिस पर सवाल

जिस कॉलेज में फरहान पढ़ रहा है, नबील वह भी उसी में पढ़ाई कर रहा है। मूलतः बिहार का रहने वाले नबील को पुलिस ने अशोका गार्डन से गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। घटना के सप्ताहभर बीतने के बाद भोपाल में ही छिपे नबील को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। इसी मामले में अबरार फरार है। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने उसे भी उठा लिया है। जल्द ही पुलिस उसकी गिरफ्तारी दिखा सकती है।

### लव जिहाद के आरोपियों पर पूर्व विधायक ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह ने भाजपा नेता कृष्णा घाड़गे पर एफआईआर के खिलाफ और लव जिहाद के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस कमिश्नर से की है। भोपाल पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचे मध्य विधानसभा के पूर्व विधायक धुर्व नारायण सिंह ने लव जिहाद के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई को लेकर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सिंह ने कहा कि मुस्लिम लड़कों ने लव जिहाद के फार्मूले के माध्यम से बच्चियों का दैहिक शोषण किया। जितने युवक इस लव जिहाद मामले में शामिल हैं, उनके मकानों की जांच हो और मकानों को ध्वस्त किया जाए। साथ ही भाजपा नेता कृष्णा घाडगे पर एफआईआर की जांच की जाए और उसे खत्म किया जाए। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णा घाड़गे, क्षेत्रीय पार्षद विलासराव घाडगे, निर्भय धाकड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता व पार्षद मौजूद रहे।



### गुनगा क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म हिंदू संगठन ने लगाया लव जिहाद का आरोप

*गुनगा थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में साढ़े 17 साल की किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। हिंदू संगठन ने प्रकरण को लव जिहाद से जोड़कर थाने के सामने प्रदर्शन किया। हिंदू संगठन इसे लव जिहाद बता रहा है। पुलिस के अनुसार 17 साल छह महीने की नाबालिग इलाके के एक कस्बे में रहती हैं और परिवार के साथ हाली का काम करती है। उसकी दोस्ती खेतों में काम करने वाले साहिल खान से वर्ष 2019 में हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि दो महीने पहले साहिल ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। घटना की जानकारी परिजन को लगी और वह उसे लेकर थाने पहुंचे। थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बाद आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर लिया है।*

**गुनगा पुलिस ने दर्ज किया दुष्कर्म, पाक्सो सहित एट्रोसिटी एक्ट का मामला**

नाबालिग की सहमति से संबंध बने थे, लेकिन नाबालिग की सहमति मायने नहीं रखती। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी साहिल खान को गिरफ्तार कर लिया है। साहिल के खिलाफ बलात्कार, पाक्सो एक्ट और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

**प्रमोद कुमार सिन्हा,** एसपी देहात




*स्थानः चेतक ब्रिज*
*समयः शाम 7 बजे*

**नए पश्चिमी विक्षोभ के आने से आज से फिर बदलेगा भोपाल सहित प्रदेश में मौसम का मिजाज**

# जमकर तपा शहर, पारा 42.5 डिग्री, आज से बादल बारिश, मिलेगी कुछ राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मई के पहले ही दिन शहर जमकर तपा। दिन का पारा एक डिग्री बढ़कर 42.5 डिग्री पर पहुंच गया, जो नॉर्मल से 1.4 डिग्री अधिक है। धूप में तेजी और गर्म हवाओं के कारण दिनभर लोग तीखी गर्मी से परेशान रहे। शुक्रवार से नया पश्चिमी सक्रिय होने से भोपाल सहित कई जिलों में बारिश होगी। इससे अधिकांश जिलों में तेज गर्मी से कुछ राहत मिलेगी। कुछ जिलों में शुक्रवार से शनिवार के बीच आंधी-बारिश के बीच ओले भी गिरेंगे।

मौसम केंद्र के अनुसार नया सिस्टम सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम में बदलाव होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार शुक्रवार से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के साथ ही प्रदेश में अभी सकुर्लेशन होने से अगले चार से पांच दिन बादल, बारिश और आंधी का दौर चलेगा।

### अभी सिस्टम यहां सक्रिय रहेगा

शुक्ला के अनुसार अभी एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन दक्षिण पश्चिमी राजस्थान में सक्रिय है, यह कल भी सक्रिय था। वहीं, एक सकुर्लेशन दक्षिण पूर्वी राजस्थान में भी बना हुआ है। यहां से एक ट्रफ लाइन केरल, पश्चिमी मप्र और विदर्भ के साथ ही मराठवाड़ा, कर्नाटक तक बनी हुई है। नया पश्चिमी विक्षोभ शुक्रवार तक सक्रिय होगा, जो हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करेगा, लेकिन हवाएं बदलने और नमी आने से प्रदेश में भी बारिश होगी। यह क्रम 5 से 6 मई तक चल सकता है।

### आज भोपाल में भी बारिश

शुक्रवार को भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, रतलाम, उज्जैन, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी और कटनी जिलों में आंधी के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों में शुक्रवार से शनिवार के बीच कुछ जगह ओले भी गिरेंगे।

### भोपाल में दो से 3 डिग्री तक गिरेगा पारा

*शहर में शुक्रवार से शनिवार के बीच मौसम की करवट के बाद तेज गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। गुरुवार रात से शुक्रवार शाम तक राजधानी और आसपास के हिस्सों में आंधी के साथ बारिश और बादलों का डेरा रहने से शहर में 2 से 3 डिग्री तक तापमान में गिरावट की उम्मीद है।*

---

**मरम्मत नहीं होने से कंडम हुए 229 कचरा वाहन**

# पंचायतों में ठप हुआ कचरा कलेक्शन का काम, फिर लगने लगे घूरे के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता को लेकर नगर निगम सीमा में दिल्ली से आई टीम जहां साफ-सफाई का जायजा ले रही है, वहीं निगम सीमा से लगे गांवों में पिछले तीन महीने से कचरा कलेक्शन का काम बंद हो गया है।

दरअसल, गांवों में कचरा कलेक्शन के लिए 229 ई-रिक्शा दिए थे, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराने की वजह से कचरा कलेक्शन बंद कर दिया गया है। ऐसे में गांवों में दोबारा से घूरों का ढेर बनने लगा है। सरपंचों का कहना है कि ई-रिक्शा की बैटरियां खराब हो गई हैं, जिसकी मरम्मत में 50 हजार रुपए तक का खर्च आ रहा है। अफसरों को मरम्मत की राशि के लिए कई बार कहा गया है, लेकिन राशि नहीं मिली है। दो साल पहले भोपाल जिला पंचायत वर्ष 2023 में स्वच्छता के



मामले में देश में फाइव स्टार रेटिंग पर रही थी, लेकिन जिले की 222 पंचायतों को दो साल पहले 229 ई-रिक्शा सहित ट्राईसिकल दी गई थीं। ईंटखेड़ी में कचरा संग्रहण केंद्र से कचरा एकत्र करने सीमेंट की होज बनाई गई थी। लेकिन वाहनों के कंडम होने से इनको खड़ा तक कर दिया गया है।

जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी का कहना है कि जिन पंचायतों में कचरा कलेक्शन वाहन खराब हो गए हैं, उनकी मरम्मत कराई जाएगी।

### गांवों में बढ़ी गंदगी, सड़कों पर आया नालियों का पानी

*जनपद पंचायत फंदा में 96 और बैरसिया में 126 पंचायतें हैं। ग्राम पंचायत कनेरा, गोलखेड़ी, खजूरी राताताल, अमरावत कलां, पिपलिया रानी, बरखेड़ी अब्दुल्ला, मुबारकपुर, तारासेवनिया, कोलुआखुर्द, बड़झरी, ईटखेड़ी सड़क, जगदीशपुर, कोड़िया, सिकंदराबाद, पिपलिया जाहिरपीर, ईंटखेड़ी छाप, नाथू बरखेड़ा, मुगालियाछाप, अचारपुरा, अरवलिया, परवलिया,रायपुर सहित अन्य पंचायतों में गंदगी बढ़ने के साथ नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा है।*

**समग्र आईडी से आधार लिंक कराने कवायद**

### ईकेवायसी : छह वार्ड प्रभारी सस्पेंड बैठक से गायब रहने पर एक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समग्र आइडी को आधार के साथ लिंक करने के लिए ईकेवायसी का काम किया जा रहा है। इसमें नगर निगम के 6 वार्ड प्रभारियों को लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन ने गुरुवार को समीक्षा करते हुए निलंबित कर दिया है। इस दौरान ई-केवायसी कार्य में न्यूनतम प्रगति पाए जाने पर वार्ड प्रभारी-50 बालकृष्ण करोड़े, वार्ड 51 प्रभारी राकेश कुमार, वार्ड 52 के प्रभारी बलभद्र पटेल, वार्ड 58 के प्रभारी रामजस पटेल, वार्ड 67 के प्रभारी इंद्रकुमार जैन और वार्ड 32 के प्रभारी अखंड प्रताप सिंह को सस्पेंड किया है।

**बैठक में गायब रहे प्रभारी**

*निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन समीक्षा बैठक में बिना सूचना गायब रहने और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना पर वार्ड 59 के प्रभारी अमितोश सिंह ठाकुर को भी निलंबित कर दिया है।*

---

**आरकेएमपी के पास सुरक्षा बढ़ाने निर्देश**

# पुलिस थानों में अब होगी साढ़े चार बजे गणना, सड़क पर दिखेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने नई व्यवस्था शुरू की है। नई व्यवस्था के तहत अब थानों में शाम छह बजे होने वाली गणना का समय बदल दिया गया है। थानों में गणना अब साढ़े चार बजे की जाएगी। इसके बाद पुलिसकर्मी और अधिकारी इलाके में गश्त के लिए निकल जाएंगे। यह गश्त शाम सात बजे तक चलेगी।

इलाके में गश्त होने से अपराध में कमी आएगी और सड़कों पर पुलिस को देखकर अपराधियों में खौफ निर्मित होगा। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर खुद ही बिना बताए थानों में पहुंचकर थाने की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का जायजा लेंगे। 30 अप्रैल से कमिश्नर ने बिना बिताए थाने की विजिट शुरू कर दी है। विजिट के दौरान वे थाने का निरीक्षण और पेंडिंग प्रकरणों की जानकारी जुटाएंगे। साथ ही थानों के रिकॉर्ड, क्षेत्र में चेंकिंग व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की तैनाती सहित थाने में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी देखेंगे।

### जेल से छूटने वाले अपराधियों पर रखें नजर

*कमिश्नर मिश्र ने जोन वार पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी को अपने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और जेल से रिहा होकर आने वाले निगरानी बदमाशों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एसीपी के जोन स्तर पर जनसुनवाई की जाए। जनसुनवाई से पहले जनसुनवाई का स्थान बता दिया जाए, ताकि लोग एसीपी की जनसुनवाई में अपनी शिकायत और स्थानीय मुद्दों को लेकर पहुंच सके। अगर कहीं भी कोई जुआ, सट्टा या कोई भी अनैतिक कार्य किया जा रहा है तो उसकी भी जानकारी लोग जनसुनवाई में दे सकेंगे।*



*बुधवार रात एक थाने में पहुंचकर सीपी मिश्र ने व्यवस्था का जायजा लिया।*



**बीट सिस्टम को बेहतर मजबूत करने के निर्देश**

*राजधानी के कमलापति रेलवे स्टेशन परिसर में बने बंसल वन मॉल में आए दिन विवाद और हंगामे की शिकायतें मिल रही हैं। चार दिन पूर्व ही जीआरपी के प्रधान आरक्षक के साथ मारपीट की घटना हुई है। इस तरह की घटना दोबारा न हो, इसलिए बंसल वन मॉल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने शहर में बेहतर पुलिसिंग हो ,इसके लिए बीट सिस्टम को भी बेहतर और मजबूत करने निर्देश दिए।*

# गोल्ड गिरवी रखने का झांसा देकर मुथुट फाइनेंस से तीन लाख की ठगी

## दूसरी फाइनेंस कंपनी में गोल्ड गिरवी होने का दिया झांसा
## आरोपी ने कहा, वहां से छुड़वाकर कंपनी में रख दूंगा गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित मुथुट फाइनेंस कंपनी को एक जालसाज ने तीन लाख रुपए का चूना लगा दिया।

आरोपी ने कंपनी को झांसा दिया कि उसका गोल्ड किसी दूसरी फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखा है। यदि मुथुट फाइनेंस कंपनी अधिक पैसा देगी तो वह गोल्ड उस कंपनी से निकालकर उनकी कंपनी में गिरवी रख देगा।

जरूरी कागजी कार्रवाई करने के बाद फाइनेंस कंपनी ने बिना सोना गिरवी रखे जालसाज को सवा तीन लाख रुपए का चेक थमा दिया। आरोपी चेक के माध्यम बैंक से नगदी निकालकर फरार हो गया। पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### शाखा में आने-जाने के कारण ठग की स्टाफ से हो गई थी पहचान

पुलिस के अनुसार वसंत देशपांडे रोहित नगर शाहपुरा स्थित मुथुट फायनेंस कंपनी के कर्मचारी हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि नर्मदापुरम निवासी राकेश चौरे नामक व्यक्ति का उनकी शाखा में आना-जाना था। वह पहले कंपनी में गोल्ड गिरवी रखकर लोन ले चुका था। इसलिए कई कर्मचारियों से उसकी पहचान भी थी। जनवरी 2025 में राकेश चौरे मुथुट फायनेंस कंपनी की रोहित नगर ब्रांच पहुंचा और मैनेजर से कहा कि उसने न्यू मार्केट स्थित एक गोल्ड लोन कंपनी में गोल्ड गिरवी रखकर लोन लिया है। यदि मुथुट फायनेंस अधिक पैसा देगा तो वह उस कंपनी से गोल्ड निकालकर यहां गिरवी रख दूंगा। मैनेजर इसके लिए तैयार हो गए।

### चेक क्लियर कराकर पैसा लेकर फरार

कंपनी के मुख्यालय से संपर्क करने के बाद जरूरी कागजी कार्रवाई की गई और राकेश चौरे को सवा तीन लाख रुपए का चेक थमा दिया। मैनेजर ने कहा था कि गोल्ड गिरवी रखकर ही वह चेक क्लियर करा सके। लेकिन जालसाज मुथुट कंपनी के दिए कागजात लेकर बैंक पहुंचा और चेक क्लियर कराकर पैसा लेकर फरार हो गया। उसने कंपनी में सोना गिरवी नहीं रखा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस की टीम फायनेंस कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# चाबी बनाने के नाम पर घर में घुसे बदमाश जेवर चुरा ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित भरत नगर में चाबी बनाने के बहाने घर में घुसे बदमाशों ने अलमारी से सोने के जेवरात चुरा लिए। चोरी गए जेवरात करीब चार तोले के हैं। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 57 साल के भूपेंद्र कुमार चौहान, भरत नगर पिपलानी में रहते हैं। पहले वह प्राइवेट काम करते थे, लेकिन एक्सीडेंट होने बाद से घर में रहते हैं। उनकी पत्नी प्राइवेट काम करती है। बुधवार को उनकी पत्नी काम पर गई थी। सुबह करीब पौने 12 बजे भूपेंद्र को बाहर से चाबी बनवाने वाले की आवाज आई। वे बाहर पहुंचे तो एक बुजुर्ग और उसके साथ मौजूद युवक को उन्होंने बुलाया। दोनों सिर पर पगड़ी बांधे हुए थे। भूपेंद्र ने उन्हें अपनी एक्सिस स्कूटर की चाबी बनाने का कहा। वे चाबी बनाने लगे। इसी बीच एक आरोपी ने पीने के लिए पानी मांगा। वे पानी लेने अंदर चले गए। इसी बीच एक बदमाश अंदर पहुंचा और अलमारी से जेवर चुरा लिए। चोरी करने के बाद आरोपियों ने स्कूटर की चाबी बनाकर दे दी। चाबी टेड़ी होने के कारण वह कहने लगा कि अभी दूसरी चाबी नहीं है। कल दूसरी चाबी लेकर आएंगे और चाबी बना देंगे।

### पत्नी आई तो अलमारी से चोरी हो चुके थे जेवर

भूपेंद्र सिंह की पत्नी घर लौटी तो उन्होंने अलमारी खोलने का प्रयास किया। इस दौरान अलमारी उनसे खुल नहीं रही थी। किसी तरह दंपती ने अलमारी खोली तो पता चला कि उसमें रखे जेवर नहीं है। पत्नी ने भूपेंद्र से पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने चाबी बनाने वालों को घर बुलाया था। इसके बाद दंपती थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

## खबर संक्षेप

### सोनिया देश की पहली एआईसीआई सर्टिफाइड इमेज मास्टर शेफ बनी

**भोपाल।** भारतीय स्कूल ऑफ इमेज मैनेजमेंट की संस्थापक



सोनिया दीवान को इमेज कंसल्टिंग के क्षेत्र में सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय सम्मान एआईसीआई सर्टिफाइड इमेज मास्टर शेफ से नवाजा गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ मप्र की सोनिया न केवल भारत की पहली, बल्कि विश्वभर में 25 से भी कम विशेषज्ञों में शामिल हो गई हैं जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

### अध्यक्ष पद के लिए दावेदार हुए सक्रिय

**औबेदुल्लागंज।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ऐलान किया है कि रायसेन जिले का कांग्रेस अध्यक्ष मई में बनाया जाएगा। इस घोषणा से औबेदुल्लागंज में कांग्रेस सक्रिय हो गई है। सबसे आगे नाम है संजय सिंह चौहान औबेदुल्लागंज, राजेंद्र सिंह तोमर, देवेंद्र सिंह गडरवास, दीपेश मीणा मंडीदीप एवं इरफान दुर्रानी बाड़ी के नाम उभरे हैं। अब देखना यह है कि लोकसभा चुनाव से खाली जिला अध्यक्ष के पद पर मई में नियुक्ति होती है या नहीं। औबेदुल्लागंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की दौड़ में कई नेता है, मगर मुस्लिम समाज, सिख समाज सहित अच्छी छवि के कांग्रेस कार्यकर्ता कहते हैं कि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अच्छी छवि वाला बने, जिसे सब पसंद करें।

### गैरिसन इंजीनियर इन्फ्रेंटी दफ्तर पर सीबीआई छापा

**भोपाल।** महू सैन्य छावनी में स्थित सेना से जुड़ी निर्माण इकाई गैरिसन इंजीनियर के दफ्तर पर गुरुवार सुबह सीबीआई ने छापा मारा। जानकारी के अनुसार गुरुवार के दिन सीबीआई के अधिकारी तीन वाहनों में सवार होकर यहां पहुंचे और दस्तावेजों की छानबीन की। फिलहाल सीबीआई या सेना की तरफ से इस छापे को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सीबीआई से जुड़े सूत्रों के अनुसार यह छापे सैन्य क्षेत्रों में कराए गए निर्माण कार्यों और उनकी गुणवत्ता की शिकायतों के बाद मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार सीबीआई की टीम ने यहां तकरीबन छह घंटों तक कागजों की पड़ताल की और अपने साथ कुछ दस्तावेज लेकर रवाना हो गई। मामले में जांच चल रही है।

### कमला नगर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित कंफर्ट प्लाजा में बुधवार शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने आत्महत्या के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। बिहार से परिजन भोपाल के लिए निकल गए है। शुक्रवार को उनके भोपाल पहुंचने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस अनुसार अनिस राज पिता अजय कुमार (25) मूलतः बिहार का रहने वाला था। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह प्रायवेट संस्था में काम कर रहा था। इन दिनों वह नेहरू नगर चौराहा के पास कंफर्ट प्लाजा में किराए के फ्लैट में रह रहा था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3894 | | |
| दिनः | 150 | 69 | 180 |
| रातः | 279 | 83 | 490 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 235 | 00 | 578 |
| रातः | 369 | 80 | 569 |

## पिपलानी थाना क्षेत्र में दीप मोहिनी कॉलोनी के पास हुई वारदात

# मीडियाकर्मी से देर रात मारपीट व लूटपाट का प्रयास, विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू मारा

### पिपलानी थाना पुलिस ने दर्ज किया मामूली धाराओं में प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र में दीप मोहनी कॉलोनी के पास देर रात मीडियाकर्मी से मारपीट और लूट के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोपियों का विरोध करने पर मीडियाकर्मी से चाकूबाजी भी की गई। इससे उन्हें हाथ और सिर में चोट आई है। उनका एम्स में इलाज चल रहा है। पिपलानी पुलिस ने मीडियाकर्मी की शिकायत पर केवल धारदार हथियार से हमला करने का प्रकरण दर्ज किया है।

**आरोपियों से भिड़ गए थे मीडिया कर्मी**



पुलिस ने बताया कि संजीव श्रीवास्तव, मीडिया संस्थान में वरिष्ठ पत्रकार हैं। 29 अप्रैल की देर रात डेढ़ बजे वह दफ्तर से घर जा रहे थे। वे दीप मोहिनी कॉलोनी के सामने पुलिया पर पहुंचे थे कि स्कूटर सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने संदीप से लूटपाट का प्रयास किया। संदीप आरोपियों से भिड़ गए और उन्हें पछाड़ दिया। इससे एक बदमाश ने चाकू निकालकर संदीप के पेट पर हमला किया था। संदीप ने चाकू का हमला हाथ से रोक लिया। अगला हमला बदमाश ने उनके सिर पर किया था। हमला करने के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल संदीप को एम्स में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है। पिपलानी थाना प्रभारी अनुराग लाल का कहना है कि फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस ने कुछ संदेहियों से पूछताछ की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ऑटो में आए बदमाशों ने किया चाकू से हमला, युवक को आई गंभीर चोट

रायसेन रोड स्थित सज्जाद पेट्रोल पंप के पास बुधवार शाम करोंद के एक बदमाश ने ऑटो चालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के समय वह अपने दोस्त के साथ एक्टिवा से पेट्रोल लेने गया था। उसी दौरान ऑटो में अपने एक साथी के साथ बदमाश ने यह कहते हुए हमला कर दिया कि आजकल बहुत ज्यादा उड़ रहा है। चाकू का वार बचाने के प्रयास में उसके हाथ में दो-तीन जगह गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार बाग दिलकुशा निवासी जावेद खान (35) ऑटो चलाता है। इससे पहले वह अस्सी फिट रोड पर चाय की दुकान का संचालन करता था। बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे जावेद अपने ऑटो में पेट्रोल भरवाने रायसेन रोड स्थित सज्जाद पेट्रोल पंप पहुंचा था। साथ में उसका दोस्त सलमान भी था। बताया जा रहा है कि इस बीच एक ऑटो में अपने साथियों के साथ करोंद का बदमाश अरबाज नाड़ा उर्फ बच्चा वहां आ धमका और गाली-गलौज करते हुए जावेद के साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर बदमाश ने चाकू निकालकर उसके चेहरे और सिर पर वार कर दिए, लेकिन जावेद ने अपने हाथ से चाकू के वार रोक लिए। इस प्रयास में उसके हाथ में गंभीर चोट आई है। आरोपी के फरार होने के बाद जावेद जहांगीराबाद थाने पहुंचा, वहां से उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

### वेतन और अनुभव प्रमाण-पत्र मांगा तो कर्मचारी को पीटा

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित मेट्रो प्लाजा में एक ग्राफिक्स डिजाइनिंग के दफ्तर में वेतन और अनुभव प्रमाण पत्र मांगने पहुंचे कर्मचारी से मारपीट करने और अंगूठा दांत से कांटने का मामला सामने आया है। कर्मचारी माखनलाल यूनिवर्सिटी का छात्र है और यहां ग्राफिक्स डिजाइनिंग का काम भी करता था।

**दांत से युवक का अंगूठा काटा**

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि विपिन सिंह पिता दिनेश सिंह (24) नेहरू नगर में रहता है और माखनलाल यूनिवर्सिटी में मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि वह मेट्रो प्लाजा में संचालित होने वाले ग्राफिक्स डिजाइनिंग के ऑफिस में वीडियो कटिंग और डिजाइनिंग का काम करता था। मूलतः भरतपुर राजस्थान निवासी विपिन सिंह को काम छोड़कर भरतपुर जाना था। बुधवार दोपहर करीब दो बजे वह ग्राफिक्स डिजाइनिंग के दफ्तर पहुंचा, वहां उसे प्रखर मलिक और उसका साथी मिला। विपिन ने बची हुई सैलरी और अनुभव प्रमाण पत्र देने की बात कही। इस पर वहां मौजूद प्रखर मलिक ने उसे अनुभव प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया। विपिन का कहना था कि अनुभव प्रमाण पत्र नहीं मिलने से वह दूसरी जगह काम नहीं कर सकेगा। इसी बात को लेकर विपिन की प्रखर और उसकी साथी से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी और आरोपियों ने विपिन के साथ मारपीट करते हुए उसके दांए अंगूठे में काट लिया।

## मादक पदार्थों के तस्करों पर कार्रवाई

# तस्करों की एक साल में 74 करोड़ 73 लाख रुपए की संपत्ति राजसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस की नारकोटिक्स विंग अब मादक पदार्थों के तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त करने में लगी है। इसके लिए अब मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में आरोपियों की संपत्ति को राजसात किया जा रहा है। तस्करों द्वारा अवैधानिक तरीके से बनाई गई संपत्ति को कब्जे में लेकर राजसात किए जाने से सरकार को राजस्व मिलता है।

**2024 में 22 मामलों में नारकोटिक्स की कार्रवाई**

वर्ष 2024 में देखा जाए तो इस तरह के 22 मामलों में नारकोटिक्स ने 74 करोड़ 73 लाख रुपए की संपत्ति को अटैच किया। इसके बाद उसे ट्रिब्यूनल की मदद से राजसात कर लिया। नारकोटिक्स का यह प्लान कारगर भी साबित हो रहा है। इसके लिए मादक पदार्थों की तस्करी का ग्राफ भी कम हो रहा है।

इस तरह के मामलों में सफेमा एक्ट के तहत संपत्ति को राजसात करने का प्रावधान है। पहले नारकोटिक्स विंग तस्करों की वित्तीय जांच करता है, जिसमें उनकी चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा अटैच किया जाजा है। वहीं राजसात करने के लिए तस्करों की संपत्ति के मामले को वित्त मंत्रालय के अधीन सफेमा ट्रिब्यूनल भेजा जाता है। ट्रिब्युनल इस तरह के मामलों की सुनवाई के बाद संपत्ति राजसात करने पर निर्णय देता है। हाल ही में नारकोटिक्स विंग के एडीजी केपी वेंकेटश्वर राव ने नारकोटिक्स अमले को निर्देश दिए है कि मादक पदार्थो की तस्करी के नेटवर्क में शामिल आरोपियों की चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा जुटाया जाए, ताकि बड़े मामलों में उनकी संपत्ति को अटैच किया जा सके।

# कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर कहा, बंद हो संविदा कर्मियों का शोषण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को मजदूर दिवस पर कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सरकार से संविदा कर्मचारियों का शोषण खत्म कर समान कार्य, समान वेतन की मांग की।

संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने प्रदर्शन के दौरान सभा में कहा कि सरकारें संविदा कर्मचारियों को आधा वेतन देकर पूरा काम लेती है। राठौर ने कहा कि संविदा कर्मचारियों को विभाग में रिक्त पदों पर नियमित किया जाना चाहिए, नियमित कर्मचारियों के समान क्रमोन्नति, पदोन्नति और समयमान वेतनमान मिलना चाहिए, इंक्रीमेंट, अनुग्रह राशि, सेवानृवत्ति पर नियमित कर्मचारियों के समान ग्रेच्यूटी मिलनी चाहिए, जिन विभागों की योजनाएं बंद हो रही हैं, वहां के संविदा कर्मचारियों को अन्य विभागों में मर्ज करना चाहिए, जो विभाग बंद हो गए हैं, उन संविदा कर्मचारियों को संविदा नौकरी से हटा दिया है या निष्काषित कर दिया है, उन संविदा कर्मचारियों को वापस लेकर विभागों में संविलियन जाएं। कुक्कुट विकास निगम सहित विभागों में जहां 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति लागू नहीं की गई है वहा पर नीति को लागू किया जाए।

## सीईआईआर पोर्टल के लॉन्च होने के बाद सफलता

# गुम हुए मोबाइल को चार दिन में आरपीएफ ने खोज निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेल मंडल रेलवे सुरक्षा बल ने दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर विगत दिनों सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल को लॉन्च किया था। इस पोर्टल को अभी एक माह भी पूरा नहीं हुआ और रेलवे सुरक्षा बल को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) भोपाल मंडल की साइबर सेल ने पहली बार दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल को खोज निकला। वह भी चार दिन में। फिर यात्री को लौटाकर एक ऐतिहासिक पहल की है।

आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि 25 अप्रैल को 'रेल मदद' पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें शिकायतकर्ता यात्री मुरु ने इटारसी स्टेशन पर उनका मोबाइल गुम बताया। उस दौरान यात्री ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई थी, इसलिए आरपीएफ साइबर सेल ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शिकायत का निपटान किया। साइबर सेल, भोपाल ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ब्लॉक किया, जिससे वह उपयोग में नहीं लाया जा सके। इस बीच 26 अप्रैल को मोबाइल को भोपाल क्षेत्र में ट्रेस किया गया। पता चला कि यह प्रवीन नामक व्यक्ति के पास है। उससे बात कर मोबाइल निकटतम आरपीएफ पोस्ट पर जमा कराने के लिए कहा गया। प्रवीन ने 30 अप्रैल को रानी कमलापति आरपीएफ थाने में मोबाइल जमा कर दिया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह पहला मौका है, जब भोपाल मंडल में पोर्टल के माध्यम से एक यात्री की खोई हुई संपत्ति को इतनी दक्षता के साथ बरामद किया गया है।

# देर रात तक हुए विवाह, 88 नवदंपतियों को भेंट किए उपहार, सुखमय जीवन का दिया आशीर्वाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

देर रात्रि तक जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज सिविन गार्डन में 81 विवाह एवं 7 निकाह कुल 88 विवाह हुए।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत औबेदुल्लागंज में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने उपस्थित होकर नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद, बधाई, उपहार देते हुए उनके जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, माधव यादव, लखन परमार, नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, बागीश अग्रवाल, सुरजीत सिंह बिल्ले, कोमल सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, पार्षद मनोज चौरसिया, सुजीत यादव, सुनील सेरिया, सुनील बाल्मीकि, ओपी गोंदिया, जिला सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अनुविभाग अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव, सीईओ वृंदावन मीणा, सीएमओ सुधीर उपाध्याय आदि



उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से सभी वर-वधू को आशीर्वाद दिया। विधायक सुरेंद्र पटवा की ओर से मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर मीडिया प्रभारी कोठारी ने सभी वर-वधू को शुभकामनाएं दी।

## जिंगल्स एवं फ्लेक्स, बैनर से होगा प्रचार-प्रसार

# सीडीजे ने नेशनल लोक अदालत के प्रचार रथ को किया हरी झंडी दिखाकर रवाना

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार आगामी 10 मई को जिला अदालत में आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार श्रीवास्तव ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुनीत अग्रवाल ने बताया कि इन प्रचार वाहनों द्वारा नेशनल लोक अदालत की जिंगल्स एवं फ्लेक्स बैनर के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार भोपाल के विभिन्न शहरी व सुदूरवर्ती ग्रामों में किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश



राजर्षि श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश संजय कुमार शाही, जिला न्यायाधीश संतोष कौल, सीजेएम अग्निनेंद्र कुमार द्विवेदी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुनीत अग्रवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी बीएम सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक खरे और सचिव मनोज श्रीवास्तव उपस्थित थे।


### शॉर्ट सर्किट से मावे की दुकान में लगी आग



**भोपाल।** पुराने शहर के मंगलवारा क्षेत्र में स्थित आनंद मावा भंडार में बुधवार देर रात आग लग गई। दुकान से धुआं निकलते देख स्थानीय रहवासियों ने सूचना फायर ब्रिगेड को दी। दो दमकलों के जरिए करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने आग को काबू कर लिया गया। आग लगने की वजह फ्रीज में शार्ट-सर्किट बताई जा रही है। स्थानीय रहवासी रहीम बेग ने बताया कि रात करीब तीन बजे आनंद मावा भंडार की दुकान से धुआं निकलता देखा गया। जब तक सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई आग भयानक रूप ले चुकी थी।

## मजदूर दिवस पर मजदूरों का सम्मान

# मुख्य चौराहे पर शेड न होने से धूप में परेशान होते हैं मजदूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मुख्य चौराहे पर अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दिनेश मेघानी, मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जगदीश सांवले, प्रवक्ता महेश गुरबानी, आत्माराम सूर्यवंशी, जीतू बलुवा, राजेश लोहट ने मजदूरों का सम्मान किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद अशोक मारण ने कहा कि मजदूरों को शेड न होने से बरसात, गर्मी में समस्या हो रही है, उसका जल्द निवारण हो, इसके लिए हम जल्द संबंधित अधिकारियों को शेड निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। इस अवसर पर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष जगदीश सांवले ने भी संबोधित किया।

# सरकार जल्द ही जारी करेगी आईएएस अफसरों के तबादलों की सूची, मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलने के बाद होगी जारी

हरिभूमि न्यूज. भोपाल

इस वर्ष 2025 में कई आईएएस अफसर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जबलपुर संभागायुक्त अभय कुमार वर्मा एक दिन पहले 30 अप्रैल को सेवानिवृत हुए। यहां जल्दी ही किसी आईएएस अफसर की नियुक्ति कर दी जाएगी। राज्य सरकार ने तबादलों की सूची तैयार कर ली है।

जल्दी ही यह सूची जारी कर दी जाएगी। इसी तरह 31 मई को दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन और 30 जून को सागर संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत भी रिटायर हो जाएंगे।

## 30 जून को सागर संभागायुक्त रावत रिटायर होंगे

मई को दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन सेवानिवृत्त होंगे




### जबलपुर संभागायुक्त वर्मा 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए

जबलपुर संभागायुक्त वर्मा 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद अब जबलपुर संभागायुक्त के पद के लिए सचिव स्तर के अधिकारी की पोस्टिंग होना है। प्रदेश के बड़े संभागों में शामिल जबलपुर आयुक्त बनने के लिए आईएएस अफसरों में लॉबिंग शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की हरी झंडी मिलते ही इसी सप्ताह किसी अधिकारी की पदस्थापना जबलपुर संभागायुक्त के पद पर कर दी जाएगी।

### एसीएस प्रमुख सचिव सचिव के भी होंगे तबादले

जीएडी सूत्रों के अनुसार जल्द ही कुछ अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अफसर भी इधर से उधर होंगे। इसके लिए सरकार की प्राथमिकता वाले कामों पर तेजी से काम करने वाले कुछ और अफसरों को मौका दिया जा सकता है। कई अधिकारियों के पास ज्यादा काम है, उनके कामों में बदलाव कर नई जिम्मेदारी देने की तैयारी भी शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार पंचायत और ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, महिला और बाल विकास विभाग में अफसरों को इधर से उधर किया जाएगा।

### मार्टिन की जगह किसी आईएएस अफसर की होगी नियुक्ति

इसी तरह सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की अपर सचिव शैलबाला मार्टिन भी 30 अप्रैल को रिटायर हो गई हैं। इसके बाद 31 मई को दतिया कलेक्टर मॉकिन का रिटायरमेंट है। इसलिए दतिया समेत कुछ अन्य जिलों के कलेक्टरों को बदला जा सकता है। वहीं सागर संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत का रिटायरमेंट जून में होना है। इसके साथ ही कई और जिलों के कलेक्टरों को भी बदला जा सकता है। ऐसे अफसरों की सूची बन रही है। सूत्रों ने बताया कि प्रदेश के कई ऐसे जिले हैं, जहां के कलेक्टरों का परफारमेंस ठीक नहीं है। संगठन के तौर पर उनकी शिकायतें हो रही है।

मंदसौर में किसानों की समृद्धि के लिए लगेगा मेला

# सीएम कल करेंगे कृषक सम्मेलन एवं कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ

खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र के इच्छुक निवेशकों से करेंगे संवाद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कृषि नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 3 मई को मंदसौर में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन एवं कृषि उद्योग समागम-2025 का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, जन-प्रतिनिधि, कृषक, उद्यमी, निर्यातक एवं एफपीओ प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आयोजन में खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए इच्छुक निवेशकों के साथ संवाद भी करेंगे, जिससे नए निवेशक मंदसौर जिले में निवेश के लिए आकर्षित होंगे और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मंदसौर जिला औषधीय और मसाला खेती में अग्रणी है। मेले के आयोजन से मंदसौर जिले में औषधीय फसलों को और अधिक बढ़ावा मिल सकेगा।

### संवाद कर हितलाभ वितरण करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

उन्नत कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए 3 मई को मंदसौर जिले के सीतामऊ में किसान मेला एवं एग्री-हॉर्टी एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समागम में आए अतिथि निवेशकों के साथ संवाद करेंगे और राज्य सरकार की योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। यह समागम प्रदेश के किसानों के लिए नवाचार, तकनीकी उन्नयन और उद्यमिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। किसान मेले में किसानों को उन्नत तकनीकों, बीज, आधुनिक कृषि उपकरणों, शासन की योजनाओं एवं कृषि प्रबंधन की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में आधुनिक कृषि यंत्रों, नवीनतम बीजों, संरक्षित खेती, प्राकृतिक कृषि, मत्स्य पालन, खाद्य प्र-संस्करण एवं जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही कृषि आधारित उद्योगों, एफपीओ, निर्यातकों हेतु संगोष्ठी एवं नेटवर्किंग सत्र आयोजित होंगे।

### विविध तरह के राज्य स्तरीय स्टॉल लगाए जाएंगे

कृषक सम्मेलन एवं एग्री-हॉर्टी एक्सपो में किसानों से जुड़े विविध तरह के राज्य स्तरीय स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉल्स के माध्यम से कृषकों को उन्नत तकनीकी, खेती-किसानी की जानकारी और नवाचारों के संबंध में बताया जाएगा। कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, एमपी एग्रो, एमएसएमई, मत्स्य, पशुपालन, नवकरणीय ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग द्वारा कृषि यंत्र, ड्रोन एवं उपकरण, पेस्टीसाइड आदि, बैंकर्स एवं फसल बीमा, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र, संरक्षित खेती, वर्मी बेड, मल्चिंग, पौंड प्लास्टिक लाइन, खाद्य प्र-संस्करण, ओडीओपी, बायोफलॉक एवं मत्स्य महासंघ का डिस्प्ले, चलित पशु चिकित्सा इकाई, गौशाला, सार्टेड सेक्सड सीमन, एंब्रियो ट्रांसफर तकनीक, सांची मिल्क पार्लर एवं मिल्क क्वालिटी टेस्टिंग, एग्री फोटो वॉल्टाइक एग्री स्टेक के स्टॉल लगाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### मजदूरों का पैर धोकर साफा बांधकर सम्मान

**भोपाल।** श्रमिक दिवस पर आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में श्रमिक सम्मान के अंतर्गत कार्यक्रम किए। नीमच में भी मजदूरों के पैर धोकर साफा बांधकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान आप प्रदेश प्रवक्ता इंजीनियर नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में देश के इस महत्वपूर्ण अंग अर्थात श्रमिकों के लिए कहीं पर भी बैठने की छायादार स्थान, पानी की व्यवस्था, रेन बसेरा, टॉयलेट जैसी मूलभूत व्यवस्था भी प्रदेश में उपलब्ध नहीं है। हम आज इस अवसर पाए संकल्प लेते है की आम आदमी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनते ही हम इन सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे।

### जाति जनगणना तेलंगाना मॉडल पर कराएं : पटेल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि जाति जनगणना कराने का फैसला देर आए दुरुस्त आए की तरह है। यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लंबे समय से मांग करते रहे हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमारा पीएम से आग्रह है कि केंद्र सरकार तेलंगाना और कर्नाटक की तर्ज पर जातीय जनगणना कराएं। यह मॉडल सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि 1992 से कांग्रेस पिछड़े वर्ग को उसका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# हरसूद को नए अस्पताल, स्कूल और सिंचाई परियोजना की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के जनजातीय वर्ग को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप जनजातीय भाई-बहनों के समग्र कल्याण के लिए पेसा नियमों को ध्यान में रखते हुए जनजातीय क्षेत्रों के विकास को और अधिक गति दी जा रही है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में बसे जनजातीय परिवारों को भी केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं जैसे पक्का मकान, निःशुल्क राशन और आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को खंडवा जिले के हरसूद में तेंदूपत्ता, वन समितियों और जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गरीब और जरूरतमंद के बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए हमारी सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार तेंदुपत्ता संग्राहकों को बोनस देकर प्रोत्साहित कर रही है। तेंदूपत्ता के शासकीय मूल्य में 1000 रुपए प्रति मानक बोरा की वृद्धि कर इसे 4000 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। प्रदेश में अभी 15 हजार वन समितियां हैं। जनजातीय समुदाय को स्व-रोजगार से जोड़ने में लघु वनोपज समितियां निरापद रूप से सर्वाधिक सक्षम हैं।

सीएम ने बुजुर्गों को टार्च और एफएम जैसी आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी का किया वितरण

हरसूद में वन समितियों एवं जनजातीय सम्मेलन का आयोजन



### प्रदेश में बुजुर्गों को सहारा और सम्मान देने वाली सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बुजुर्गों को आधुनिक जादू की छड़ी मिली है। प्रदेश में बुजुर्गों को सहारा और सम्मान देने वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार समृद्ध, सशक्त और विकसित मप्र बनाने के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेतों को सिंचित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सिंचाई का रकबा बढ़ने से सीधा लाभ किसानों को मिलेगा।

### जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में सहभागी हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय बुजुर्गों को टार्च और एफएम जैसी आधुनिक तकनीक से लैस छड़ी (स्टिक) का वितरण किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पात्रतानुसार हितलाभ के चेक, ई-रिक्शा प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने स्कूल, अस्पताल जैसे विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी किया। उन्होंने हरसूद में जल संरक्षण के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के उद्देश्य विषय पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरसूद को विकास कार्यों की सौगात दी, जिनमें 20 करोड़ की लागत की नया अस्पताल, सांदिपनि आदर्श विद्यालय, 45 करोड़ की लागत से नई सिंचाई परियोजना शामिल है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, मंत्री डॉ. विजय शाह, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित थे।

### नई औद्योगिक क्रांति से संवरेगा मध्य प्रदेश के युवाओं का भविष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां सबसे ज्यादा टाइगर हैं। देश में चीता भी मप्र में ही हैं। सरकार वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा देकर युवाओं को गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर पर्यटन रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस)- 2025 प्रदेश में औद्योगीकरण की नई शुरुआत है, जिसमें 30 लाख करोड़ रुपए के ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### जल, जंगल, जमीन के संरक्षण में जुटी मप्र सरकार : उइके

केंद्रीय राज्यमंत्री उइके ने कहा कि मप्र में 70 आवासीय विद्यालय शुरू किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनजातीय समुदाय के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में जुटी है। प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी नेतृत्व से मध्यप्रदेश अब स्वर्णिम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। प्रदेश में जनजातीय समाज के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। कार्यक्रम को जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह ने भी संबोधित किया।

न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों का हो सकेगा सामूहिक विवाह

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के नए संशोधन 15 मई से होंगे प्रभावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना में किए गए संशोधन 15 मई से प्रभावी होंगे। नए संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के लिए चार तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस), एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार निर्धारित की जा सकती है। योजना के तहत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगे, जिन्हें योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सोनाली वायंगणकर ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग की दृष्टि से योजना की तिथियों का निर्धारण किया गया है।

प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाएगी कांग्रेस

# जातिगत जनगणना सम्मेलन में शामिल होने राहुल गांधी आएंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस भोपाल में जातिगत जनगणना को लेकर प्रदेश व्यापी जनजागरूकता अभियान चलाएगी। इसके लिए भोपाल में जातिगत जनगणना को लेकर एक बड़ा सम्मेलन भी होगा। जिसमें लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को न केवल राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया, बल्कि भाजपा की वंचित-विरोधी नीतियों की पोल खोल दी। 2023 से 2024 तक उन्होंने संसद, रैलियों और सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को आंधी की तरह उठाया।

### जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करेंगे

पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी की यह लड़ाई केवल जातिगत जनगणना तक सीमित नहीं है। वे हर उस मुद्दे पर डटकर लड़ते हैं, जो समाज के कमजोर वर्गों को प्रभावित करता है। मध्यप्रदेश कांग्रेस उनके नेतृत्व में भाजपा की जनविरोधी नीतियों को और बेनकाब करेगी। हम मध्यप्रदेश की जनता से अपील करते हैं कि वे राहुल गांधी के इस विजनरी नेतृत्व का समर्थन करें और सामाजिक समानता, न्याय, और प्रगति के इस यज्ञ में शामिल हों। भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि राहुल गांधी की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उनकी सामाजिक संवेदनशीलता, और जनता के प्रति समर्पण ने उन्हें देश का सबसे विश्वसनीय और जुझारू नेता बनाया है।

### यह जीत राहुल गांधी के लंबे संघर्ष का हिस्सा


पटवारी ने कहा कि यह राहुल गांधी का अडिग संकल्प और मध्यप्रदेश कांग्रेस का साथ था, जिसने भाजपा को इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना की यह जीत राहुल गांधी की उस लंबी लड़ाई का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को न केवल उजागर किया, बल्कि उन्हें वापस लेने के लिए बाध्य किया। पटवारी ने बताया राहुल गांधी के दबाव में केंद्र सरकार को कई बार बैकफुट पर आना पड़ा, जिसमें कृषि कानूनों की वापसी (2021), अग्निवीर योजना में सुधार (2024), ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज बिल की वापसी (2024), लेटरल एंट्री भर्ती रद्द (2024) सहित कई उदाहरण देते हुए इसे राहुल गांधी की जीत बताया।

# उचित वेतन के लिए अंशकालीन कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को खून से लिखा पोस्टकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरूवार को मजदुर दिवस के अवसर पर अंशकालीन कर्मचारियों ने खून से अपनी मांगों का मांगपत्र लिखकर मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड किया है। खून से पोस्टकार्ड लिखने वालों में मंगल सिंह गंधवानी, आदित्य सिसोदिया, चंपा वारटी, जयंती उईके, प्रमिला धुर्वे, लीला चौहान, सीता नायक, राम प्रसाद आदि शामिल थे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के 50 हजार अंशकालीन कर्मचारियों को 10 साल की सेवा पूर्ण होने के बावजूद भी कलेक्टर दर का वेतन नहीं दिया जा रहा है।

आठ घंटे सेवा करने के बाद भी मात्र पांच हजार वेतन प्रतिमाह अंशकालीन कर्मचारियों को दिया जा रहा है। वहीं पीएफ, बीमा, पेंशन, अवकाश सुविधा



का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। लगातार अंश कालीन कर्मचारियों की मांगों की उपेक्षा की जा रही है। मजदूर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री को अपने खून से पोस्टकार्ड लिख कर मांग मंजूर करने की गुहार लगाई है।

जूडा ने किया डीएमई डॉ. अरूणा कुमार का विरोध

# डॉ. अरुणा कुमार को बनाया डीएमई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल हेल्थ मिशन में संचालक के पद पर पदस्थ डॉ. अरुणा कुमार को शासन ने संचालक चिकित्सा शिक्षा (डीएमई) के पद का प्रभार सौंपा है। यह पद डॉ. एके श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद रिक्त था। डॉ. एके श्रीवास्तव 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए हैं।



उनके रिटायरमेंट के बाद शासन ने एक मई को आदेश जारी करते हुए डॉ. अरुणा कुमार को संचालक चिकित्सा शिक्षा का कार्यभार भी सौंप दिया है। बता दें कि डॉ. अरुणा कुमार गांधी मेडिकल कॉलेज में गायनिक विभाग की एचओडी और जीएमसी डीन रह चुकी हैं। कुछ समय पहले शासन ने उनकी पदस्थापना एनएचएम में बतौर संचालक की थी। अब वह डीएमई का कार्यभार भी संभालेंगी।

### जूडा शासन को पत्र लिख निर्णय वापस लेने की मांग करेगा

डायरेक्टर ऑफ मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) के पर पदस्थ की गई डॉ. अरूणा कुमार का विरोध शुरू हो गया है। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) ने इस नियुक्ति पर गंभीर आपत्ति जताते हुए शासन को पत्र सौंपा है और इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है। पत्र में जूनियर डाक्टरों ने आरोप लगाया है कि डॉ. अरूणा कुमार की पूर्व कार्यशैली विवादास्पद रही है और उनके कार्यक्रमों में तानाशाही व प्रशासनिक अव्यवस्था देखने को मिली है। जूडा अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता ने बताया कि इस पद पर किसी निष्पक्ष, योग्य और छात्रहित में कार्य करने वाले अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए थी। डॉ. अरूणा कुमार की नियुक्ति को निरस्त कर पुनः विचार किया जाए और एक योग्य अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए।

राजभवन में संयुक्त समारोह में मनाया हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात का स्थापना दिवस

# राज्यों का स्थापना दिवस नए भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रसंग

राज्यपाल पटेल का किया गया अभिनंदन, राज्यों से आए लोक कलाकारों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि राज्यों का स्थापना दिवस नए भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रसंग है। समारोह, राज्य के विकास, खुशहाली के लिए सबके विश्वास, साथ और प्रयासों से नव निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अखंड भारत के सभी राज्य भारत माता के वह सपूत है, जिन्होंने अपनी धरोहर, संस्कृति और परंपराओं के सम्मान के साथ राष्ट्र के गौरव को बढ़ाया है। समय की जरूरत है कि हमारी गौरवशाली आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में प्रत्येक नागरिक योगदान का संकल्प लें और एक भारत को श्रेष्ठ, भारत बनाए।

राज्यपाल पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में आयोजित महाराष्ट्र, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता एवं प्रदेश में निवासरत तीनों राज्यों के मूल निवासी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल का समारोह में तीनों राज्यों के प्रतिनिधियों ने उनके राज्य की परंपरा अनुसार अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया।




### महाराष्ट्र राज्य का पौराणिक और सांस्कृतिक इतिहास

राज्यपाल पटेल ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य का पौराणिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास गौरवशाली और अद्भुत है, जहां भगवान श्रीराम ने वनवास काल में लक्ष्मण और सीता के साथ पंचवटी कुटी बनाई थी। महाराष्ट्र के भगवान विठोबा (विठ्ठल) के उपासक संतों, संत ज्ञानेश्वर, संत नामदेव, संत तुकाराम, संत एकनाथ, संत चोखामेला और संत गाड़गे महाराज आदि ने वैदिक, वेदांत, गीता, रामायण के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया है।

### हिमाचल प्रदेश के गददी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश से आए चम्बा लोक कला मंच के 16 कलाकारों के दल ने जनजातीय क्षेत्र भरमौर के हर गांव, हर घर एवं हर त्यौहारों एवं विवाह में किए जाने वाले हिमाचल प्रदेश के गददी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। यह नृत्य हिमाचल प्रदेश के जिले चम्बा के जनजातीय क्षेत्र भरमौर का लोक नृत्य है। नृत्य में गददी पुरुष चोला डोरा और टोप डालकर एवं गददी महिलाएं लुआचडी डोरा डालकर नृत्य करते है।

### जय-जय गरवी गुजरात से मंच को गुंजायमान कर दिया

मराठी समाज जबलपुर और मराठी समाज भोपाल के दल ने गणेश वंदना, जय महाराष्ट्र माझा, मी अहिल्या होनार, कोली नृत्य एवं लेझिम का प्रदर्शन किया है। गुजरात राज्य का लोक नृत्य मांडवी, डांडिया रास एवं टिप्पनी प्रस्तुतियों ने जय-जय गरवी गुजरात से मंच को गुंजायमान कर दिया। समारोह में मप्र के इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से संबंधित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

### मुख्यमंत्री ने गुजरात, महाराष्ट्र के स्थापना दिवस की दीं शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ महादेव और श्री द्वारिकाधीश के आशीर्वाद से पल्लवित गुजरात की पावन धरा विकास के नए आयाम गढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल के नेतृत्व में सांस्कृतिक धरोहर, लोक कला व संस्कृति से समृद्ध गुजरात उत्तरोत्तर प्रगति करे, यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराष्ट्र के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाराष्ट्र वीरों की शौर्यगाथाओं, संतों की वाणी और जनसेवा के संकल्प की धरती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहे और नागरिकों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली का संचार हो, यही कामना है।

# नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी को मार दी गोली

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| कुसमी

थाना क्षेत्र से लगे सरहदी गांव ओरसापाठ में बीती रात नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी को आग के हवाले करने के साथ ही ठेकेदार के मुंशी की गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि घटना झारखंड की सीमा में आने वाले लातेहार के महुआडांड का है लेकिन पड़ोसी गांव में हुए इस नक्सली हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस हमले के पीछे की मुख्य वजह अवैध लेवी वसूली को बताया जा रहा है। बता दें कि जिले के सामरी पाठ थाना क्षेत्र से साफे हुए पड़ोसी जिले झारखंड के लातेहार अंतर्गत महुआडांड के ग्राम ओरसापाठ में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। इस बीच बीती रात हथियारबंद नक्सलियों ने हमला बोला। नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया इसके साथ ही निर्माण कार्य करा रहे मुंशी 55 वर्षीय अयूब खान आ. हमीबूद्दीन को गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



### झारखंड में हुई है घटना

यह पूरा मामला लेवी वसूली से जुड़ा है। घटना स्थल झारखंड की सीमा में आता है। हमारी झारखंड पुलिस से बात हुई है और अगर उन्हें किसी मदद की जरूरत होगी तो हमारी ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

**- वैभव बैंकर** रमनलाल एसपी बलरामपुर

## एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म की रिपोर्ट में खुलासा

# देश की 28% महिला सांसद-विधायक पर आपराधिक मामले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में 28 प्रतिशत यानी कुल 143 महिला विधायकों और सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है। वहीं, कुल 17 महिला सांसद और विधायक हैं जिन्होंने खुद को अरबपति घोषित किया है। इन 17 अरबपति सांसदों और विधायकों में लोकसभा की 75 महिला सांसदों में से छह, राज्यसभा की 37 में से तीन और राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं की 400 महिला विधायकों में से आठ शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल 513 महिला सांसद और विधायक हैं, जिसमें से 512 ने हलफनामे पेश किए हैं।




### 71 प्रतिशत विधायक हैं स्नातक

महिला विधायकों की शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो 71 प्रतिशत स्नातक हैं या उच्च डिग्री रखती हैं। लगभग 24 प्रतिशत ने कक्षा 5 से 12 तक पढ़ाई की है, जबकि 12 महिला विधायकों के पास डिप्लोमा है। अन्य 12 ने खुद को केवल साक्षर बताया है।

### महिला कानून निर्माताओं पर आपराधिक केस

आपराधिक मामलों में 75 लोकसभा महिला सांसदों में से 24 व 37 राज्यसभा महिला सांसदों में से 10 और 400 महिला विधायकों में से 109 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसके अलावा, 78 महिला सांसदों पर हत्या के प्रयास और हत्या जैसे गंभीर आपराधिक आरोप भी दर्ज हैं। इसमें 75 लोकसभा महिला सांसदों में से 14, 37 राज्यसभा महिला सांसदों में से 7 और 400 महिला विधायकों में से 57 ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की जानकारी दी है।

# विमान ईंधन-कमर्शियल सिलेंडर सस्ता, एटीएम से कैश लेना महंगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

1 मई 2025 से देशभर में बैंकिंग और रेलवे से जुड़े कई बड़े बदलाव लागू हो गए हैं, जिनका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। अब एटीएम से मुफ्त ट्रांजैक्शन की सीमा कम कर दी गई है और शुल्क बढ़ा दिया गया है।



रेलवे ने वेटिंग टिकट को केवल जनरल कोच तक सीमित कर दिया है, जिससे स्लीपर या एसी कोच में यात्रा संभव नहीं होगी। इस बीच, राहत की खबर यह है कि 1 मई से विमान ईंधन 1,401.37 रुपए प्रति किलोलीटर और कमर्शियल सिलेंडर 14.50 रुपए सस्ता हुआ है। गौरतलब है कि हर महीने की पहली तारीख देशवासियों के लिए कई नए नियम लेकर आती है, जो आम जनजीवन और जेब दोनों को प्रभावित कर सकते हैं। 1 मई 2025 से भी कई अहम बदलाव लागू हो गए हैं, जिनका सीधा असर आपकी वित्तीय योजनाओं, बैंकिंग गतिविधियों और यात्रा पर पड़ेगा।

### एटीएम से कैश निकालना महंगा

अब मेट्रो शहरों में एक महीने में केवल 3 बार और गैर-मेट्रो शहरों में 5 बार मुफ्त लेनदेन की सुविधा मिलेगी। इसके बाद हर ट्रांजैक्शन पर 23 रुपये तक का चार्ज देना होगा। एटीएम से बैलेंस चेक करने पर अब 7 रुपए शुल्क लगेगा जो पहले 6 रुपए था।

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-क्र. 1, भोपाल
पंचानन भवन, द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673196, E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्रमांक : लउनि/निर्माण/संभाग-क्र. 1, भोपाल/2025-26/21
भोपाल, दिनांक 29.04.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं :-
**कार्य का नाम** - 1. औद्योगिक क्षेत्र पगारियाराम तहसील आष्टा जिला सीहोर में सीमेंट कांक्रीट रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, ह्यूम पाइप कल्वर्ट एवं समतलीकरण निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 746.51 लाख। 2. औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा तहसील हुजूर जिला भोपाल में सीमेंट कांक्रीट रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, ह्यूम पाइप कल्वर्ट, समतलीकरण एवं साइन बोर्ड निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 268.53 लाख। 3. औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा तहसील हुजूर जिला भोपाल में ओवरहेड टैंक, सम्पवेल एवं जलप्रदाय मय ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 59.75 लाख। निविदाओं की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 13.05.2025 सायं 05.30 बजे।** निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।
म.प्र. माध्यम/119860/2025 महाप्रबंधक (सं./नि.)

# भोपाल में मुस्लिम समाज ने फाड़ा पाक का झंडा, कहा सेना की तरह फ्री हैंड दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भोपाल में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। मुस्लिम युवा गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बॉर्डर पर जाकर भारतीय सेना के साथ काम करने की अनुमति मांगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर को समाज के लोगों के नाम और मोबाइल नंबरों की सूची भी सौंपी गई।

युवाओं ने कहा कि आतंकवाद की इस कायराना हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध स्वरूप मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान का झंडा फाड़कर उसे पैरों तले रौंदा। वार्ड 41 के पार्षद मोहम्मद रेहान मुस्लिम समाज के लोगों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब समय आ गया है जब देश का मुस्लिम समाज दुश्मनों को करारा जवाब दे। ज्ञापन में लिखा




गया है कि हम अपने मादरे-वतन के लिए हर प्रकार के बलिदान को तैयार हैं। देश की रक्षा के लिए हम बॉर्डर पर जाकर सेना का साथ देना चाहते हैं। कृपया हमें अनुमति प्रदान की जाए। हम वचन देते हैं कि अनुशासन और समर्पण के साथ सेना के निर्देशों का पालन करेंगे।

## पेज एक का शेष...

### विवाह में सिर्फ वर-वधू ...

लालन-पालन और प्यार उसे ससुराल में मिलेगा। इस विश्वास के साथ ही बेटी के माता-पिता उसे वर को सौंपते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के गढ़ाकोटा में 23 वें वृहद सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 3 हजार 219 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कन्यादान समारोह प्रत्येक वर्ष पूर्व मंत्री व विधायक गोपाल भार्गव आयोजित करते हैं। यह उनका 25 वां रजत जयंती समारोह है। समारोह में बुंदेलखंड क्षेत्र की गरीब, असहाय, विधवा, निः शक्त कन्याओं के विवाह होते हैं। भार्गव ने पहली बार 2001 में गरीब कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित किया था। अभी तक में कन्यादान समारोह के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। भार्गव ने 2016 में अपने बेटे व बेटी की शादी भी इसी समारोह में किया था। इस दौरान शासन की ओर से नकद राशि के अलावा विभिन्न प्रकार की गृहस्थी में उपयोगी उपहार सामग्री उनकी ओर से प्रदान की जाती है। इस मौके पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, धर्मेन्द्र सिंह लोधी, लखन पटैल, सांसद सागर श्रीमती लता वानखेडे, दमोह सांसद राहुल सिंह, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया कई विधायक व पूर्व मंत्री् युवा नेता अभिषेक दीपू भार्गव ने भी नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन के शुभारंभ पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

**कल्याणियों का पुनर्विवाह एक अच्छी पहलः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सनातन धर्म में सभी की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की गई है। मुझे विश्वास है कि वर पक्ष के परिवार बहु को बेटी के समान ही प्यार और सम्मान देगें। उन्होंने कहा कि गढ़ाकोटा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में निकाह के साथ पुनर्विवाह भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणियों का पुनर्विवाह एक अच्छी पहल है। यह पवित्र कार्य है। मुख्यमंत्री ने जन-प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील करते हुए कहा कि वे कल्याणियों के पुनर्विवाह में उनका सहयोग करें।

### भारत के हमले के खौफ...

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार को हटा दिया गया था। डॉ. मोईद यूसुफ उस समय एनएसए के रूप में कार्यरत थे। इसके बाद जब भारत का डर दिखा तो आनन फानन में आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया है। लेफ्टिनेंट जनरल मलिक, जो वर्तमान में पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं, एनएसए का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। वह देश के दसवें एनएसए हैं, लेकिन यह पहली बार है कि किसी कार्यरत आईएसआई प्रमुख को दो प्रमुख पदों पर एक साथ कार्य करने का कार्य दिया गया है। मलिक को अक्टूबर 2024 में आईएसआई का महानिदेशक नियुक्त किया गया। अधिसूचना में कहा गया है कि लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक एचआई (एम), महानिदेशक (आई), तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

**अरब सागर का 'बाज', फोड़ देगा दुश्मन की आंख, जंगी जहाज तैनातः** भारतीय नौसेना अरब सागर में पूरी तरह से एक्टिव है। वे भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में लगातार अभ्यास कर रहे हैं। इसका मकसद समुद्री सुरक्षा को और भी मजबूत करना है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, भारतीय युद्धपोत हाई अलर्ट पर हैं।

हाल ही में, जहाजों को डुबोने और विमानों को मार गिराने के लिए कई फायर किए गए। इससे पता चलता है कि नौसेना किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह अभ्यास दुश्मनों में डर पैदा कर रहा है।

भारतीय तटरक्षक बल ने भी गुजरात तट के पास अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास अपने जहाज तैनात किए हैं।

### पाक ने एक महीने ...

समुद्री रूप से अलग-थलग कर सकता है। लेकिन यहां हमला हुआ तो हजारों जानें जाएंगी, और लाखों शरणार्थी बनेंगे।

### बैसरन घाटी पहुंचे ...

हाथ में ले लिया और इस हमले की जांच शुरू कर दी। केंद्रीय आतंकवाद निरोधी एजेंसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गृह मंत्रालय के आतंकवाद निरोधी और कट्टरपंथ निरोधी (सीटीसीआर) प्रभाग से जारी आदेश के बाद शनिवार देर रात औपचारिक रूप से एक नई प्राथमिकी दर्ज की।

### पाकिस्तानी नागरिकों की ....

अब अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान जा सकते हैं। यह अनुमति अगले आदेश तक जारी रहेगी। इधर, गुरुवार को पाकिस्तान ने अटारी बॉर्डर के गेट नहीं खोले। ऐसे में अल्पकालिक वीजा पर भारत आए वो पाकिस्तानी जो अपने घर वापस लौट रहे थे, वो अटारी-वाघा बॉर्डर पर फंस गए।

### जबलपुर की नाबालिग...

का है। यहां की सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा के परिजनों ने पुलिस में शिकायत की है। छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसकी स्नैपचैट पर एक व्यक्ति से दोस्ती हुई। आरोपी ने उसे मंडला बुलाया और एक स्थान पर रोका, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। मंडला निवासी आरोपी राजन छात्रा को मिलने के लिए मंडला बुलाया। छात्रा जब मंडला पहुंची तो आरोपी उसे अपने एक दोस्त के कमरे पर ले गया। यहां पर उन लोगों ने छात्रा को अपनी हवस का शिकार बना डाला। पुलिस ने राजन और उसके साथी के खिलाफ अपहरण और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस का दावा है कि आरोपी जल्दी ही पकड़ लिए जाएंगे।

### बुधनी में एक साल...

पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल सकेगा। यह बुधनी वन परिक्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर वन्य प्राणी की दूसरी मौत का मामला है। वन विभाग के अधिकारी घटना की गहन जांच कर रहे हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किस वाहन की टक्कर से शावक की मौत हुई।

### बोला-किसी के वश...

किया, जबकि पहले ही कोर्ट ने ऐसे बयानों पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने कहा कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं। कोर्ट उन्हें प्रथम दृष्टया अपने पिछले आदेश की अवमानना करते हुए पाया। रामदेव के वकील ने कहा कि बाबा रामदेव ने अदालत के निर्देशानुसार 24 घंटे के भीतर सोशल मीडिया सहित सभी सार्वजनिक प्लेटफार्मों से वीडियो के विवादास्पद हिस्से को हटाने पर सहमति जताई है। यह मामला हमदर्द नेशनल फाउंडेशन (इंडिया) द्वारा रामदेव और पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ पतंजलि के गुलाब शरबत को बढ़ावा देते समय दिए गए आपत्तिजनक बयानों को लेकर दायर की गई याचिका से संबंधित है। प्रचार सामग्री में रामदेव ने कथित तौर पर दावा किया था कि रूह अफजा की बिक्री से प्राप्त आय का उपयोग मदरसों और मस्जिदों के निर्माण में किया जा रहा है और इसे शरबत जिहाद कहा गया था।

### बेकाबू कार डिवाइडर...

में बारात आई थी। रात लगभग 2:30 बजे एक गाड़ी से कुछ लोग वापस अपने गांव जा रहे थे। भदौरा के पास उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन घायल हैं। दो घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### गोदी में उठाकर....

की तबीयत बिगड़ गई थी। तब से वह एक नर्सिंग होम में भर्ती थी। दोनों परिवारों ने अस्पताल में ही शादी करवाने का फैसला लिया, क्योंकि अगला मुहूर्त दो साल बाद का था। नंदिनी को पहले कुंभराज और बीनागंज के अस्पतालों में दिखाया गया, लेकिन हालात गंभीर होने पर ब्यावरा के पंजाबी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था।
यहां वह धीरे-धीरे रिकवर हो रही थीं, परंतु डॉक्टरों ने उन्हें सख्त बेड रेस्ट की सलाह दी थी। ऐसे में परिवार ने फैसला लिया कि विवाह को अस्पताल में ही कराया जाए। अस्पताल प्रबंधन ने भी उनकी बात मान ली।

### आज खुलेंगे केदारनाथ...

के कारीगर कर रहे हैं। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद 6 महीनों तक भक्त दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच अगर मौसम सही रहता है, तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है।




आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक



R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15




## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** – मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** – आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** – किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।


## शब्द पहेली - 5854



**बाएँ से दाए-**
1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5853 का हल



## सूडोकू नवताल - 5864



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल - 5863 का हल



# लैम्बॉर्गिनी ने भारत में लांच की अपनी सुपर कार 'टेमेरारियो', कीमत 6 करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लैम्बॉर्गिनी ने अपनी नई टेमेरारियो सुपरकार को भारत में लांच कर दिया है। इसने सिर्फ 9 महीने पहले इंटरनेशनल डेब्यू किया था। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6 करोड़ (ऑप्शन्स छोड़कर) है। ये मशहूर हरिकेन का अगला वर्जन है। टेमेरारियो में 4.0 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया गया है, जो अकेले ही 800एचपी की ताकत और 730एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ तीन इलेक्ट्रिक मोटर भी जोड़े गए हैं। यह कुल 920एचपी की पावर जेनरेट करने में सक्षम है। इसकी टॉप स्पीड 340+ किमी/घंटे की है। वहीं ये कार 0 से 100 किमी/घंटे की स्पीड सिर्फ 2.7 सेकंड में पकड़ लेती है। एसी चार्जिंग से 30 मिनट में चार्ज हो जाती है। लैम्बॉर्गिनी का दावा है कि ये दुनिया का सबसे ताकतवर और तेज घूमने वाला वी8 इंजन है, जो 10,000आरपीएम तक रेव कर सकता है।

- टेमेरारियो में 4.0 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया गया

## यह कार मशहूर हरिकेन का अगला वर्जन है

### टेक्नोलॉजी का शानदार मेल

टेमेरारियो का केबिन फाइटर जेट से इंस्पायर है। इसमें 12.3-इंच का डिजिटल क्लस्टर, 8.4-इंच फ्लोटिंग टचस्क्रीन और 9.1-इंच का पैसेंजर डिस्प्ले मौजूद है। इसमें 18-वे पावर एडजस्टेबल सीट्स (हीटिंग और वेंटिलेशन के साथ) दी गई हैं। ऑगमेंटेड रियलिटी नेविगेशन, ऑनबोर्ड टेलीमेट्री और डैशकैम दिया गया है। इसमें 6 फीट 5 इंच तक के ड्राइवर हेलमेट के साथ आराम से फिट हो सकते हैं।



### पहली बार ड्रिफ्ट मोड के साथ

टेमेरारियो में पहली बार ड्रिफ्ट मोड दिया गया है। यानी आप इसमें कंट्रोल के साथ स्टाइलिश स्लाइड भी कर सकते हैं। इसमें चार ड्राइव मोड सिट्टा (सिर्फ इलेक्ट्रिक मोड), स्ट्राडा (सड़क के लिए), स्पोर्ट्स (तेज रफ्तार के लिए) और कोरसा (ट्रैक के लिए) दिया गया है। रेकिंग की बात करें तो टेमेरारियो में 410 एमएम के अल्युमिनियम डिस्क ब्रेक्स फ्रंट में हैं और रियर में 390एमएम के ब्रेक्स हैं। ये सिर्फ 32 मीटर में 100 से 0 किमी/घंटा की रफ्तार रोक सकती है।

### टेमेरारियो का मुकाबला किससे?

टेमेरारियो भारत में जिन सुपरकार्स से टक्कर ले रही है, वो फेरारी 296 जीबीटी (कीमत- 5.4 करोड़) और मेकलारेन आरटुरा (कीमत- 5.1 करोड़) हैं। लेकिन, कीमत ज्यादा होने के बावजूद टेमेरारियो ज्यादा पावर, ज्यादा फीचर्स और ज्यादा स्टाइल लेकर आती है। अगर आप सिर्फ स्पीड नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी, लक्जरी और एक्सक्लूसिविटी भी चाहते हैं तो लैम्बॉर्गिनी टेमेरारियो आपके लिए एक परफेक्ट सुपरकार है। 6 करोड़ की कीमत पर ये सिर्फ एक कार नहीं, बल्कि एक पावरफुल स्टेटमेंट है।

## खबर संक्षेप

### टीवीएस मोटर की ब्रिकी बढ़कर 4,43,896 इकाई





**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल में कुल बिक्री सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 4,43,896 इकाई रही। कंपनी की अप्रैल 2024 में बिक्री 3,83,615 इकाई रही थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो अप्रैल 2024 की 3,74,592 इकाई से बढ़कर अप्रैल 2025 में 4,30,330 इकाई हो गई।

### महिंद्रा की बिक्री में 19 प्रतिशत का इजाफा




**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लि. के वाहनों की बिक्री पिछले महीने अप्रैल में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 84,170 इकाई रही। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि घरेलू बाजार में पिछले महीने उसके एसयूवी की बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 52,330 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 41,008 इकाई थी।

### टाटा मोटर्स की कुल बिक्री अप्रैल में छह प्रतिशत गिरी





**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स लिमिटेड की अप्रैल 2025 में कुल बिक्री 6.1 प्रतिशत घटकर 72,753 इकाई रह गई। कंपनी ने अप्रैल 2024 के दौरान कुल 77,521 वाहन बेचे थे। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल 2024 में 76,399 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने कुल घरेलू बिक्री सात प्रतिशत घटकर 70,963 इकाई रह गई।

### टोयोटा की बिक्री अप्रैल में 33 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अप्रैल में थोक बिक्री सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 27,324 इकाई हो गई। मोटर वाहन विनिर्माता की अप्रैल 2024 में थोक बिक्री 20,494 इकाई रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बयान में कहा, पिछले महीने घरेलू बिक्री 24,833 इकाई रही जबकि निर्यात में 2,491 इकाई रहा।

### किआ इंडिया की घरेलू बिक्री 18 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** किआ इंडिया की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 23,623 इकाई हो गई। कंपनी ने अप्रैल 2024 में 19,968 इकाइयां बेची थीं। अप्रैल 2024 में उसने सोनेट की 8,068 इकाइयां बेचीं, मध्यम आकार की एसयूवी सेल्टोस की 6,135 इकाइयां बेचीं। कैरेंस की 5,259 इकाई और हाल ही में पेश की गई साइरोस की 4,000 इकाइयां बेची गईं।

### वीईसीवी की बिक्री 27 फीसदी बढ़कर 6,846 इकाई रही




**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स लिमिटेड की इकाई वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की कुल बिक्री अप्रैल 2025 में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर 6,846 इकाई हो गई। वोल्वो समूह और आयशर मोटर्स के संयुक्त उद्यम वीई कमर्शियल व्हीकल्स (वीईसीवी) ने अप्रैल 2024 में 5,377 इकाइयां बेची थीं। आयशर मोटर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, अप्रैल 2025 की बिक्री में आयशर ब्रांड की 6,717 इकाइयां और वोल्वो ब्रांड की 129 इकाइयां शामिल हैं।

## व्यवस्था लागू होने के बाद दूसरा सर्वाधिक जीएसटी संग्रह

# जीएसटी संग्रह अप्रैल में 12.6 फीसदी बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर लगभग 2.37 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह मजबूत आर्थिक गतिविधियों और कंपनियों के मार्च के अंत में खातों के मिलान को दर्शाता है।

जीएसटी संग्रह बीते वर्ष अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा था। यह देश में एक जुलाई, 2017 से नई अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू होने के बाद का दूसरा सर्वाधिक जीएसटी संग्रह है। इससे पहले, मार्च 2025 में कर संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था।

### आयातित वस्तुओं से राजस्व बढ़ा

बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 के दौरान घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये रहा। बीते महीने जारी किया गया 'रिफंड' 48.3 प्रतिशत बढ़कर 27,341 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस 'रिफंड' को समायोजित करने के बाद अप्रैल महीने में शुद्ध जीएसटी संग्रह 9.1 प्रतिशत बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

### मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का संकेत

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध जीएसटी संग्रह पिछले वित्त वर्ष के अंतिम महीने में मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का संकेत देता है क्योंकि यह आंकड़ा मार्च 2025 में वस्तुओं एवं सेवाओं के लेनदेन से संबंधित हैं।




### उद्योगों पर कार्यशील पूंजी का बोझ हुआ कम

अग्रवाल ने कहा, "निर्यात और अन्य जीएसटी रिफंड में तेजी लाने के लिए सरकार के सक्रिय उपायों ने उद्योगों पर कार्यशील पूंजी का बोझ कम कर दिया है। इसका लाभ मध्यम से लंबी अवधि में उपभोक्ताओं को मिलने की संभावना है।" उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक आर्थिक माहौल के कारण अगले महीने जीएसटी संग्रह में कमी आने की आशंका है लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए समग्र दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

- बीते वर्ष अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपए था
- जीएसटी सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़ा
- घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़ा

### पिछले माह बड़े राज्यों में वृद्धि कम रही

मणि ने कहा, "इस महीने में जीएसटी संग्रह सभी प्रमुख उत्पादक/उपभोग करने वाले राज्यों में समान रूप से अधिक रहा है। इसमें 11 प्रतिशत से लेकर 16 प्रतिशत तक की तेजी रही है। यह पिछले महीनों के उलट है जब कुछ बड़े राज्यों में वृद्धि कम रही थी।" अप्रैल, 2025 में घरेलू लेनदेन से केंद्रीय जीएसटी संग्रह 48,634 करोड़ रुपये रहा, जबकि राज्य जीएसटी संग्रह 59,372 करोड़ रुपये रहा।

### विकसित भारत के सपने होंगे साकार

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी के भागीदार विवेक जालान ने कहा, "वैश्विक शुल्क युद्ध, कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले और उससे जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच, शुद्ध रूप से जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत की वृद्धि देश की इस दृढ़ इच्छा को बताती है कि वह 'विकसित भारत' के सपने को हर परिस्थिति में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

### राजस्व में वृद्धि की असमानता

जालान ने कहा, "हालांकि, कुछ राज्यों में केंद्रीय और राज्य क्षेत्राधिकारों के जीएसटी राजस्व में वृद्धि की असमानता है। मसलन, तमिलनाडु में केंद्रीय क्षेत्राधिकार के तहत जीएसटी राजस्व में वृद्धि 9.3 प्रतिशत है, जबकि राज्य जीएसटी के तहत यह वृद्धि 17 प्रतिशत है।

## मारुति की बिक्री में आया सात प्रतिशत का उछाल



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- कंपनी ने अप्रैल में 1,79,791 इकाई बेची
- घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री मामूली रूप से बढ़ी

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया की कुल बिक्री अप्रैल महीने में सात प्रतिशत बढ़कर 1,79,791 इकाई रही। मारुति सुजुकी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में कुल 1,68,089 वाहन बेचे थे। कंपनी ने कहा कि घरेलू यात्री वाहनों की कुल बिक्री अप्रैल में मामूली रूप से बढ़कर 1,38,704 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1,37,952 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो समेत छोटी कारों की बिक्री अप्रैल में घटकर 6,332 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 11,519 इकाई थी। हालांकि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री आलोच्य महीने में बढ़कर 61,591 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 56,953 इकाई थी।

### अप्रैल में 11,438 ईको वैन बेचे

कंपनी ने पिछले महीने 11,438 ईको वैन की भी बिक्री की जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 12,060 इकाई थी। हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,349 इकाई रही, जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 2,496 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसका निर्यात 27,911 इकाई रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 22,160 इकाई था।

## चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए




# अडाणी पावर ने चौथी तिमाही में 102 बिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

अडाणी पावर लिमिटेड, अडाणी पोर्टफोलियो कंपनियों का एक हिस्से ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, अडाणी पावर लिमिटेड के सीईओ, एसबी ख्यालिया ने कहा कि अडाणी पावर ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक का सबसे बेहतर परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है, जो अडाणी पोर्टफोलियो कंपनियों की ताकत और लचीलेपन को सही ढंग से प्रदर्शित करता है। जैसे-जैसे हम क्षमता विस्तार के अगले चरण में तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं, हम अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को तेज करने और प्रमुख मापदंडों में अपने क्षेत्रीय नेतृत्व का विस्तार करने के लिए पूंजी और लागत दक्षता को प्राथमिकता दे रहे हैं। लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देना जारी रखा जा सके। स्थिरता के प्रति हमारी अथक प्रतिबद्धता, जिसने हमें कई मामलों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ थर्मल पावर उत्पादकों में शुमार किया है, हमारी विकास यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी। एपीएल ने ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के मिश्रण के माध्यम से 2030 तक अपनी मौजूदा क्षमताओं को 17,550 मेगावाट से बढ़ाकर 30,670 मेगावाट करने का काम शुरू किया है। यह वर्तमान में मध्य प्रदेश के सिंगरौली (महान) और रायपुर और रायगढ़ में अपने मौजूदा बिजली संयंत्र स्थानों पर 1,600 मेगावाट की तीन ब्राउनफील्ड परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है।

## अडाणी पोर्ट्स का मुनाफा 50% बढ़कर 2015 करोड़



**नई दिल्ली।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनोमिक जोन (एपीएसईजेड) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 3,025 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में मुनाफा 2,015 करोड़ रुपए रहा था। एपीएसईजेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 7,199.94 करोड़ रुपए से बढ़कर 8,769.63 करोड़ रुपए हो गई। समीक्षाधीन अवधि के दौरान व्यय 5,382.13 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल समान तिमाही में 4,450.52 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी का समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में मुनाफा सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 11,061 करोड़ रुपए रहा।

## भारत की जीडीपी 6.7 फीसदी के बीच ही बढ़ेगी : डेलॉयट

- प्रोत्साहन से घरेलू मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद
- घरेलू उपभोक्ता मांग को बढ़ाने सरकारी प्रयास

**नई दिल्ली।** डेलॉयट ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की आर्थिक वृद्धि के 6.5 से 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट ने कहा कि बजट में प्रदान किए गए कर प्रोत्साहन से अनिश्चित वैश्विक व्यापार वातावरण के बीच घरेलू मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। डेलॉयट के भारत अर्थव्यवस्था परिदृश्य में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया। साथ ही कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक परिदृश्य उभरते व्यापार संबंधों तथा घरेलू उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों के बीच एक नाजुक संतुलन पर टिका है।

## सुजुकी मोटरसाइकिल ने अप्रैल में बेची 1,12,948 इकाई...




**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के वाहनों की बिक्री इस साल अप्रैल में 14 प्रतिशत बढ़कर 1,12,948 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 99,377 इकाई बेची थी। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि समीक्षाधीन महीने में घरेलू बिक्री 95,214 इकाई रही, जो अप्रैल 2024 में बेची गई 88,067 इकाइयों से आठ प्रतिशत अधिक है। इसमें कहा गया है कि अप्रैल 2025 में निर्यात 57 प्रतिशत बढ़कर 17,734 इकाई रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 11,310 इकाई था। इस वर्ष अप्रैल के दौरान, एसएमआईपीएल ने कहा कि ग्राहकों की पहुंच बढ़ाने के लिए उसने आठ भारतीय राज्यों में फ्लिपकार्ट के माध्यम से अपने उत्पादों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू की है।

## बैंकिंग सिस्टम को आसान बनाएगा भरुवा

# आईटी के ईआरपी, डीएसएम, एचआईएमएस के बाद अब बैंकिंग के लिए भरुवा सॉल्यूशंस

> भाषा, बुद्धिमत्ता और नवाचार के माध्यम से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पतंजलि समूह की प्रौद्योगिकी शाखा भरुवा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने एआई-संचालित, बहुभाषी (द्विभाषी) 360 बैंकिंग ईआरपी सिस्टम के शुभारंभ के साथ भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की।

यह अगली पीढ़ी का प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्रीय, सहकारी और छोटे वित्तीय संस्थानों को बुद्धिमान, समावेशी और अनुपालन तकनीक के साथ सशक्त बनाकर डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भरुवा का अत्याधुनिक सीबीएस प्लेटफॉर्म (बी-बैंकिंग) चार महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जो लंबे समय से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और समावेशिता में बाधा बन रही हैं।

### भाषा की समावेशिता




भारत की भाषाई विविधता के साथ, अधिकांश बैंकिंग सेवाएँ अंग्रेजी तक ही सीमित हैं। बीएसपीएल का द्विभाषी समाधान बैंकों को अंग्रेजी और उनकी स्थानीय भाषा दोनों में ग्राहकों की सेवा करने की सुविधा प्रदान करता है, उदाहरण के लिए, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी - सभी नागरिकों के लिए पहुँच और उपयोग में आसानी सुनिश्चित करता है। **ज्यादा सुरक्षा:** प्लेटफ़ॉर्म में डेटा, लेन-देन और डिजिटल इंटरैक्शन के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक एआई और साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हैं।

### बैंकिंग परिवर्तन के लिए डिज़ाइन

**प्रक्रिया दक्षता:** इस बैंकिंग सिस्टम को एंड-टू-एंड बैंकिंग परिवर्तन के लिए डिज़ाइन किया गया है, सिस्टम में एपीआई बैंकिंग, एमआईएस एचआरएमएस , ईआरपी मॉड्यूल, एएमएल टूल और निर्बाध संचालन और अनुपालन के लिए वर्कफ़्लो ऑटोमेशन सहित मजबूत क्षमताएँ हैं। **विनियामक अनुपालन:** आधिकारिक भाषा अधिनियम, 1963 और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के साथ पूरी तरह से संरेखित, यह समाधान वित्तीय संस्थानों में द्विभाषी सॉफ़्टवेयर के लिए सरकारी आदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है। पतंजलि समूह के संस्थापक और प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने तकनीकी समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत कई भाषाओं वाला देश है, फिर भी हमारा बैंकिंग बुनियादी ढांचा मुख्य रूप से अंग्रेजी में संचालित होता है जिससे बहुसंख्यक अलग-थलग पड़ जाते हैं।

**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला-भोपाल**

दूरभाष /फै.नं. 0755-2540769, Email- adhbhopal16@gmail.com

क्रमांक/उद्यान/भंडार/निविदा/2025-26/112 भोपाल दिनांक 28.04.2025

// अल्प निविदा सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय आम्रपाली उद्यान करोंदिया विकास खंड बैरसिया जिला भोपाल की आम फलबहार की निविदा प्रक्रिया टेण्डर द्वारा की जाना है, आम फलबहार के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्ति / संस्था दिनांक 07/05/2025 को समय दोपहर 2 बजे तक कार्यालय उद्यान अधीक्षक शासकीय आम्रपाली उद्यान करोंदिया विकास खण्ड बैरसिया में उपस्थित होकर टेंण्डर बाक्स में दरें डाल सकते हैं। टेंडर डालने के पूर्व क्रेता को आम फलबहार हेतु राशि रुपए 10000/- (दस हजार रुपए मात्र) अग्रिम धरोहर राशि जमा करना होगा। टेण्डर डालने के पूर्व शासकीय आम्रपाली उद्यान करोंदिया में आम फलबहार का अवलोकन करने एवं संतुष्टि के उपरांत ही टेण्डर बाक्स में डालें। टेण्डर की शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय शा. आम्रपाली उद्यान करोंदिया /कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला भोपाल में देखी जा सकती हैं। टेण्डर फर्म शा.आम्रपाली उद्यान करौंदिया/कार्यालय सहायक संचालक उद्यान जिला भोपाल से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है।

G-12267/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

सहायक संचालक उद्यान
जिला भोपाल

**पावरग्रिड POWERGRID**

**सूचना**

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) (घ) के साथ पठित धारा 62 के तहत और केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 2023 के विनियमन 15 (1) (क) और विनियम 23 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ विनियमों के नियम और शर्तें) 2024 के तहत याचिका-1: पश्चिमी क्षेत्र में कोल्हापुर-मापुसा पारेषण प्रणाली, याचिका-2: पश्चिमी क्षेत्र में विंध्याचल स्टेज-II पारेषण प्रणाली, याचिका-3: पश्चिमी क्षेत्र में गंधार गैस पावर स्टेशन स्टेज-I से जुड़ी पारेषण प्रणाली हेतु टैरिफ निर्धारण के लिए याचिका।
2. उपर्युक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं: (1) मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लि., जबलपुर (2) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, रायपुर (3) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, वडोदरा, (4) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी, (5) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लि., मुंबई, (6) डीएनएचडीडी विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, सिलवासा।

**3. टैरिफ विवरण:**

**ए) 2019-24 ब्लॉक** रु. लाख में

| याचिका सं. | परिसंपत्ति का विवरण | डीओसीओ/ईसीओडी | 31.03.2024 तक पूर्ण होने की लागत | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी | | | | |
| याचिका-1 | संयुक्त परिसंपत्ति | 01.01.2003 | **14989.35** | 1796.70 | 1788.38 | 1798.03 | 2107.36 | 2404.11 |
| याचिका-2 | संयुक्त परिसंपत्ति | 01.04.2000 | **63097.36** | 4208.83 | 4197.08 | 4186.90 | 4186.02 | 4255.42 |
| याचिका-3 | संयुक्त परिसंपत्ति | 08.07.1996 | **24481.61** | 3330.67 | 3359.38 | 3394.48 | 3440.50 | 3549.65 |

**ए) 2024-29 ब्लॉक** रु. लाख में

| याचिका सं. | परिसंपत्ति का विवरण | डीओसीओ/ईसीओडी | 31.03.2029 तक पूर्ण होने की लागत | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एएफसी | | | | |
| याचिका-1 | संयुक्त परिसंपत्ति | 01.01.2003 | **15773.97** | 2175.37 | 2225.38 | 2288.30 | 2329.23 | 2348.13 |
| याचिका-2 | संयुक्त परिसंपत्ति | 01.04.2000 | **65001.43** | 4014.65 | 4174.74 | 4563.41 | 4900.87 | 5027.30 |
| याचिका-3 | संयुक्त परिसंपत्ति | 08.07.1996 | **27121.06** | 3640.33 | 3932.80 | 4078.02 | 4230.05 | 4314.27 |

4. इस सूचना और टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर डाली गई है।
5. लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त याचिका में निहित टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि हों, सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति सहित, प्रस्तुत की जानी चाहिए।

स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 25.04.2025

हस्ता./-
मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

**पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
कॉर्पोरेट कार्यालयः "सौदामिनी", प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001 (हरियाणा)
पंजीकृत कार्यालयः बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
www.powergrid.in, CIN: L40101DL 1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-223/Advt-289/2025-26 R K SWAMY LIMITED

## चिंतन

# भारत को वैश्विक केंद्र बनाएगा 'वेव्स'

विश्व के पहले दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन का भारत में होना इस क्षेत्र में हमारी अहमियत को दर्शाता है। एक मई से चार मई तक होने वाले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। सिनेमा, ओटीटी, सोशल मीडिया, वेबसाइट्स, रेडियो, मीडिया आदि उद्योग में अपार संभावनाएं हैं, अच्छे कंटेंट की हमेशा चुनौतियां हैं, इस क्षेत्र को गति देने की जरूरत है, एआई (आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस) जैसे टूल आने से सुविधा के साथ दिक्कतें भी बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले वेव्स सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है। पीएम का संदेश साफ है कि संवेदनशीलता के साथ मनोरंजन किया जाना चाहिए। हिंसा, अश्लीलता और रोबोटिक मनोरंजन से समाज निर्माण की यात्रा आगे नहीं बढ़ सकती है। दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन उद्योग को रचनात्मक जिम्मेदारी निभानी होगी। हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। पीएम की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं, जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है। आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। दरअसल, रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है। 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है, यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है। वेव्स से भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम से दुनिया भर से निर्माता, कंटेंट बनाने वाले, फिल्म जगत व गेमिंग उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने की पहल की गई है। 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट' (वेव्स) फिल्मों, ओटीटी (ओवर द टॉप), गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स - एक्सटेंडेड रियलिटी), प्रसारण एवं उभरती हुई तकनीक को एक मंच प्रदान करेगा और खुद को भारत के मीडिया एवं मनोरंजन कौशल के व्यापक प्रदर्शन के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य 2029 तक 50 अरब अमेरीकी डॉलर के बाजार को सबके लिए खोलना तथा वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार करना है। भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगा। एआई और 'इमर्सिव टेक्नोलॉजी' (डिजिटल दुनिया में जीवंत अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी) से इस क्षेत्र को मदद मिलेगी। वेव्स भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युद्ध में आर्थिकी भी है प्रभावी हथियार

इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है।

इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान को सिखाए जाने वाले सबक के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जो रिपोर्ट प्रकाशित हो रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से मजबूत है और पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है। भारत के पास दुनिया का कूटनीतिक समर्थन है और इन सबके साथ-साथ भारत की आर्थिकी दमदार और मजबूत है। इन आधारों पर भारत पाकिस्तान से सभी प्रकार के युद्ध में विजेता बनते हुए दिखाई दे सकेगा। वस्तुतः इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और भारत वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालीन नजरिए से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा जारी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। 2025 में यद्यपि दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार नीति में बदलाव के कारण विकास दर घटकर सिर्फ 2.3 फीसदी रह सकती है। पूरे दक्षिण एशिया में विकास दर 5.6 फीसदी रहने की संभावना है। कुछ देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भारी कर्ज और महंगे खाद्य पदार्थों के चलते दबाव में रह सकते हैं, लेकिन टैरिफ चुनौतियों के बीच भी भारत में आर्थिक वृद्धि जारी रहेगी, क्योंकि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिज़र्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। भारत अपने मजबूत स्थानीय और घरेलू बाजार से किसी



भी आर्थिक झटके का सामना करते हुए आगे बढ़ने की संभावना रखता है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई और ब्याज दर में संतुलन बनाए रखने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रहा है। 9 अप्रैल को आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे 6 फीसदी कर दिया है। साथ ही अब रिजर्व बैंक की आगामी बैठक में ब्याज दरों में अधिक कटौती की उम्मीदें मजबूत हो गई है। अब तक ब्याज दरें अधिक होने से उपभोक्ता कर्ज लेने से पीछे हट रहे थे और कर्ज की अधिक लागत से उद्यमी भी विस्तार की योजनाओं के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे थे। ऐसे में नए फैसलों से लोगों की क्रयशक्ति और खपत बढ़ने से विकास दर को गति दी जा सकेगी। निसंदेह देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। भारत का शेयर बाजार दूसरे देशों की तुलना में बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। रुपया मजबूत हो रहा है। निर्यात बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। लम्बे समय तक दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। चीन से त्योहारी उत्पादों के आयात में कमी के साथ-साथ खिलौनों जैसी वस्तुओं के आयात में भी सराहनीय कमी आई है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। इन सबके साथ-साथ भारत ट्रंप के टैरिफ की चुनौती के मुकाबले के लिए आर्थिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ा है।

निसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) के साथ ही कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान देना होगा। ऐसे विभिन्न रणनीतिक कदमों से भारत की घरेलू आर्थिकी और मजबूत बनेगी तथा ऐसे में पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में भारत की घरेलू आर्थिकी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार बनेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
श्वेता गोयल



# महाकवि सूरदास के गीतों में बसी है भक्ति की चमक

भारतीय साहित्य के विशाल आकाश में भक्तिकाल एक ऐसा युग रहा है, जिसने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया बल्कि भाषा, भाव और लोकसंस्कृति को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की। इस युग में कई संत-कवि हुए, जिन्होंने अपने जीवन और काव्य से समाज को भक्ति, प्रेम और मानवता की राह दिखाई। इन्हीं महान संत कवियों में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के परम उपासक, भक्तिकाल के महाकवि, महान संत सूरदास जी का स्थान सर्वोच्च है। सूरदास केवल एक कवि नहीं थे, वे एक ऐसे भाव-सम्राट थे, जिन्होंने हिन्दी काव्य को भाव, भाषा और भक्ति की त्रिवेणी से अभिसिंचित किया। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष यह 2 मई को मनाई जा रही है। सूरदास जयंती केवल एक कवि के जन्म की स्मृति नहीं है बल्कि उस प्रेमधारा का उत्सव है, जो उन्होंने अपने शब्दों से प्रवाहित की थी। सूरदास का जन्म 1478 ईस्वी के आसपास एक ब्राह्मण परिवार में हुआ माना जाता है। उनके जन्मस्थान को लेकर कई मत हैं लेकिन अधिकांश विद्वान मानते हैं कि उनका जन्म उत्तर प्रदेश के रुनकता या सीही नामक स्थान पर हुआ था। यह भी कहा जाता है कि वे जन्म से अंधे थे, हालांकि कुछ विद्वानों का मत है कि उन्होंने युवावस्था में दृष्टि खोई। तथ्य चाहे जो भी हो, यह निर्विवाद सत्य है कि सूरदास ने अपने भीतर जो दृष्टि अर्जित की थी, वह सामान्य दृष्टि से कहीं अधिक तीव्र और व्यापक थी। उन्होंने जो देखा, वह आंखों से नहीं, हृदय से देखा। उन्होंने जो अनुभव किया, वह आत्मा से किया और उन्होंने जो रचा, वह कालातीत बन गया।



सूरदास की ख्याति विशेष रूप से उनके कृष्णभक्ति पर आधारित काव्य के कारण है। उन्होंने बालकृष्ण की लीलाओं को जिस प्रकार चित्रित किया है, वह भारतीय साहित्य में अद्वितीय है। बाल गोपाल के जन्म से लेकर उनके यशोदा से नटखट संवाद, गोपियों के साथ रास, माखन चोरी, और राधा-कृष्ण के प्रेम का जो भावनात्मक और सौंदर्यपूर्ण वर्णन सूरदास ने किया है, वह केवल वर्णन नहीं बल्कि अनुभूति है। यह वह अनुभूति है, जिसे पढ़ते हुए पाठक स्वयं उस संसार में प्रवेश कर जाता है, जहां गोविंद हैं, गोपियां हैं, यमुना का तट है, वृंदावन का कुंज है और वहां एक दिव्य प्रेम का आलोक फैला हुआ है। महाकवि सूरदास एक महान कवि और संगीतकार थे, जिन्होंने कान्हा की भक्ति में कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी। वे अपनी कविताओं, गीत और दोहों के लिए ही प्रसिद्ध हुए। सूरदास के भक्तिमय गीत आज भी हर किसी को मोहित करते हैं। सूरसागर, सूरसावली, साहित्य लहरी, नल दमयंती और ब्याहलो सूरदास जी की प्रमुख रचनाएं हैं। सूरदास की भाषा ब्रजभाषा थी, जो उस समय केवल लोक की भाषा मानी जाती थी लेकिन सूरदास ने इस भाषा को वह गरिमा प्रदान की कि वह हिन्दी साहित्य की मुख्यधारा बन गई। उनकी रचनाओं में ब्रजभाषा की मिठास, उसकी लयात्मकता और भाव सम्प्रेषण की क्षमता को नए आयाम मिले। उनका काव्य सरल होते हुए भी अत्यंत गहन है। उसमें कहीं भी दुरूहता नहीं है, न ही दार्शनिक भारीपन। वह सीधा हृदय को स्पर्श करता है। सूरदास के काव्य का सबसे प्रमुख संग्रह 'सूरसागर' है, जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके प्रेम प्रसंगों तक का सुंदर वर्णन मिलता है। सूरसागर केवल एक काव्य ग्रंथ नहीं बल्कि एक ऐसा आध्यात्मिक ग्रंथ है, जिसमें भक्ति, प्रेम, दर्शन और मानवीय भावनाओं की समस्त छवियां एकत्रित हैं। उनके पदों में लोक और लीलाओं का अद्भुत सामंजस्य है। एक ओर वे कृष्ण को बालक के रूप में गोदी में खेलते दिखाते हैं तो दूसरी ओर वे उन्हें ब्रह्म का साक्षात रूप बताते हैं। यह द्वंद्व ही सूरदास की काव्य शक्ति का प्रमाण है। कहा जाता है कि श्रीकृष्ण के परम भक्त सूरदास बचपन से संत प्रवृत्ति के थे। इन्हें गाने की कला वरदान स्वरूप मिली थी और अपनी गायन की कला के चलते ही वे जल्द ही प्रसिद्ध हो गए। उसके बाद वे आगरा के पास गऊघाट पर रहने लगे। वहीं उनकी मुलाकात वल्लभाचार्य जी से हुई। वल्लभाचार्य ने ही सूरदास जी को पुष्टिमार्ग की दीक्षा दी और श्रीकृष्ण की लीलाओं का दर्शन करवाया। वल्लभाचार्य ने इन्हें श्रीनाथ जी के मंदिर में लीला गान का दायित्व सौंपा, जिसे सूरदास जी जीवन पर्यंत निभाते रहे। महाकवि सूरदास हमारे लिए केवल अतीत की विभूति नहीं, वर्तमान का प्रकाश और भविष्य की दिशा हैं।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमें वैराग्य लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग्य लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग्य लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।


# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### पूरा प्रतिपक्ष सरकार के साथ है

पहलगाम पर पाकिस्तानी उग्रवादियों के हुए हमले के विषय में लगभग समस्त भारत प्रधानमंत्री और भारत सरकार के साथ एकमत होते हुए साथ खड़ा है। लगभग सारा इंडिया गठबंधन भी केंद्र सरकार के साथ रहकर हर समर्थन और सहयोग करने को एकदम तैयार है। इन विशिष्ट हालात में स्थानीय नेताओं द्वारा कोई भी विवादास्पद और अप्रिय बयान कभी नहीं दिए जाने चाहिए। ऐसी बातें राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बदनाम और असहज ही करती हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के देश के सबसे बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने अपना स्पष्ट मत देश के सामने रख दिया है। लोकसभा और राज्यसभा के प्रतिपक्ष के सभी नेताओं ने भी प्रधानमंत्री का इस विषय में पूरा समर्थन कर दिया है, तो स्थानीय नेताओं को भी भ्रामक और विवादास्पद बातें कहने-लिखने से परहेज करना होगा।

*- प्रकाश गुप्ता, भाटापारा*

## ट्रेंड

### महाराष्ट्र दिवस



भारत के विकास में हमेशा अहम भूमिका निभाने वाले राज्य महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जब महाराष्ट्र के बारे में सोचते हैं तो इसका गौरवशाली इतिहास और लोगों का साहस हमारे दिमाग में आता है। यह राज्य प्रगति का एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### 'जातीय जनगणना' सही



देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने का केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम है। बीएसपी इसकी माँग काफी लम्बे समय से करती रही है।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### क्या यही है लोकतंत्र



सरकार ने 4 पीएम जैसे नेशनल चैनल को बिना किसी कारण बंद करवाकर ये साफ़ कर दिया है कि उसे जनता के सवालों से डर लगता है। क्या यही है 'लोकतंत्र'? मीडिया को दबाना मतलब जनता की आवाज़ को कुचलना है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली


### सार्थक तरीका अपनाएं



शासन का मतलब सिर्फ़ सत्ता नहीं बल्कि करुणा से शुरू होता है, हमारे आस-पास के संघर्षों को देखने की इच्छा से, उनसे इस तरह जुड़ने की इच्छा से जैसे कि वे हमारे अपने हों, और उन्हें संबोधित करने के लिए सार्थक तरीके से कार्य करें।
-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

## करंट अफेयर

# रूस के लिए लड़ते उ. कोरिया के 4700 सैनिक मारे गए



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने सांसदों को बताया कि अनुमान है कि रूस के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ते हुए उत्तर कोरिया के 4,700 सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के इस आकलन से दो दिन पहले उत्तर कोरिया ने पहली बार पुष्टि की थी कि उसने रूस को कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर फिर से कब्जा करने में मदद करने के लिए अपने लड़ाकू सैनिकों को भेजा था, जिस पर पिछले साल अचानक यूक्रेन के घुसपैठ के कारण रूस का नियंत्रण खत्म हो गया था। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सेओंग क्वेउन के अनुसार, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने बंद कमरे में संसदीय समिति की बैठक में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर उत्तर कोरिया के 600 सैनिक मारे गए और 4,700 सैनिक हताहत हुए हैं। ली ने संवाददाताओं को बताया कि एनआईएस ने कहा कि जनवरी और मार्च के बीच घायल 2,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों को हवाई मार्ग से या ट्रेन से उत्तर कोरिया वापस भेजा गया। उन्होंने एनआईएस का हवाला देते हुए कहा कि युद्ध में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों का अंतिम संस्कार रूस में किया गया था, उसके बाद उनके अवशेष वापस घर भेजे गए।

## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# भारत में पानी व्यापार की वस्तु बन चुका है, इसे रोकना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में पानी का व्यापार बंद होना चाहिए। भारत में पानी व्यापार की वस्तु बन चुका है, इसे रोकना होगा। यह कहना है प्रतिष्ठित मैग्सेसे अवार्ड से सम्मानित पर्यावरणविद् और जल संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध राजेंद्र सिंह का जो गुरुवार को पूर्व मंत्री सविता वाजपेई के परिजनों द्वारा मानस भवन के उपयोग के लिए वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में नगर निगम की महापौर मालती राय, भाजपा के पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा, विधायक राजेंद्र भारती सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।



- सिंधु नदी से पाकिस्तान जाने वाले पानी का रिव्यू होना जरूरी
- जल पुरुष राजेंद्र सिंह ने मानस भवन में वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट का लोकार्पण किया







### आजादी के समय 4% जमीन और अब 62% जमीन बेपानी है

राजेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि आजादी के समय 4% जमीन बेपानी थी, आज 62% बेपानी है। आज के दौर में बाढ़, सूखा, जंगलों में आग लग रही है। पर्यावरण नष्ट हो रहा है। उन्होंने कहा कि विद्या और शिक्षा के अंतर को हमें समझना होगा। विद्या हमारे जीवन को बेहतर बनाने का काम सिखाती है लेकिन शिक्षा हमें लाभ और जीविकोपार्जन के तरीके सिखाती है। राजेंद्र सिंह ने कहा कि भारत को पानीदार बनाना चाहते हैं तो हमें अपना मानस बदलना होगा। क्योंकि पूरी दुनिया बेपानी होकर उजड़ रही है। दुनिया के जितने मुल्क आपस में लड़ रहे हैं, उसके आधार में पानी ही मुख्य वजह है।



# जागृति अग्रवाल ने पुणे फैशन वीक में रैंप पर बिखेरा अपना जलवा

**भोपाल।** शहर की की प्रतिभाशाली माडल जागृति अग्रवाल ने हाल ही में देश के सबसे प्रतिष्ठित फैशन शो पुणे टाइम्स फैशन वीक के रैंप पर अपनी चमक बिखेरी। जागृति ने प्रसिद्ध ड्रेस डिजाइनर वीब्राइडल के लिए रैंप वाक किया। इसका आयोजन डीवा पैजेंट द्वारा किया गया था, जिसमें विश्व स्तरीय प्रसिद्ध डिजाइनरों ने अपने नवीनतम संग्रह पेश किए। जागृति अग्रवाल ने हाल ही में मिसेज़ इंटरनेशनल क्वीन आफ इंडिया 2025 मिसेज़ ब्यूटी विद पर्पस और मिसेज़ कान्फिडेंट जैसे प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किए हैं।

**टीवी के जाने-माने कलाकारों ने साझा किए अपने भाई-बहनों के साथ बिताए खूबसूरत लम्हे**

# आज भी याद हैं बचपन की वो शरारतें वो तीखी नोंक-झोंक, वो लड़ाई-झगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**नेशनल ब्रदर्स एंड सिस्टर्स डे**

भाई बहन का एक रिश्ता एक ऐसा रिश्ता है जिसमें तीखी नोंकझोंक के बावजूद अटूट प्यार हमेशा बना रहता है। किसी एक के दूर जाने से घर भी सूना लगता है। फिर वो साधारण भाई बहन हो या इंडस्ट्री के जाने माने कलाकार। आज नेशनल ब्रदर्स एंड सिस्टर्स डे पर हरिभूमि ने इंडस्ट्री के जाने माने कलाकारों से जाना उनके भाई-बहन के प्रति उनकी फीलिंग्स कि उनके दूर जाने से वो कैसा फील करते है या उनके बीच हुई तीखी नोंक झोंक।



### 10 साल छोटे भाई से करती हूं कभी लड़ाई तो कभी ढेर सारा प्यार

पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति का किरदार निभा रहीं गरिमा परिहार ने कहा, मेरा भाई मुझसे 10 साल छोटा है इसके बाद भी हम बच्चों की तरह लड़ते झगड़ते हैं। कभी मस्ती करते हैं, तो कभी एक दूसरे बेहद केयर करते हैं। यदि मैं किसी परेशानी में होती हूं, तो भाई मेरी आंखों के भाव से ही समझ जाता है और मेरे चेहरे पर खुशी लौटाने की कोशिश करता है। अब जब वह खुद शादीशुदा है और पिता बन चुका है, तो उसके नन्हे से बेटे को देखकर मुझे उसका बचपन का चेहरा याद आता है।



### मां की तरह दीदी रखती हैं मेरा ख्याल

वीर हनुमान में बाल हनुमान का किरदार निभा रहे आन तिवारी ने कहा मेरी बड़ी बहन साची दीदी और मेरा रिश्ता रिश्ता शब्दों से परे है। हम एक-दूसरे से अपने सारे सीक्रेट्स शेयर करते हैं, और जब भी दीदी उदास होती हैं, तो मैं उन्हें गले लगाकर हंसाता हूं। मैं दीदी को कभी भी उदास नहीं देख सकता। दीदी भी मेरे लिए बिल्कुल वैसी ही हैं, वह मेरी दूसरी मां की तरह मेरा ख्याल रखती हैं।



### छोटे-छोटे क्रश से लेकर लड़ाइयों तक सबकुछ किया शेयर

वागले की दुनिया में सखी वागले का किरदार निभा रहीं चिन्मयी साल्वी ने कहा मेरे भाई ओंकार दादा के साथ, मैं सब कुछ शेयर करते हुए बड़ी हुई हूं सलाह और सपनों से लेकर छोटे-छोटे क्रश और लड़ाइयों तक। इतने सालों में, हमारा रिश्ता और भी मजबूत होता चला गया। हाल ही में, हमने अपने माता-पिता के लिए एक घर खरीदा, और उस पल ने मुझे वाकई यह यकीन दिलाया कि सपने सच होते हैं।

### चादर के नीचे फुसफुसाई गई सीक्रेट बातें आज भी याद आती हैं



तेनाली रामा में तिम्मारसु का किरदार निभा रहे अमित पचौरी ने कहा मेरी छोटी बहन टीना के साथ भी मेरा रिश्ता बहुत खूबसूरत रहा है। बचपन की शरारती लड़ाइयों और चादर के नीचे फुसफुसाई गई सीक्रेट बातों की बातें आज भी मुझे याद है। कई बार बिना कहे वो मेरी आंखे देखकर समझ लेती थी कि भाई परेशान है। मैंने हमेशा एक रखवाले बड़े भाई की भूमिका निभाई है, जबकि टीना ढेर नटखट बहन की तरह हमेशा मेरी ताकत बनी रही है।

# लिपस्टिक की को-प्रोड्यूसर मेरी टीचर उन्हीं ने दिया इस रोल का ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**लिपस्टिक, फैमिली आज कल में उम्दा रोल निभाने वाली एक्ट्रेस अपूर्वा अरोड़ा से हरिभूमि की खास बातचीत**

**हरिभूमि चर्चा**

लिपस्टिक के लिए मैंने रोल का चयन इसकी को-प्रोड्यूसर के कहने पर किया क्योंकि इसकी को-प्रोड्यूसर मेरी टीचर हैं और शूट से पहले वो मुझे पढ़ा रही थीं तो मुझे लगा कि मुझे यह ऑफर स्वीकार लेना चाहिए। क्योंकि कई बार आपके गुरु ही आपको बहुत अच्छ रास्ता दिखा देते हैं और मुझे विश्वास था कि वो मुझे जो भी रोल देंगी वो पूरी तरह से अच्छा ही होगा। यह कहना है लिपस्टिक फैमिली आज कल में उम्दा रोल निभाने वाली एक्ट्रेस अपूर्वा अरोड़ा का, जिन्होंने हरिभूमि के साथ साझा किए अपने अनुभव।

**सोच समझ कर करती हूं किरदारों का चुनाव**

उन्होंने कहा कि मैं किरदारों का चुनाव बहुत ही सोच समझ कर करती हूं, जैसे लिपस्टिक में मेरा जो किरदार है मानसिक स्वास्थ्य के बारे में है जो अतीत में अनसुलझे आघातों से उपजे मुद्दों के बारे में है और इन सब चीजों का हमारे रोजाना के जीवन पर कितना प्रभाव पड़ता है यह इसमें दिखाया गया है।



**मुम्बई में ही अपनी जगह बनाने का सफर रहा मुश्किल**

अपने सफर के बारे में उन्होंने कहा कि मैंने लाइफ में काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं, दिल्ली से मुंबई आने में नहीं लेकिन मुम्बई में ही अपनी जगह बनाने में। क्योंकि इंडस्ट्री का मेरा सफर काफी मुश्किल रहा। सपने सभी के बड़े हैं बस उन्हें पूरा करने की कोशिश करते रहना चाहिए।

**फैमिली आज कल को मिला दर्शकों का बेहद प्यार**

उन्होंने कहा कि वहीं मेरे द्वारा अभिनीत शो फैमिली आज कल ने भी सफलता के एक साल पूरे कर लिए हैं। शो ने प्यार, ड्रामा, हास्य का मिला जुला रुप हैं, तो आधुनिक पारिवारिक गतिशीलता को बखूबी दर्शाया, जिसे दर्शकों से बहुत सराहना मिली।

# विहान ड्रामा वर्क्स की वार्षिक रंग-यात्रा 'स्वप्नयान' बाल रंगमंच कार्यशाला अब मंच पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*25 दिन तक बच्चे एक मंच पर अनगिनत कहानियों पर करेंगे अभिनय*

सेवन हिल्स पब्लिक स्कूल में शुरू हुई 'स्वप्नयान' कार्यशाला में बच्चों को अभिनय, अभिव्यक्ति और रंगमंचीय अनुशासन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह 25 दिवसीय कार्यशाला 5 से 16 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसमें उन्हें अभिनय, संवाद, शारीरिक अभिव्यक्ति, दृश्य रचना, रंगमंचीय अनुशासन, नाट्य खेलों और प्रस्तुति की संपूर्ण प्रक्रिया से गुजरने का अवसर मिल रहा है। इस कार्यशाला में बच्चों को न केवल रंगमंच के मूलभूत और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाएंगे, बल्कि वे आत्म-अभिव्यक्ति, टीमवर्क, एकाग्रता, और रचनात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण जीवन-मूल्यों से भी रूबरू होंगे।







# सेहतमंद सहाफत और अदब के फरोग के लिए रोजनामा नया नजरिया की खिदमात काबिल तहसीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**महफिल ए शायरात**

नजरिया बेहतर होता है तो नजारा भी खूबसूरत बन जाता है... अच्छे नजरिए से किए गए कामों का अंजाम भी हमेशा बेहतर ही आता है। सुखन की महफिल से सुखद पल जुटाने की नीयत से नया नजरिया परिवार ने जो सिलसिला-ए-अदब शुरू किया, उसकी राहतें अब शहर का अदबी कुनबा महसूस भी करने लगा है और उसमें सराबोर भी होने लगा है। इसी मंशा के साथ इस बार की महफिल ख़्वातीन के नाम से की गई। महफिल ए शायरात की सदारत करते हुए मध्य प्रदेश ऊर्दू अकादमी की डायरेक्टर डॉ नुसरत मेहदी ने किया। उन्होंने कहा कि डॉ नजर महमूद नया नजरिया के जरिए उर्दू की तखलिकी सहाफत को जिस तरह से फरोग दे रहे हैं वह भी बहुत अहम है। विरासत बहुत लोगों को मिलती है लेकिन चंद लोग ही होते हैं जो विरासत को न सिर्फ संभालते हैं बल्कि उसको आगे बढ़ाते हैं।

**अमृतस्य मध्यप्रदेश से झलकेगी प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत**



# वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में मध्यप्रदेश को मिलेगा नया आयाम

## मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 को मिलेगा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 में मध्यप्रदेश अपनी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं के साथ वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाने जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यह आयोजन मुंबई में 1 से 4 मई 2025 तक किया जा रहा है। मध्यप्रदेश इस अयोजन में वैश्विक मीडिया, मनोरंजन और रचनात्मक नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है।

### विदेश और देश के अतिथियों को जोड़ने का होगा प्रयास



प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति और विरासत को वेव्स के मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। यहां एक ओर एमपी पवेलियन के माध्यम से आगंतुकों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक विरासत से परिचय कराया जाएगा। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में फिल्म, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एवीजीसी-एक्सआर के क्षेत्र में संभावनाओं की दृष्टि से हम विभिन्न हितधारकों से जुड़ेंगे।

# प्रज्ञादीप भवन में प्रदीप सेवा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

भालचन्द्र विष्णु खांडेकर की प्रथम पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेवा भारती के मध्य भारत प्रान्त के पूर्व सचिव और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्य क्षेत्र के सेवा प्रमुख स्व भालचन्द्र विष्णु (प्रदीप) खांडेकर की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर प्रदीप सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गुरुवार को राजधानी के हर्षवर्धन नगर स्थित प्रज्ञादीप भवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्व. खाण्डेकर के विराट व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्त संघ चालक मध्यभारत प्रांत अशोक पाण्डेय ने की, वहीं सह क्षेत्र कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्यक्षेत्र हेमन्त मुक्तिबोध ने मुख्य वक्ता के तौर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समन्वय स्मिता शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर स्व. भालचन्द्र विष्णु प्रदीप खाण्डेकर पर आधारित स्मारिका का विमोचन भी किया गया। गौरतलब है कि प्रदीप सेवा सम्मान से इंदौर की संस्था निराश्रित सेवाश्रम एवं रक्तमित्र इंडिया फाउन्डेशन को सम्मानित किया गया।

चुनाव आयोग कर रहा बड़ा परिवर्तन
मतदान करना होगा आसान

# वोटर स्लिप पर बड़े अक्षरों में लिखे होंगे सीरियल और पार्ट नंबर

अब वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया कि स्लिप पहले से कुछ अलग होगी। बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा।


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता अक्सर वोटिंग के दिन अपने घर के पास बूथ की जानकारी प्राप्त करने में कंफ्यूज हो जाते हैं या फिर बूथ के अंदर वोटिंग वाले कमरे के नंबर की जानकारी नहीं मिल पाती है। अब चुनाव से पहले आपके घर पर वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया गया है।

### बिहार चुनाव से पहले चुनाव आयोग की कवायद

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए तीन नई पहलें शुरू की हैं, जिसका मकसद है कि मतदान की प्रक्रिया को लोगों के लिए आसान और भरोसेमंद बनाया जा सके।

### मतदानों की सहूलियत और संदेह को दूर करने ईसी ने लिया यह फैसला



### अब मृत्यु के बाद आसानी से हटेगा वोटर का नाम

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से डेथ सर्टिफिकेट यानी मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर मर चुके मतदाता के नाम को हटाने की ईसीआई प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा वोटर कंफर्मेशन स्लिप को वोटर्स फ्रेंडली बनाने और बीएलओ को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का चुनाव आयोग ने निर्णय लिया है। चुनाव आयोग ने ये फैसला किया है कि सीधे इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डेथ सर्टिफिकेट डेटा लिया जाएगा ताकि किसी मतदाता की मौत से जुड़ी जानकारी जल्दी चुनाव आयोग को मिले। मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर मतदाता की मृत्यु को फील्ड विजिट कर बीएलओ की तरफ से वैरिफाई किया जाएगा और इसके बाद मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा।

### प्रमाणीकरण में नहीं होगी देरी

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से जानकारी मिलने से चुनाव चुनाव आयोग मृतक वोटर के नाम को मतदाता सूची से डिलीट करने की प्रकिया फॉर्म 7 मिलने से पहले शुरू कर सकता है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने मतदाता सूचना स्लिप को ज्यादा वोटर फ्रेंडली बनाने का फैसला किया है। आयोग ने ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का फैसला किया ताकि पहचान और संपर्क आसान हों।

### बीएलओ को मिलेंगे पहचान पत्र

तीसरे ऐलान के तहत अब हर बीएलओ को एक मानक फोटो पहचान पत्र दिया जाएगा ताकि जब वे घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलें तो लोग उन्हें आसानी से पहचान सकें। साथ ही भरोसे से बात कर सकें। हालांकि मामले में चुनाव आयोग का कहना है कि ये सभी कदम विश्वास, पारदर्शिता और सहूलियत बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास हैं।

## खबर संक्षेप

### अजमेर के होटल में आग में 4 की मौत

**अजमेर।** यहां के डिग्गी बाजार इलाके में गुरुवार सुबह नाज होटल में 8 बजे भीषण आग लग गई।



लोगों को भागने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मासूम सहित 5 लोग झुलस गए हैं। एक मां ने बचने का कोई रास्ता नहीं देख डेढ़ साल के मासूम को खिड़की से नीचे फेंक दिया, हालांकि वह बच गया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे बचा लिया।

### इस बार आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान पर करारा हमला किया है।



उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है घर में घुस के मारेंगे। अगर केंद्र सरकार इस बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है तो 'घर में घुस कर बैठ जाना'। पीओके हमारा है। सभी विपक्षी दल सरकार से कह रहे हैं कि इस बार आतंकवाद का खात्मा होना ही चाहिए।

### गुणवत्ता जांचने 20 को लॉन्च होगा 'डिपो दर्पण'

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार आगामी 20 मई को 'डिपो दर्पण' पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च करने जा रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के खाद्यान्न भंडारण डिपो में उच्चतम गुणवत्ता और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करना है।



उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी इस डिजिटल पहल का उद्घाटन करेंगे। इस 2,278 गोदामों को जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को सहूलियत होगी।

### आप नेता नरेश पर मकोका की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत आप के पूर्व विधायक नरेश बालियान के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है।



इसमें नरेश के साथ ज्योति प्रकाश, साहिल, और विजय को भी आरोपी बनाया गया है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट शुक्रवार को इस संबंध में विचार करेगा।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का गुरुवार को अहमदाबाद में निधन हो गया।




वे एक महीने से अस्पताल में भर्ती थीं। गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं। करीब 90 प्रतिशत तक जलने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उन्होंने अहमदाबाद के जायडस अस्पताल में अंतिम सांस ली।

## मुंबई में विश्व दृश्य- श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन की शुरुआत

# दुनिया के लिए सृजन का यही समय, सही समय संस्कृति, रचनात्मकता व कनेक्ट की लहर चली

### पीएम मोदी ने वेव्स को सृजनात्मकता का उत्सव बताया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का उद्घाट्न किया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की बड़ी नींव है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये संस्कृति, रचनात्मकता, यूनिवर्सल कनेक्ट की लहर है।

**टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'**

### फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बनेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बन रहा है। लाइव कॉन्सर्ट से जुड़ी इंडस्ट्री के लिए अनेक संभावनाएं हमारे सामने हैं। आज ग्लोबल एनिमेशनल मार्केट का आकार 430 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। अनुमान है कि अगले 10 सालों में ये दोगुना हो सकता है। ये भारत की एनिमेशन और ग्राफिक इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा अवसर है।

**10,000** से अधिक प्रतिनिधि

**1,000** क्रिएटर्स

**300** से अधिक कंपनियां

**350** से अधिक स्टार्टअप

**90** से ज्यादा देशों की भागीदारी होगी

### भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल




पीएम मोदी ने कहा कि ये भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें' का सही समय है। आज जब दुनिया कहानी सुनाने के नए तरीके ढूंढ रही है तब भारत के पास हजारों वर्षों की अपनी कहानियों का खजाना है। और ये खजाना समय से परे है, सोच का दायरा बढ़ाने वाला है और वास्तव में वैश्विक है। ये भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल है। सामग्री, रचनात्मकता और संस्कृति, ये ऑरेंज इकोनॉमी की तीन धुरी है। भारतीय फिल्मों की पहुंच अब दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रही है। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में रिलीज होती हैं।

**वेव्स हर कलाकार क्रिएटर का वैश्विक मंच**

पीएम मोदी ने कहा कि वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।

### सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों के डाक टिकट लॉन्च किए

पीएम ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वेव्स में भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया। पीएम ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हम ने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। मैं कभी गेमिंग, संगीत, निर्माताओं चमकने वाले चेहरों से मिला।

**उद्योगपति अंबानी ने कहा**

### भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 अरब



दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि से लाखों नौकरियां उत्पन्न होंगी और इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

**समिट में बोले रजनीकांत**

### पीएम योद्धा, वे चुनौतियों का सामना करने में सक्षम



अभिनेता रजनीकांत ने पहलगाम हमले के बारे में बात की। रजनीकांत ने मोदी को योद्धा कहा और कहा कि उन्हें भरोसा है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

**100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता हुए एकत्र:** पीएम मोदी ने कहा कि गुरुवार को मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

## हरियाणा-पंजाब में पानी पर घमासान

# भाखड़ा डैम पहुंचे मान एक बूंद पानी नहीं देंगे



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भाखड़ा डैम से हरियाणा को 8500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के आदेश के बाद जमकर विवाद बढ़ा है। डैम पर ताला लगा दिया है। सीएम भगवंत मान भी भाखड़ा डैम पहुंचे। मान ने कहा कि यह बड़ा ही गंभीर मामला है। पंजाब पानी के संकट से गुजर रहा है। पंजाब के भी डैम अपने लेवल से कम चल रहे है। भाखड़ा 1566 फीट था। इस पर बार 1555 फीट था, पौंग 1325 एमएएफए था, इस बार 1293 है। रणजीत सागर 505 मीटर था, इस बार 502 मीटर है।

हमारे पास पानी की एक भी बूंद नहीं है। हमसे कोई उम्मीद न करो। उन्होंने कहा कि कोई भी पानी नहीं ले जा सकेगा। मेरे पास पानी की बूंद-बूंद का हिसाब है। हरियाणा के लोग बेटी के घर का पानी तक नहीं पीते हैं और ये नहरें मांग रहे हैं। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस वहां प्रदर्शन कर रहे वर्कर्स के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिरिक्त पानी भेजने का सवाल ही नहीं उठता।

### हरियाणा को और पानी नहीं देंगे

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार हरियाणा को और पानी नहीं देने देगी। उन्होंने भाजपा पर पंजाब के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। चीमा ने यह टिप्पणी भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा यहां आयोजित बैठक में हरियाणा के लिए 8,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्णय लेने के एक दिन बाद की है। हरियाणा के लिए पानी छोड़ने का निर्णय पंजाब सरकार के अधिकारियों द्वारा बीबीएमबी के कदम पर कड़ी आपत्ति जताने के बावजूद लिया गया। पंजाब के अधिकारियों का दावा था कि हरियाणा ने पहले ही अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर लिया है।

### मान 'गंदी राजनीति' कर रहे : प्रवेश

**नई दिल्ली।** पानी के बंटवारे को लेकर हरियाणा और पंजाब के बीच जारी जुबानी जंग में भाजपा नीत दिल्ली सरकार ने आप शासित पंजाब पर दिल्ली में पानी की आपूर्ति रोककर 'गंदी राजनीति' करने का आरोप लगाया। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आप शासित पंजाब सरकार पर हरियाणा और दिल्ली को यमुना का पानी रोककर 'गंदी राजनीति' करने का आरोप लगाया। वर्मा ने कहा कि आप सरकार पूरी तरह से गलत काम करने को उतारू है।

## धनखड़ ने सभी को बाध्यकारी कर्तव्य की याद दिलाई

# संवैधानिक संस्थाएं अपनी सीमा में रहें तो बढ़ेगा परस्पर मान और सम्मान

## 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन पर यह बात कही

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं का एक-दूसरे का सम्मान करना बाध्यकारी कर्तव्य है और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थान अपने-अपने दायरे में सीमित रहते हैं।



उन्होंने कहा कि संस्थाओं के टकराव से लोकतंत्र फलता-फूलता नहीं है। वे उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन पर यह बात कही। उन्होंने वक्फ विधेयक को लेकर शीर्षकोर्ट के रुख का इशारा करते हुए कहा कि कई ऐसी चुनौतियां हैं, जिसकी हम चर्चा नहीं कर सकते। जो चुनौती अपनों से मिलती है जिसका तार्किक आधार नहीं है।

### उन्होंने समन्वय और सहभागिता पर दिया जोर

धनखड़ ने कहा कि जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद-विवाद हो। राष्ट्रपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर टिप्पणी करना मेरे हिसाब से चिंतन का विषय है और मैंने इस बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। सभी संस्थाओं की अपनी-अपनी भूमिका है।

### महिलाओं ने मुंबई कैनाल में किया प्रदर्शन



**मुंबई।** नासिक जिले के इगतपुरी में जलसंकट की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी है। इस बीच गुरुवार को जल समस्या के विरोध में महिलाओं ने मुंबई कैनाल में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाएं वैतरणा बांध की मुंबई कैनाल में छलांग लगाई। प्रदर्शनकारी रस्सी लगा रखे थे ताकि महिलाएं बहें नहीं। अधिकारियों ने कैनाल का पानी बंद कर दिया है।

## शीर्ष कोर्ट ने 2015 के निर्देश को दोहराया और कहा

# ताजमहल के 5 किमी के भीतर बिना हमारी अनुमति के पेड़ नहीं काटे जाएं

## अधिकारियों को शर्तों का अनुपालन करने को भी कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल के 5किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया है।



मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किमी की दूरी से परे टीटीजेड के भीतर पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के प्रभागीय वन अधिकारी की अनुमति की जरूरी है। अधिकारी अधिनियम के प्रावधानों से बंधे होंगे। काटने की अनुमति देने से पहले निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

### 8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा

पीठ ने कहा कि ताजमहल के 5 किलोमीटर के भीतर मौजूद क्षेत्रों के संबंध में, 8 मई, 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में, पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। कोर्ट समिति से अनुशंसा मांगेगी और पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी। जब तक पेड़ों को काटने की जरूरत न हो, अधिकारी को शर्त लगानी होगी।

## नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म के बाद नहीं थम रहा बवाल

# 'कर्फ्यू' के हालात, सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिस

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

शहर में 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के बाद हुआ बवाल दूसरे दिन भी नहीं थमा। सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरकर जमकर हंगामा किया। शहर में कर्फ्यू जैसा माहौल है। सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिसनजर आ रही है। भाजपाई, हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता व आमजन आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंप आरोपित के घर की ओर कूच करने लगे तो पुलिस ने रोक लिया। लोग कोतवाली के बाहर आरोपित को फांसी की सजा देने और उसके घर को ढहाने की मांग को लेकर डटे हैं।

### सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और हंगामा किया, फांसी की मांग



### पेशी के दौरान आरोपी को पीटने दौड़े अधिवक्ता

आरोपी को पुलिस हल्द्वानी कोर्ट में पेश की तो दौरान अधिवक्ता भी उसे पीटने दौड़ पड़े। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में उसे पेश किया। बुधवार रात मुस्लिम ठेकेदार 65 वर्षीय उस्मान द्वारा दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद बवाल हो गया था। भाजपाई और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता समेत तमाम लोगों ने रात तक जमकर हंगामा किया था। अधिवक्ताओं ने भी डांठ तिराहे में धरना प्रदर्शन कर आरोपी का केस नहीं लड़ने का ऐलान किया।

**दुकान-प्रतिष्ठान बंद पर्यटक भी नहीं**

घटना के विरोध में शहर के तमाम व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। जिस कारण सड़कों पर कर्फ्यू सा माहौल रहा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस फोर्स के अलावा सड़कों पर सामान्य लोग और पर्यटक भी नजर नहीं आए।

### आरोपी के घर स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस

मामले ने तूल पकड़ा तो पालिका को भी अवैध निर्माण भी याद आ गई। पालिका ने सख्ती दिखाते हुए आरोपी के भवन को अवैध अतिक्रमण करार देकर नोटिस जारी किया है। पालिका की ओर से आरोपी के भवन में नोटिस चस्पा कर तीन दिन के भीतर खुद अतिक्रमण हटाने और अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए है। अन्य अतिक्रमणकारियों को भी नोटिस जारी किए गए है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## मौसम विभाग ने दिया पूर्वानुमान

# तेज धूप- गर्मी के साथ ही आंधी-बारिश की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी और तेज धूप का दौर जारी हैं। कई जगह लू की स्थिति देखने को भी मिल रही है, लेकिन अब लोगों को इससे थोड़ी राहत मिलने जा रही है। मौसम में बदलाव होने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे लोगों को गर्मी और लू से राहत मिलेगी।

इस दौरान भीषण गर्मी भी लोगों को परेशान करेगी। मौसम पूर्वानुमान एजेंसियों ने मई के पहले सप्ताह में पूरे देश में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने की संभावना व्यक्त की है। देश के लगभग सभी हिस्सों में



बारिश और गरज-चमक देखने को मिलेगी। स्काईमेट वेदर का अनुमान है कि देश के लगभग सभी हिस्सों में बारिश और गरज-चमक देखने को मिलेगी। इस बार बारिश गुजरात और राजस्थान के अंतिम छोर तक पहुंचेगी। यह बारिश प्री-मानसून पीक रेनफॉल साबित हो सकती है, जो आगामी मानसून सीजन से भी जुड़ी हुई है।

## खबर संक्षेप

### शांति और सौहार्द के साथ न्याय चाहिए



**करनाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल समेत 26 निहत्थे पर्यटकों की बर्बरता से बत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### यूएस में रह रहा फई भगोड़ा अपराधी घोषित



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले की एक एनआईए अदालत ने अमेरिका में रह रहे 'लॉबिस्ट' गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बडगाम में एनआईए के विशेष न्यायाधीश के माध्यम से डॉ. गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कराने में सफलता हासिल की है। वडवान निवासी फई फिलहाल अमेरिका में है और यूपीए मामले में आरोपी है।

### द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान का इस्तीफा



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने इस्तीफा दे दिया है। हान ने कहा कि उन्होंने देश के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। हान शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे। उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति युन सुक येओल ने देश के दूसरे अहम पद पीएम के रूप में नियुक्त किया था।

### केन्या में विपक्षी नेता की गोली मारकर हत्या



**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या में विपक्षी नेता सांसद चार्ल्स वर की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना राजधानी नैरोबी में घटी। पुलिस ने बताया कि हत्या की यह घटना सुनियोजित थी और विपक्षी सांसद को पूरी योजना के तहत निशाना बनाया गया। जिस वक्त चार्ल्स को गोली मारी गई, उस वक्त उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड भी था। हमलावर बाइक से आए थे।

## अमेरिकी एजेंसी डीएससीए ने दी मंजूरी

# भारत की सैन्य शक्ति होगी और मजबूत, डर से थर-थर कांपेंगे दुश्मन मिलेंगे 11.08 अरब के सैन्य हार्डवेयर, रसद आपूर्ति सहायता भी मिली

डीएससीए का मिशन साझा चुनौतियों का जवाब देने के लिए दूसरे देशों के सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों को आगे बढ़ाना है।

**>> अमेरिका की विदेश नीति के तहत भारत एक प्रमुख रक्षा साझेदार**

**>> भारत ने 'सी-विजन सॉफ्टवेयर' और 'रिमोट सॉफ्टवेयर' भी मांगा**

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

भारत को अमेरिका से 11.08 अरब के सैन्य हार्डवेयर मिलेंगे। अमेरिकी एजेंसी भारत को जरूरी रसद सहायता भी देगी। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन के तहत काम करने वाली एजेंसी डिफेंस सिक्युरिटी कॉर्पोरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को भी सूचित किया है। सैन्य हार्डवेयर और रसद आपूर्ति को मंजूरी ऐसे समय में मिली है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली सरकार और अमेरिकी प्रशासन भारत को सैन्य खरीद के लिए अमेरिका से और रिश्ते बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। डीएससीए का मिशन साझा चुनौतियों का जवाब देने के लिए दूसरे देशों के सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों को आगे बढ़ाना है।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दिखेगा असर

*इस प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। अमेरिका अपनी विदेश नीति के तहत एक प्रमुख रक्षा साझेदार की सुरक्षा में सुधार करने में मदद कर रहा है। बता दें कि दोनों देश हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बने हुए हैं।*



### समुद्री क्षेत्र में बेहतर क्षमता हासिल करने का प्रयास

विदेश विभाग ने जिस 131 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत वाले जिस प्रस्ताव को मंजूरी दी है, इससे भारत को इंडो-पैसिफिक समुद्री डोमेन में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके लिए अमेरिका ने संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को भी मंजूरी दी है। भारत ने समुद्री क्षेत्र में बेहतर क्षमता विकसित करने के लिए अमेरिका से सी विजन दस्तावेजों और रसद से जुड़ी दूसरी चीजों तक पहुंच सुनिश्चित कराने की अपील भी की थी।

### वर्जीनिया का ठेकेदार करेगा आपूर्ति

*अमेरिका के मुताबिक भारत को सैन्य हार्डवेयर और रसद को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। इससे बुनियादी सैन्य संतुलन में भी कोई बदलाव नहीं होगा। अमेरिकी रक्षा तैयारियों पर भी कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। आपूर्ति करने वाला मुख्य ठेकेदार वर्जीनिया के हर्नडन स्थित हॉकआई 360 होगा।*

## भारत-पाक में तनाव के बीच यूएस विदेश मंत्री ने जयशंकर और पीएम शरीफ को किया फोन

# भारत की दो टूक, पहलगाम हमले के 'गुनहगारों' को सजा दिला कर रहेंगे

आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करेगा अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिशों में जुट गया है। इसके मद्देनजर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से फोन पर बात की। अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से बात की है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर दी। पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

■ यूएस रक्षा मंत्री हेगसेथ ने राजनाथ से की बात

उधर, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मार्को रुबियो के अलावा 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के 10 अस्थायी सदस्यों में शामिल दक्षिण-कोरिया के विदेश मंत्री चो ताए-युल से भी टेलीफोन पर बातचीत की।

वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ राजनाथ सिंह ने फोन पर बात की है। दोनों नेताओं के बीच पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ी वार्ता हुई है।



### मारे गए लोगों के लिए दुख जताया

संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस की ओर से जारी एक बयान में इस बातचीत का विवरण दिया गया। रुबियो ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए दुख जताया। आतंकी हमले में 26 निहत्थे लोग मारे गए थे। रुबियो ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा अमेरिका आतंकवाद से लड़ाई में भारत का समर्थन करता है और पाकिस्तान से पहलगाम हमले की जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है।

### भारत के साथ मिलकर काम करे पाक

*टैमी ब्रूस ने पाकिस्तान से हुई बातचीत का भी विवरण दिया। उन्होंने कहा कि विदेश सचिव ने दोनों देश के नेताओं ने आतंकवादियों को उनकी जघन्य हिंसा के लिए जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सचिव ने इस अमानवीय हमले की जांच में पाकिस्तानी अधिकारियों से सहयोग करने को कहा। उन्होंने पाकिस्तान को तनाव कम करने, सीधे संचार को फिर से स्थापित करने और दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।*

### कश्मीर फाइल्स देखने की सलाह

इस बीच, रिपब्लिकन पार्टी के अमेरिकी सांसद रिच मैक्कार्मिक ने वाशिंगटन में पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाया है। रिच मैक्कार्मिक ने कहा कि अमेरिका निर्दोष लोगों के विरुद्ध इस तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं कर सकता। कश्मीर का इतिहास समझने के लिए उन्होंने फिल्म कश्मीर फाइल्स देखने की सलाह भी दी।

### यूएस के रक्षा मंत्री हेगसेथ बोले भारत को प्रतिरक्षा का अधिकार



रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 1 मई को अमेरिका के विदेश मंत्री पीट हेगसेथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को फोन कर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के मामले पर सहानुभूति के साथ गहरी संवेदनाएं प्रकट की। राजनाथ सिंह ने अपने अमेरिकी समकक्ष को बताया कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान करने का इतिहास रहा है। साथ ही एक ऐसे दुष्ट देश के रूप में उसकी सच्चाई सबके सामने आ चुकी है, जिसमें वह वैश्विक आतंकवाद को खाद-पानी देने के अलावा क्षेत्र में अस्थिरता को बढ़ाने का काम कर रहा है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि विश्व समुदाय पूरी एकजुटता और स्पष्टता के साथ आतंकवाद के इस घिनौने कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उसके खिलाफ आवाज उठाए। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आतंकी हमले को लेकर एकजुटता से भारत के प्रतिरक्षा के अधिकार का समर्थन करते हुए कहा कि अमेरिका की सरकार आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में उसके साथ खड़ी है।


### ब्रिटेन अपने दोस्त भारत की मदद के लिए खड़ा हो



**लंदन।** ब्रिटेन की भारतीय मूल की सांसद प्रीति पटेल ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और अपनी सरकार से अपील की कि ब्रिटेन को अपने दोस्त भारत के साथ इस मुश्किल समय में खड़ा होना चाहिए और दोनों देशों के आतंक के खतरे से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। प्रीति पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। यह एक आतंकी घटना थी और हमें इसे वो ही बताना चाहिए, जो ये है।

## ...अब पाकिस्तान की खैर नहीं

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और मिस्र



एजेंसी ⏭ काहिरा

पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में निंदा की जा रही है। पाकिस्तान की लगातार मुश्किलें बढ़ रही हैं। अब भारत और मिस्र ने मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करने की तैयारी की है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।

काहिरा में आतंकवाद रोकने को लेकर भारत-मिस्र संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक में दोनों देश आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मिस्र ने हिंसा के सभी रूपों का सामना करने में भारत के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की। भारत और मिस्र ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। दोनों देशों ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने देशों और क्षेत्रों में आतंकवादी खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### नई तकनीक का उपयोग करेंगे

भारत और मिस्र ने आतंकवाद के लिए तकनीक के उपयोग और क्रिप्टोकरेंसी, मानव रहित हवाई प्रणालियों सहित आतंकवाद के वित्तपोषण और आतंकवादियों द्वारा साइबरस्पेस के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सहयोग के क्षेत्रों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों ने धन शोधन विरोधी प्रयासों, मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई।

### रक्षा सहयोग को करेंगे मजबूत

भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल काहिरा के दौरे पर है। इसमें एचएएल, बीईएल, बीडीएल के सीएमडी समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के वायु रक्षा प्रमुख, एओआई के चेयरमैन और मिस्र की वायुसेना के चीफ ऑफ स्टाफ से मुलाकात की।

## संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर गरजा भारत

# कहा- आतंकवाद अस्वीकार्य, चाहे कुछ भी शिकायत हो, हम शांति स्थिरता चाहते

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क



संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने फिलिस्तीन पर एक बहस के दौरान सुरक्षा परिषद को बताया कि भारत पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता देखना चाहता है और हम इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद अस्वीकार्य है, चाहे शिकायत कुछ भी हो, इसका समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही किया जाना चाहिए।

### बंधकों को रिहा करें

*पी. हरीश ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से हिंसा छोड़ने, बंधकों को रिहा करने तथा वार्ता के रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान करता है, ताकि सभी लोग सामान्य जीवन जी सकें। संघर्ष को समाप्त करने के लिए वार्ता और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है तथा इजराइल और फिलिस्तीन को संप्रभु राष्ट्र के रूप में एक साथ रहने का द्वि-राज्य समाधान 'स्थायी और सतत शांति' का सूत्र है।*

## एक ही दिन दो बड़ी नियुक्तियां

# एयर मार्शल दीक्षित ने संभाला सीआईएससी का कार्यभार, त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आशुतोष दीक्षित



तेजिंदर सिंह

वायु सेना के वरिष्ठ फाइटर पायलट एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने गुरुवार को चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) का पदभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उन्हें दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन्स में त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इससे पहले एयर मार्शल दीक्षित मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे, जहां उन्होंने उत्तर भारत और मध्य क्षेत्र में परिचालन तैयारियों को सशक्त बनाने में योगदान दिया है।

### सिंह ने प्रशिक्षण कमान का नेतृत्व संभाला

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना की प्रशिक्षण कमान के प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वे इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पद पर तैनात थे। कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल सिंह ने मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में औपचारिक सलामी गारद का निरीक्षण किया और वहां युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर मार्शल सिंह ने जून 1987 में कमीशन प्राप्त किया था करीब 4,500 घंटों से अधिक समय तक विमान उड़ाने का अनुभव है।

## अमेरिका और यूक्रेन के बीच हुआ एमओयू

# खनिज संसाधन समझौते पर किए हस्ताक्षर निवेश और आर्थिक सुधार को मिलेगी गति

एजेंसी ⏭ कीव

अमेरिका और यूक्रेन ने खनिज संसाधन सौदे की घोषणा की। अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने इस समझौते के बारे में एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संयुक्त राज्य अमेरिका को यूक्रेन के साथ निवेश करने की अनुमति देती है।

यह समझौता यूक्रेन के निवेश के माहौल को बेहतर बनाएगा और यूक्रेन की आर्थिक सुधार को गति देगा।



### यूक्रेन पर रूस का हमलां, 2 की मौत

*यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने दावा किया है कि गुरुवार सुबह रूस ने काला सागर के तटवर्ती शहर ओडेसा में ड्रोन हमले किए। इन हमलों मे दो लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रूस की बमबारी से कई इमारतें तबाह हो गईं। इसमें अपार्टमेंट, घर, सुपरमार्केट और एक स्कूल शामिल है।*

## अंतरिक्ष में इतिहास रचने को तैयार भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु

# 29 मई को 14 दिन के मिशन पर जाएंगे, पूरी की ट्रेनिंग

*अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय होंगे, नासा, मस्क की स्पेसएक्स और इसरो का संयुक्त मिशन*

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास रचने और अपने पहले अंतरिक्ष मिशन पर जाने के लिए तैयार हैं। दरअसल शुक्ला समेत पूरे एक्जियोम-4 क्रू के सदस्यों ने कैलिफोर्निया में स्पेसएक्स के साथ अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। शुक्ला की मॉक ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में उसी सूट में ट्रेनिंग हुई, जिसे पहनकर वे 29 मई 2025 को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। वे एक्जियोम स्पेस के एक निजी मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाएंगे।



### रात करीब 10:33 बजे उड़ान भरेंगे

यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स और भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के सहयोग से किया जा रहा है। 14 दिन के मिशन पर जाने वाले एक्जियोम-4 क्रू के सदस्य स्पेसएक्स के शक्तिशाली रॉकेट फाल्कन-9 रॉकेट से नासा के फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से 29 मई की रात करीब 10.33 बजे उड़ान भरेंगे।

### गगनयान मिशन का भी हिस्सा होंगे शुभांशु

शुक्ला को 2019 में भारत के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था। इस मिशन पर उनके साथ ही भारत के तीन और अंतरिक्षयात्री जाने वाले हैं। शुक्ला ने रूस के यूरी गागरिन कोस्मोनोट ट्रेनिंग सेंटर और इसके बाद बेंगलुरु में इसरो के प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स में एस्ट्रोनोट ट्रेनिंग पूरी की। इसरो ने कहा है कि शुभांशु शुक्ला के एक्जियोम-4 मिशन पर जाने से भारत के गगनयान मिशन के लिए समझ बेहतर होगी।

### आईएसएस पर सात प्रयोग करेंगे

एक्जियोम-4 मिशन के तहत शुक्ला आईएसएस पर सात प्रयोग करेंगे। इन एक्सपेरीमेंट्स को भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें स्क्रीन के इस्तेमाल के वक्त मस्तिष्क पर पड़ने वाले कॉगनिटिव इफेक्ट का अध्ययन, माइक्रोबियल एडेप्टेशन , मसल एट्रोफी, माइक्रोग्रेविटी में फसल रेजिलिएंस का अध्ययन शामिल है।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सलवाद के खिलाफ बड़ा अभियान

# शान से लहराया तिरंगा, करेंगुट्टा पहाड़ी को पूरी तरह से सुरक्षा बलों ने नियंत्रण में लिया

एजेंसी ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ी का इलाका एक समय नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों का यह किला भी ढहा दिया और करेंगुट्टा पहाड़ी पर तिरंगा फहरा दिया है। बीते नौ दिनों से जारी ऑपरेशन करेंगुट्टा अभी भी जारी है। करेंगुट्टा पहाड़ी पर ही नक्सलियों के शीर्ष नेता जैसे हिडमा, देवा, दामोदर, आजाद और सुजाता का ठिकाना था, लेकिन अब इस पर पूरी तरह से सुरक्षाबलों का नियंत्रण हो गया है और तिरंगा शान से लहरा रहा है। ऑपरेशन करेंगुट्टा की शुरुआत 21 अप्रैल को हुई थी। करेंगुट्टा पहाड़ी इलाका करीब 800 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैला है।



### अभियान में 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए

बीते 9 दिनों से ऑपरेशन करेंगुट्टा देश में उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए सबसे बड़े ऑपरेशन में से एक है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में चलाए गए ऑपरेशन में करीब 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। इनमें डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ समेत राज्य पुलिस की सभी यूनिट के जवान, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवान शामिल हुए। साथ ही हेलीकॉप्टर, ड्रोन यूनिट के जरिए पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी गई। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पूरे ऑपरेशन की मॉनीटरिंग की।



# विश्व मनोरंजन शिखर सम्मेलन कल 'पंचायत' ने शामिल होकर रचा इतिहास

**मुंबई।** अभिनेता जितेंद्र कुमार और अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक 'पंचायत' के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। कुछ दिन पहले ही निर्माताओं ने 'पंचायत' के चौथे सीजन का ऐलान किया था, वहीं अब 'पंचायत' ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, यह पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाली पहली वेब सीरीज बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वेब सीरीज 'पंचायत' को विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 में शामिल कर लिया गया है। 'मेकिंग ऑफ पंचायतः ग्रासरूट स्टोरीटेलिंग' नाम के इस सेशन में सीरीज के बारे में खास बात की जाएगी।

लाइफ Style

# सायली

## मां का प्रेम सीमाओं से परे...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी शो वीर हनुमान में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे का कहना है कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है और वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। सोनी सब का शो वीर हनुमान एक भावनात्मक और प्रेरणादायक प्रस्तुति है, जो बाल मारुति के असाधारण रूपांतरण की कहानी है।

आगामी एपिसोड्स में दर्शक एक बेहद भावुक मोड़ देखेंगे, जब अंजनी निःस्वार्थ भाव से अपनी आत्मा पाताल काली को समर्पित कर देती हैं। सिर्फ अपने पुत्र को उसके वास्तविक रूप में लौटाने के लिए। वह इसके लिए अपना जीवन त्यागने को तैयार हो जाती है। जब भगवान हनुमान को इस बलिदान का ज्ञात होता है, वे पाताल लोक की ओर प्रस्थान करते हैं, राक्षसों से भीषण युद्ध करते हैं, जिससे अपनी मां को बचा सकें। शो में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे ने कहा कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है। 'वीर हनुमान' सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे केवल सोनी सब पर प्रसारित होता है। वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। जैसे अंजनी अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार थीं, वैसे ही हर मां में वह शक्ति होती है कि वह किस्मत को चुनौती दे, असंभव को संभव बनाए और अपने बच्चे की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सके। अंजनी ने अनजाने भविष्य की ओर कदम बढ़ाया, और उसी तरह हर मां अपने बच्चे के लिए असाधारण साहस की शक्ति पा लेती है। यही मां के प्रेम की ताकत है। वह भाग्य को मात देता है और त्याग व साहस की अपनी कहानी खुद लिखता है।




## हॉलीवुड मसाला

# एयरिन ने खुद को बताया ट्रांसजेंडर



**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'



# गेरी ने डेमी मूर से माफी मांगी

**लॉस एंजिल्स।** साल 1995 में एक हॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई 'द स्कारलेट लेटर'। इस फिल्म में गेरी ओल्डमैन और डेमी मूर ने लीड रोल किए थे। यह फिल्म इसी नाम के चर्चित नॉवेल पर बेस्ड थी। इस फिल्म के सेट पर डेमी के साथ गेरी ओल्डमैन ने काफी खराब व्यवहार किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में गेरी ओल्डमैन बताते हैं, 'मैं उस समय शराब का आदी था और बहुत बुरे दौर से गुजर रहा था। मैं लंच टाइम पर खूब सारी शराब पी लेता था। इसके बाद सेट पर आकर सीन शूट करता था। अगले दिन मुझे अहसास होता कि जो किया वो गलत था। ऐसे में मैंने डेमी मूर से माफी मांगी। मैंने डेमी से कहा कि शायद तुम मुझसे नफरत करती होगी, मुझे माफ कर दो। इस पर डेमी का जवाब था, 'मैं तुमसे नफरत नहीं करती हूं, बस तुम्हारी हालत देखकर निराश हूं।'



# मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी एनर्जी ड्रिंक मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसेडर बन गई हैं। केनी डिलाइट्स ने एनर्जी ड्रिंक के बाजार में अपना नया प्रोडक्ट मैडमैक्स लांच किया है और इसके लिए सनी लियोनी को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। मेघा जैन, जिन्होंने केनी डिलाइट्स की नींव वर्ष 2012 रखी थी, हमेशा से ही लोगों को अच्छी और पौष्टिक चीजें देने में आगे रही हैं। अब मैडमैक्स के साथ उनकी कंपनी उन नौजवानों और भाग-दौड़ वाली जिंदगी जीने वालों तक पहुंचना चाहती है, जिन्हें तुरंत एनर्जी की ज़रूरत होती है। मेघा जैन ने कहा कि सनी लियोनी की पहचान और उनकी ऊर्जा हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा यह नया प्रयास पूरे देश में बड़ी पहचान बनाएगा।



# अक्षय की 'हाउसफुल-5' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है।इस बीच मेकर्स ने हाउसफुल 5 का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। क्रूज पर गाना-बजाना चल रहा है, कि तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस,सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े,चित्रांगदा सिंह, डीनो मोरिया, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, निकितेन धीर,सौंदर्या शर्मा, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है।

## टीवी मसाला



# रामायण की 'सीता' को जब काम के आगे नहीं भाया घर-बार...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण भारतीय टेलीविजन का वह पौराणिक धारावाहिक है, जिसने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। इस सीरियल के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों में इतनी शिद्दत और सच्चाई से काम किया कि आज भी उनके चेहरे लोगों की स्मृति में बसते हैं। सीता का किरदार निभाने वालीं दीपिका चिखलिया ने एक इंटरव्यू में इस शो से जुड़ी कुछ भावुक यादें साझा कीं, जिन्होंने दर्शकों को एक बार फिर उस दौर में लौटा दिया। दीपिका ने बताया कि रामायण की शूटिंग कोई आसान काम नहीं था। इसके लिए टीम को अपने परिवारों से सालों दूर रहना पड़ा. महाराष्ट्र के बॉर्डर पर स्थित एक लोकेशन पर शूटिंग चल रही थी, जो कलाकारों के घरों से काफी दूर थी। ऐसे में त्योहारों के समय भी घर जाना मुमकिन नहीं होता था।

### सेट पर ही मनाने पड़े त्योहार

दीपिका ने खुलासा किया कि इस धारावाहिक के चलते उन्होंने और बाकी कलाकारों ने लगातार चार साल तक होली-दिवाली जैसा बड़ा त्योहार भी अपने घर पर नहीं मनाया.रामायण और उसके बाद लव-कुश सीरियल की शूटिंग मिलाकर यह सिलसिला लगभग चार साल तक चला. इस दौरान सभी कलाकार त्योहारों पर भी सेट पर ही रहे और वहीं छोटी-छोटी तैयारियों के साथ जश्न मनाया।

### सेलिब्रेशन दर्शकों के लिए था, हमारे लिए तपस्या

इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'दर्शकों के लिए रामायण एक बड़ा उत्सव था, लेकिन हमारे लिए यह एक साधना थी। हमें त्योहारों की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि हम जिस चीज के लिए काम कर रहे थे, वह बहुत खास थी। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग की कठिन परिस्थितियों और निजी बलिदानों के बावजूद पूरी टीम ने दिल से काम किया, और जब यह सीरियल लोगों के दिलों में बस गया।

### कभी नहीं खली कमी

इसी के साथ दीपिका ने कहा कि ये शो उनके और पूरी रामायण की टीम के लिए इतना खास था कि उन्हें ये बात कभी नहीं खली। उनकी मेहनत रंग लाई और आज भी ये भारत के सबसे पसंदीदा टीवी धारावाहिकों में से एक है।

# 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए निर्माता को गिरवी रखनी पड़ी संपत्ति, हुआ करोड़ों का नुकसान

*मुंबई। अक्षय कुमार की पिछले साल आई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ था। 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म के जरिए निर्माताओं को करीब 250 करोड़ रुपये का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा था, क्योंकि फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। हाल ही में इस फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी के बताया कि कैसे इसे बनाने के लिए उनके परिवार ने अपनी संपत्ति तक दांव पर लगा दी थी। इंडियन एक्सप्रेस से जैकी ने कहा, मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी सीख रही है। हमने बहुत सारा पैसा निवेश किया और मुझे एहसास हुआ कि सिर्फ पैमाना या स्तर ही काफी नहीं होता। कहीं न कहीं हमें लगा कि जो कंटेंट बनाया गया था, वो दर्शकों को बिल्कुल पसंद नहीं आया। जनता हमेशा सही होती है। इसके परिणाम देख मुझे अहसास हुआ कि फिर से सोचना होगा और समझना होगा कि यह कंटेंट दर्शकों को क्यों पसंद नहीं आया।*

### हमने अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी : जैकी

जैकी बोले, बड़े मियां छोटे मियां की असफलता को मैंने गंभीरता से लिया और भविष्य में कभी ऐसी गलती न करने की कसम खा ली। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समझ सकता है कि हमा उस वक्त किस दर्द से गुजर रहे थे। एक परिवार के तौर पर हमने इस फिल्म को बनाने के लिए अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी थी। हालांकि, हम जानते हैं कि अब कुछ भी कहने या बोलने का कोई मतलब नहीं है।



**फिल्म ने की थी बस इतनी कमाई :** अक्षय, टाइगर और निर्माताओं के साथ ही इस फिल्म से प्रशंसकों को भी काफी उम्मीदें थीं. लेकिन जब फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी तो सभी की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। पहले दिन फिल्म ने करीब 16 करोड़ रुपये का कारोबार करके कुछ हद तक अच्छे संकेत दिए थे, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई आधी हो गई।

***दो अलग-अलग पीढ़ी के कलाकार भी दर्शकों नहीं लुभा पाए :*** 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने लीड रोल निभाया था। दो अलग-अलग पीढ़ी के सितारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव हो सकता था, लेकिन ये जोड़ी दर्शकों को सिनेमाघरों में लाने में नाकाम रही। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। यह फिल्म 11 अप्रैल 2024 को ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन फिर भी इसे त्योहार का फायदा नहीं मिल सका।

# बॉलीवुड की ये तीन हसीनाएं जब 'जीरो फिगर' को लेकर हुईं ट्रोल

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेसेज अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों पर छाई रहती हैं। अपने काम को लेकर वह जितना गंभीर रहती हैं, उतना ही गंभीर वह अपनी फिटनेस को लेकर भी हैं। 'जीरो फिगर' में ढलने और उसे बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं। लेकिन कभी-कभी इसी के चलते वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ अनुष्का शर्मा, राधिका मदान और डायना हेडन के साथ... ये तीनों एक्ट्रेस ने 1 मई को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उनके जन्मदिन के मौके पर चलिए आपको बताते हैं कि क्या हुआ जब इन तीनों को 'जीरो फिगर' के लिए खूब ट्रोल किया गया।*

### वजन कम करना राधिका के लिए बना परेशानी



साल 2014 में टीवी सीरियल 'मेरी आशिकी तुम से ही' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली राधिका मदान अब बड़े पर्दे पर धूम मचा रही हैं। अन्य एक्ट्रेस की तरह दिखने के लिए उन्होंने भी वजन कम किया, लेकिन ये उल्टा उन पर ही भारी पड़ गया और वह ट्रोलर्स के हत्थे चढ़ गईं।

### मिस वर्ल्ड डायना हेडन



डायना हेडन ने साल 1997 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। उन्हें अपने करियर में सांवले रंग को लेकर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह अपनी फिटनेस को लेकर भी जानी जाती हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था, जब वह अपने फिगर को लेकर काफी ट्रोल हुई थीं।

### अनुष्का ने ज्यादा वजन कम कर लिया



अनुष्का शर्मा आज इंडस्ट्री का जाना-पहचाना पहचाना नाम हैं। उन्होंने फिल्मों में अपनी अलग जगह बनाई है। लेकिन 'मटरू की बिजली का मंडोला' में उन्होंने परफेक्ट फिगर पाने के लिए जरूरत से ज्यादा वजन कम कर लिया था। कई लोगों को उनका ये लुक पसंद आया, तो कई लोगों ने इस पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा- 'इतनी पतली हो गई हो, कहीं गिर न जाओ', वहीं अन्य यूजर ने लिखा- 'बीमार तो नहीं हो आप।'

## जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए

# 'रेड 2': रितेश देशमुख जब पहली बार बने थे विलेन, सहम गए थे दर्शक

*मुंबई। बॉलीवुड में प्राण से लेकर, अमजद खान, अमरीश पुरी, प्रेम चोपड़ा, शक्ति कपूर और गुलशन ग्रोवर जैसे कई सितारे रहे, जो अपनी खलनायकी से हीरो पर भी भारी पड़े। क्या आप जानते हैं कि सीधे-सादे सा दिखने वाले अभिनेता रितेश देशमुख जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए। यही नहीं, उनकी वो फिल्म भी जबरदस्त हिट रही। आइए 'रेड 2' में खलनायकी के लिए वाहवाही लूट रहे रितेश की उस फिल्म के बारे में जानें।*

### 'रेड 2' में भी छाए रितेश

फिलहाल रितेश 'रेड 2' के लिए खूब तारीफें लूट रहे हैं। उनकी खलनायकी को एक बार फिर सराहा जा रहा है। उन्होंने नकारात्मक भूमिका में फिर अपनी नई छवि गढ़ी है। अजय देवगन इस फिल्म के हीरो हैं और उनकी पत्नी बनी हैं वाणी कपूर।

### 'एक विलेन' थी वो फिल्म

हमेशा हीरो के साथ साइड रोल में दिखने वाले रितेश को जब पहली बार पर्दे पर खलनायक की भूमिका में देखा गया तो दर्शकों के साथ-साथ समीक्षक भी हैरान रह गए। लोगों को चेहरों पर अक्सर मुस्कान छोड़ जाने वाले रितेश ने साल 2014 में पहली बार फिल्म एक विलेन में खलनायक का किरदार निभाया और सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उनकी खलनायकी न सिर्फ फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा पर भारी पड़ी, बल्कि अच्छे-अच्छों सितारों के पसीने छूट गए।



### रितेश को देख कांप गई थी दर्शकों की रूह

दरअसल, फिल्म में विलेन का किरदार इतना क्रूर था, जिसमें रितेश जैसे सामान्य भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता को देखने के बारे में कोई सोच भी नहीं कर सकता था। इसमें रितेश ने 'राकेश' नाम के एक सनकी सीरियल किलर का किरदार निभाया था, जो लड़कियों को बेरहमी से मौत के घाट उतार देता है। इस रोल को रितेश ने इतनी संजीदगी से पर्दे पर उतारा कि दर्शकों की रूह कांप गई।

**कमाई के मामले में मचाया कोहराम :** एक विलेन में अपनी खलनायकी के लिए रितेश ने कई पुरस्कार जीते थे। इस फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा और हीरोइन थीं श्रद्धा कपूर। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी ये फिल्म सुपरहिट रही थी।

### इन 2 फिल्मों में भी निभाई नकारात्मक भूमिका

एक विलेन के बाद रितेश ने साल 2019 में आई फिल्म 'मरजावां' में विलेन की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनका विलेन का किरदार जरा हटकर रहा। फिल्म में उन्होंने एक बौने का रोल किया था, जो की माफिया से जुड़ा है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और तारा सुतारिया मुख्य भूमिका में थे। साल 2014 में रितेश ने मराठी फिल्म 'लय भारी' में डबल रोल किया था। एक रोल सीधे-सादे शख्स का था, तो दूसरा किरदार उनका एक गुंड़े का रहा।




# गुजरात को प्लेऑफ के लिए जीत जरूरी, हैदराबाद के लिए आज करो या मरो मैच

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पिछले मैच में मिली हार से उबरकर गुजरात टाइटंस अब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने उतरेगी जबकि सनराइजर्स को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना होगा।

गुजरात टाइटंस इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से है जिसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी गहराई है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम नौ मैचों में छह जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में पहुंचने के लिए 16 अंक पूरे कर सके।



**फार्म में गुजराती खिलाड़ी**

गुजरात के साइ सुदर्शन पांच अर्धशतक समेत 456 रन बनाकर आरेंज कैप ले चुके हैं। वहीं कप्तान गिल ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं जो इस सत्र में शीर्ष सात बल्लेबाजों में हैं। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की तेज तिकड़ी प्रभावी रही है। स्पिनरों में राशिद खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फॉर्म में लौटकर 25 रन देकर दो विकेट लिए जबकि वॉशिंगटन सुंदर से उन्हें अच्छा सहयोग मिला।

## हार से सनराइजर्स दौड़ से होगा बाहर

सनराइजर्स के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवे स्थान पर है। एक और हार से प्लेआफ के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। सनराइजर्स के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। शीर्षक्रम की नाकामी से मध्यक्रम पर दबाव बना जिसमें हेनरिक क्लासेन, नीतिश कुमार रेड्डी और ईशान किशन फॉर्म में नहीं हैं। पिछले दो मैचों में अभिषेक दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके जबकि हेड ने आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है।

## अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का भारी जुर्माना

चेन्नई। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में चार विकेट से मिली जीत में धीमी ओवरगति के लिये 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की मीडिया सूचना में कहा गया, 'यह आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत इस सत्र में टीम का धीमी ओवरगति से जुड़ा पहला अपराध था जिसके लिए श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।'



अय्यर और प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों और युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के दम पर पंजाब ने चेन्नई को चार विकेट से हराकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

खास खबर

## बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक और चिराग को मिला खेल रत्न



**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बैडमिंटन सितारे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को गुरुवार को मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार प्रदान किया। सात्विक और चिराग को पिछले साल यह सम्मान मिला था लेकिन खेल में व्यस्त होने के कारण वे राष्ट्रपति भवन में सम्मान लेने नहीं जा सके। उन्हें फरवरी में खेलमंत्री से सम्मान लेना था लेकिन सात्विक के पिता आर कासी विश्वनाथम का दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा।

## भारतीय भारोत्तोलकों ने जीते दो कांस्य



**लीमा।** भारत ने आईडब्ल्यूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत करते हुए दो कांस्य पदक जीते। ज्योशना साबार ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में कुल 129 किलो (56 और 72) वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बुधवार को क्लीन और जर्क में रजत पदक जीता था। युवा लड़कों के 49 किलो वर्ग में हर्षवर्धन साहू ने 197 किलो वजन (87 और 110) उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लीन और जर्क में भी कांस्य जीता था। विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन और जर्क और कुल तीन पदक दिए जाते हैं।

## चेल्सी ने लगातार छठी बार जीता महिला सुपर लीग खिताब




**मैनचेस्टर।** चेल्सी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया जो इस सत्र का उनका दूसरा खिताब है। दूसरे स्थान पर काबिज आर्सनल के एस्टोन विला के हाथों 5-2 से हारने के बाद चेल्सी ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 1-0 से हराकर नौ अंक की अजेय बढ़त बना ली। अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। चेल्सी ने इस सत्र में लीग कप पहले ही जीत लिया है और एफए कप फाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका सामना 18 मई को वेम्बली स्टेडियम में मैनचेस्टर यूनाइटेड से होगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 11 | 3 | 8 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

ऑरेंज कैप



सूर्यकुमार
475 रन
मुंबई

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

### आईपीएल : लगातार चार हार के बाद इंडियन्स की लगातार छठी जीत

# मुंबई का 'सिक्सर', राजस्थान 100 रन की हार से प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| जयपुर

मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 100 रन से हराया। लगातार छठी जीत दर्ज करते हुए मुंबई ने अंक तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई और प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। शुरुआती पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने वाले मुंबई के 11 मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम इतने ही मुकाबलों में छह अंक के साथ आठवें स्थान पर है और प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

मुंबई के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम कर्ण शर्मा (तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (दो विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 16.1 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। रेयान रिकल्टन ने 38 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 61 रन की पारी खेलने के अलावा रोहित (53 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन जोड़कर मुंबई को बेजोड़ शुरुआत दिलाई। कप्तान हार्दिक पंड्या (नाबाद 48) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 48) ने इसके बाद अंतिम ओवरों में 44 गेंद में 94 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर दो विकेट पर 217 रन तक पहुंचाया।



## वैभव शतक के बाद 'जीरो', फिर रोने लगे

*गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक लगाकर इतिहास रचने वाले वैभव सूर्यवंशी अपने करियर के चौथे आईपीएल मैच में फेल रहे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2025 के 50वें मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी का खाता तक नहीं खुला। वैभव सिल्वर डक पर पवेयिलन लौटे। क्रिकेट में जब कोई बल्लेबाज 2 गेंदों का सामना करता है और कोई रन नहीं बनाता तो इसे सिल्वर डक कहा जाता है। आउट होने के बाद वैभव काफी भावुक नजर आए। वैभव ने डेब्यू मैच में 34 रन जड़ दिए थे। आउट होने के बाद वैभव रोते हुए वापस लौटे थे।*

## रोहित शर्मा ने मुंबई के लिए बनाए 6000 रन

रोहित शर्मा ने आईपीएल में एक ही टीम के लिए खेलते हुए 6000 रन पूरे करने की उपलब्धि हासिल की। वह ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले विराट कोहली ने यह कारनामा आरसीबी के लिए किया था। कोहली के नाम आरसीबी के लिए 8871 रन दर्ज हैं।

### स्कोर बोर्ड


| मुंबई इंडियन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकल्टन बो तीक्षणा | 61 | 38 | 7 | 3 |
| रोहित का जायसवाल बो पराग | 53 | 36 | 9 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 48 | 23 | 4 | 3 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 48 | 23 | 6 | 1 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 217/2
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-42-0, फारूकी 4-0-54-0, तीक्षणा 4-0-47-1, कार्तिकेय 2-0-22-0, मधवाल 4-0-39-0, पराग 2-0-12-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो बोल्ट | 13 | 06 | 0 | 2 |
| वैभव सूर्यवंशी का जैक्स चाहर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| नितीश राणा का वर्मा बो बोल्ट | 09 | 11 | 2 | 0 |
| पराग का रोहित बो बुमराह | 16 | 08 | 3 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का एवं बो कर्ण | 11 | 11 | 0 | 1 |
| हेटमायर सूर्यकुमार बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| दुबे का बोल्ट बो हार्दिक | 15 | 09 | 2 | 1 |
| आर्चर का बुमराह बो बोल्ट | 30 | 27 | 2 | 2 |
| तीक्षणा का सूर्यकुमार बो कर्ण | 02 | 09 | 0 | 0 |
| कार्तिकेय का चाहर बो कर्ण | 02 | 04 | 0 | 0 |
| आकाश मधवाल नाबाद | 04 | 09 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 16.1 ओवर में 117/10
गेंदबाजी : चाहर 2-0-13-1, बोल्ट 2.1-0-28-3, बुमराह 4-0-15-2, बॉश 3-0-29-0, हार्दिक 1-0-2-1, कर्ण 4-0-23-3.

### खबर संक्षेप



## वेव्स चैंपियनशिप में खेलेंगे डेनियल, तेजस

**मुंबई।** भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ द्वारा आयोजित की जा रही वेव्स ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप में डेनियल पटेल और तेजसकुमार भोई भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप के भारत चरण में विजेता बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय चरण में पटेल और भोई पांच अन्य देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत चरण में कुल 35,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें से ईफुटबॉल और विश्व क्रिकेट चैंपियनशिप 3 दो खिताबों के लिए शीर्ष आठ प्रतिभागियों में से क्रमशः पटेल और भोई विजेता बने। ईफुटबॉल के विजेता पटेल का सामना मलेशिया, लाओस और थाईलैंड जबकि भोई का सामना नेपाल, श्रीलंका के प्रतिद्वंद्वियों से होगा।

## मुनोज आई-लीग सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** श्रीनिधि डेक्कन एफसी के शानदार स्ट्राइकर डेविड कास्टानेडा मुनोज को गुरुवार को आई लीग सत्र 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने भले ही नौवें स्थान पर लीग का समापन किया लेकिन मुनोज ने 22 मैच में 17 गोल करके सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। इंडियन वुमैन्स लीग में गोकुलम केरल एफसी की फजीला इक्वापुट लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष स्कोरर रहीं और उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार मिला। फजीला ने 24 गोल किए जिससे केरल की टीम 14 मैच में 29 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाली ईस्ट बंगाल (37 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रही।



## पथिराना की गेंदों को भांपने लगे हैं बल्लेबाज

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहे मथीषा पथिराना का बचाव करते हुए कहा है कि विरोधी बल्लेबाज अब उनकी गेंदों को समझने लगे हैं और उसे बेहतर खेल पा रहे हैं। पांच बार की चैंपियन चेन्नई बुधवार को पंजाब सुपर किंग्स से मिली हार के बाद आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई।



### महिला टी-20 वर्ल्ड कप

# लॉर्ड्स पर होगा फाइनल 12 टीमें खेलेंगी 33 मैच





एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला टी20 विश्व कप फाइनल अगले साल पांच जुलाई को लाडर्स क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बारह टीमों का टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा जिसमें 33 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल लॉर्डर्स पर होगा जहां 2017 महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला जा चुका है। लाडर्स के अलावा विश्व कप के मैच ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एडबस्टन, ओवल, हैंपशर बाउल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड पर खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट में टीमों को दो समूहों में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज समेत आठ टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं जबकि बाकी चार टीमों का चयन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2025 से होगा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'ब्रिटेन में सभी टीमों को अपार समर्थन मिलता है। 2017 में लाडर्स पर महिला विश्व कप फाइनल में स्टेडियम खचाखच भरा था और फाइनल के लिए इससे बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती। हम टूर्नामेंट की तैयारी पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे है। हमें यकीन है कि रोमांचक टी20 क्रिकेट न केवल यहां प्रशंसकों को लुभाएगा बल्कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में ओलंपिक मंच पर क्रिकेट की वापसी के लिए 'शोकेस' भी होगा।'

## मैने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश की : चहल

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले युजवेंद्र चहल ने कहा कि उन्होंने अपने कौशल पर भरोसा रखते हुए हालात के अनुरुप अपनी लाइन में बदलाव करके गेंदबाजी की। पहले दो ओवर में 23 रन देने वाले चहल ने पहले महेंद्र सिंह धोनी (11) को आउट किया। इसके बाद दीपक हुड्डा (2), अंशुल कंबोज (0) और नूर अहमद (0) को पवेलियन भेजकर आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक बनाई। उन्होंने आईपीएल की वेबसाइड पर डाले गए एक वीडियो में कप्तान श्रेयस अय्यर से बातचीत में कहा, 'मुझे पता था कि माही भाई (धोनी) और दुबे (शिवम) हैं। लेकिन मुझे यह भी लगा था कि इस ओवर में विकेट मिलेगा। मैने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा कि वे मुझे छक्का लगा देंगे। मैने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की कोशिश की और अपनी लाइन बदलता रहा।'



## स्वियाटेक का सेमीफाइनल में गाफ से होगा सामना

**मैड्रिड।** दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने मेडिसन कीस को 0-6, 6-3, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियाटेक का सामना अब सेमीफाइनल में कोको गाफ से होगा जिन्होंने मिर्रा आंद्रीवा को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में एरिना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने मार्ता कोस्तियुक को 7-6, 7-6 से मात दी जबकि स्वितोलिना ने मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में इटली के मातेओ अर्नाल्डी ने फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-2, 6-2 से हराया।



# भारतीय मुक्केबाजों ने जीते चार और स्वर्ण

**एशियाई अंडर-15, अंडर-17 चैंपियनशिप में रहे तीसरे स्थान पर**

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारतीय मुक्केबाजों ने पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के आखिरी दिन चार और स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। भारत ने कुल 15 स्वर्ण, छह रजत और 22 कांस्य पदक जीते और कजाखस्तान तथा उजबेकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रहा। टूर्नामेंट के आखिरी दिन भारत के अंडर 17 दल ने चार स्वर्ण पदक जीते और चारों पदक लड़कियों को मिले। खुशी चंद (46 किलो) ने मंगोलिया की अल्तांजुल अल्तांगादास को 3-2 से हराया जबकि आहना शर्मा (50 किलो) और जन्नत (54 किलो) ने उजबेक प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। अंशिका ने 80 प्लस किलोवर्ग में जोर्डन की जाना अलालावनेह को हराकर भारत को एक और स्वर्ण दिलाया।लड़कों के अंडर 17 वर्ग में देवांश (80 किलो) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिन्हें फाइनल में कजाखस्तान के मुखामेदाली रुस्तेमबेक ने 5-0 से हराया। भारतीय अंडर 17 लड़कों की टीम ने एक रजत और छह कांस्य पदक जीते।




## सुपरबेट शतरंज में तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| वारसॉ

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे जबकि स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव ने खिताब जीता। ग्रैंड शतरंज टूर पर पहली बार खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। फेडोसीव ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से 7.5 अंक हासिल किए और उनका कुल स्कोर 36 में से 26.5 रहा। उन्हें जीत के साथ 40000 डॉलर पुरस्कार के तौर पर मिले। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव दूसरे और प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव को 30000 डॉलर और प्रज्ञानानंदा को 25000 डॉलर मिले।



### चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सूर्यांश शेडगे ने खेला मैच

# पंजाब के चोटिल मैक्सवेल आईपीएल से बाहर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पंजाब किंग्स के आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी टीम ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। मैक्सवेल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण धुले पिछले मैच से पहले चोट लगी थी। उस मैच में वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे। उनकी जगह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कल रात को सूर्यांश शेडगे ने खेला जिसमें पंजाब को चार विकेट से जीत मिली।

पंजाब किंग्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, 'ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण सत्र के बाकी मैचों से बाहर। हम उन्हें जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'मैक्सवेल के साथी आस्ट्रेलियाई और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर मार्कस स्टोइनिस ने चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले 'जियोस्टार' से कहा था, 'बदकिस्मती से मैक्सवेल की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया है। उसे लगा नहीं था कि चोट इतनी गंभीर होगी लेकिन यह है। उसका स्कैन कराया गया और नतीजा अच्छा नहीं है। लगता है कि वह अब आगे इस टूर्नामेंट में नहीं खेल सकेगा।'पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, 'हम विकल्प पर फैसला लेंगे।'



## विग्नेश पुथुर बाहर रघु होंगे विकल्प

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने लेग स्पिनर रघु शर्मा को चोटिल विग्नेश पुथुर की जगह टीम में शामिल किया। पुथुर मौजूदा सत्र के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। केरल के बाएं हाथ के स्पिनर पुथुर दोनों पिंडलियों में हड्डी के तनाव के कारण बाहर हो गए हैं। 31 वर्ष के शर्मा मुंबई की सहयोगी गेंदबाजी ईकाई का हिस्सा हैं जो अब मुख्य टीम से जुड़ेंगे। वह घरेलू क्रिकेट में पंजाब और पुडुच्चेरी के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 19.59 की औसत से 57 विकेट लिए हैं जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 56 रन देकर सात विकेट था। इसके अलावा नौ लिस्ट ए मैचों में 14 और तीन टी20 में तीन विकेट ले चुके हैं।

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने तात्या टोपे स्टेडियम में किया 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025' का शुभारंभ

# भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तराशे जाएंगे इस शिविर के प्रतिभाशाली बच्चे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को तात्या टोपे स्टेडियम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदेशव्यापी 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि यह शिविर प्रदेश के युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। यह शिविर केवल खेल सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक सजग, अनुशासित और सक्षम नागरिक के रूप में तैयार करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार के अंतर्गत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल अकादमियों से जुड़ाव और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर मिलेंगे। मंत्री सारंग ने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले पारंपरिक ग्रीष्मकालीन खेल शिविर को इस वर्ष एक नवीन रूप प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केवल खेलों से जुड़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच बनेगा जहां से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भविष्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में तराशा जाएगा।

### शिविर में खेलों के साथ शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास पर फोकस

मंत्री सारंग ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे खेल के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व व बौद्धिक विकास पर भी कार्य करेंगे। विद्यार्थियों को व्हॉलीबाल, जिम्नास्टिक, जूडो, ताईक्वांडों, बॉक्सिंग, कबड्डी, तलवारबाजी, कराते, मल्लखम्ब, टेबिल टेनिस, स्केटिंग, कुश्ती, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, एरोबिक, स्कवैश, एथलेटिक्स, शूटिंग (रायफल/पिस्टल) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, इन खेलों के साथ ही विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास भी किया जाएगा। जिसमें आध्यात्म, योग सहित विभिन्न गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है।

### तीन-चरणीय योजना से तैयार होंगे भविष्य के चैंपियन

मंत्री सारंग ने बताया कि तीन-चरणीय योजना के तहत हम उत्कृष्ट खिलाड़ी निर्माण करेंगे। जिसमें प्रथम चरण में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित किया जाएगा। द्वितीय चरण में चयनित खिलाड़ियों को विभाग की 'प्रतिभा खोज' और 'खेलो बढ़ो अभियान' जैसे योजनाओं से जोड़ा जाएगा। वहीं, तृतीय चरण में शीर्ष खिलाड़ियों को खेल अकादमियों और 'खेलो एमपी' सहित विभाग की प्रमुख प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कर भविष्य के चैंपियन तैयार किए जाएंगे।



### शिविर के लिए ऑनलाइन होंगे रजिस्ट्रेशन

मंत्री सारंग ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में 30 जून तक 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2025' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने के लिये विद्यार्थी 18 मई तक माय एमपी पोर्टल **www.merayuva.mp. gov.in** पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। पंजीकरण लिंक विद्यार्थियों को एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि लिंक के माध्यम से विद्यार्थी सरलता से अपना पंजीयन पूरा कर सकेंगे। पंजीयन के पश्चात विद्यार्थियों की प्रोफाइल बनेगी। इस प्रोफाइल का उपयोग खेल प्रतिभा खोज सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए भी किया जाएगा।

---

खेल मंत्री सारंग ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ, निर्णायक प्रतिस्पर्धा आज सुबह 8 बजे से

कॉम्पटीशन डायरेक्टर बनीं अरुंधनी

## तीसरी महिला राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में पहले दिन देश की 275 खिलाड़ियों ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश तीरंदाजी संघ एवं भारतीय तीरंदाजी संघ के तत्वाधान में तीसरी महिला राष्ट्रीय रैकिंग तीरदांजी प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार को मंत्री खेल एवं युवा युवा कल्याण विश्वास सारंग ने संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राकेश गुप्ता की अध्यक्षता में अंकुर खेल परिसर में किया। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने खिलाड़ियों के कठोर परिश्रम की तारीफ करते हुए 40 डिग्री के तापमान में उनके हौसले की सराहना की। मंत्री सारंग ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि शासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग उनके मार्गदर्शन एवं हर विकट परिस्थिति में सहयोग करने हमेशा तैयार रहता है और हमेशा रहेगा। वहीं, खेल संचालक राकेश गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। गुरुवार को इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग रिकर्व एंव कंपाउन्ड तीरंदाजी विधा का आयोजन पहले सत्र में किया गया जिसमें देशभर की लगभग 130 महिला तीरंदाजों ने भाग लिया।



### खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

द्वितीय सत्र में जूनियर वर्ग के लगभग महिला 120 तीरंदाजों ने भाग लिया, इसमें कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रिकर्व एवं कम्पाउन खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आज के तृतीय सत्र में सब जूनियर वर्ग के रिकर्व एवं कम्पाउंड विधा के 25 महिला खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को साधा और सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित किए। इस प्रतियोगिता के तकनीकी अधिकारियों में अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी अरुंधनी कॉम्पटीशन डायरेक्टर के रूप में नियुक्त की गई हैं।




### निर्णायक प्रतिस्पर्धा आज

चीफ जज संदीप काले एवं राष्ट्रीय स्तर के जजों के रूप में जिम्मी लेप्चा, रजनी पात्रों, नंदलाल अहिरवार, दिनेश कुमार, जेवेंद्र बोराडे, शिवम, शुभम, सौरभ एवं स्वप्निल को भारतीय तीरदांजी संघ द्वारा नियुक्त किया गया। कल शुक्रवार को इस प्रतियोगिता की निर्णायक प्रतिस्पर्धा सुबह 8 बजे से आयोजित की जाएगी।

---

प्रारब्ध ने खेली कप्तानी पारी, पृथ्वीराज के साथ संयुक्त रूप से बने मैन ऑफ द मैच

बॉयज अंडर -22 लिमिटेड ओवर्स ट्रॉफी इंटर डिविजनल क्रिकेट टूनर्मिंट

## भोपाल ने उज्जैन डिवीजन को पांच विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर के डेली कॉलेज मैदान पर गुरुवार को मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज लिमिटेड ओवर्स ट्रॉफी, इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट में उज्जैन और भोपाल डिवीज़न के मध्य मैच खेला गया।

इसमें उज्जैन डिविजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.5 ओवर में 177 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, उज्जैन से अभियुग प्रजापति ने 32 रन, और ऋषि ने 25 रन बनाए।



### प्रारब्ध मिश्रा 70 रन पर नाबाद रहे

वहीं भोपाल डिविजन के गेंदबाज पृथ्वी राज तोमर ने 3 , तन्मय पाण्डेय, प्रारब्ध मिश्रा और शिवांश चतुर्वेदी ने 2-2 विकेट लिए एवं युवराज नेमा को 1 विकेट मिला। जवाब में भोपाल डिविजन ने 26 ओवर में 5 विकेट पर 179 रन बना लिए। भोपाल से पृथ्वी राज तोमर ने 69 रन बनाए। वहीं प्रारब्ध मिश्रा कप्तानी पारी खेलते हुए 70 रन पर नाबाद रहे। वहीं, उज्जैन डिवीजन से गेंदबाजी में ईशान अफरीदी और दीपेंद्र ठाकुर ने 2-2 विकेट एवं गोवर्धन ने एक विकेट लिया। इस तरह भोपाल डिवीजन ने उज्जैन डिवीज़न को 5 विकेट से हराया। प्लेयर ऑफ़ द मैच भोपाल डिविजन से संयुक्त प्रारब्ध मिश्रा और पृथ्वी राज तोमर रहे। भोपाल का अगला मैच जबलपुर के होल्कर ग्राउंड मैदान पर 2 मई को होगा।

## तारिक खान एशियाई पंजा कुश्ती के अनुशासन समिति के प्रमुख बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली में आयोजित 3 से 11 मई के बीच आयोजित होने वाली एशियाई पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन पीएएफआई अध्यक्ष प्रीति झिंगियानी एवं प्रवीण डबास के नेतृत्व में किया जा रहा है।



प्रतियोगिता में भारत के लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसके साथ ही प्रतियोगिता में थाईलैंड, फिलिपींस, किर्गिस्तान, मंगोलिया, कजाकिस्तान एवं अन्य एशियाई देश भाग लेंगे। भारत में इस भावी आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इसी कड़ी में तारिक खान को अनुशासन समिति का प्रमुख नियुक्त किया। मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनोहर सिंह शेखावत, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष दीपक खरे एवं मप्र के पंजा कुश्ती के खिलाड़ियों ने तारिक खान की नियुक्ति पर पीएएफआई अध्यक्ष प्रीति झिंगियानी एवं प्रवीण डबास का आभार व्यक्त किया है

वर्ल्ड स्कूल गेम्स में किया शानदार प्रदर्शन

## सर्बिया में दो पदक जीतने वाले अश्विन भोपाल में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्बिया में आयोजित वर्ल्ड स्कूल गेम्स में मप्र के कराते खिलाड़ी अश्विन भास्कर ने शाानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। उनकी इस उपलब्धि पर राजधानी के एलएनसीटी में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान सम्मानित किया गया। अश्विन ने मुख्य कोच शिहान जयदेव शर्मा के मार्गदर्शन में बालक वर्ग के जुवेनिले 43 किग्रा इप्पान सोबू और सनबोन सोबु कुमिते इवेंट में स्वर्ण पदक जीते हैं। अश्विन ने तीन इवेंट में भाग लिया और 12 मुकाबले जीतकर दो स्वर्ण पदक देश को दिलाए हैं। इस स्कूल खेलों में 20 खेल शामिल थे, इसमें 54 देशों के लगभग 4000 से ज्यादा खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों ने भाग लिया था।



### खिलाड़ियों को दी बधाई

कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष बैकुंठ सिंह एवं जनरल सेक्रेटरी योगेश कालरा ने खिलाड़ियों और कोच सिहान जयदेव शर्मा को बधाई दी है। इसमें पहली बार कराते को शामिल किया गया था। भारत ने जो दो स्वर्ण पदक जीते वह कराते में प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर एलएनसीटी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज जैन, फिजिकल एजुकेशन प्रिंसिपल डॉ. वीएस पंवार, वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक सेंसेई, इंद्रजीत मोर्य व शशिकांत पाटिल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---

**भोपाल**

एक हजार महिलाएं पहुंची शिविर में, 100 से अधिक की बनी आभा आईडी

## घरों के काम समाप्त कर स्वास्थ्य जांच करानी पहुंची कामकाजी दीदियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

घरों में काम करने वाली कामकाजी दीदियों एवं महिला श्रमिकों के लिए लगाए आगे स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों में 1056 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सीएमएचओ कार्यालय द्वारा एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर 21 स्थानों पर शिविर लगाए गए थे। शिविरों में स्त्री एवं प्रसूति रोग, टीकाकरण, हाई रिस्क चिन्हांकन, पोषण परामर्श सेवाएं दी गईं। एनीमिया प्रबंधन के लिए आयरन फोलिक एसिड गोलियां देकर उनके सेवन की विधि बताई गई। शिविरों में 646 की उच्च रक्तचाप की जांच में 59 का रक्तचाप बढ़ा हुआ मिला है।



### जांच कर किया टीकाकरण

628 की मधुमेह जांच में 42 लोगों में शर्करा बड़ी हुई पाई गई है। इन सभी को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से टैग कर नियमित जांच करवाई जाएगी एवं चिकित्सकीय परामर्श अनुसार उपचार प्रारंभ किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि शिविरों में 104 आभा आईडी एवं 25 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 68 गर्भवती महिलाओं की जांच भी की गई। साथ ही 42 बच्चों का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहली बार कामकाजी महिलाओं एवं महिला श्रमिकों के लिए के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए शिविर लगाए गए हैं।

## दवा के धोखे में 75 साल की महिला ने खाया जहर, मौत

**भोपाल।** गुनगा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बुढोर कला में 75 साल की महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। दो दिन पहले उन्होंने दवा के धोखे में घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया।उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार रात उनकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बुढोर कला, गुनगा निवासी अजबी बाई पत्नी राजाराम (75) उम्र अधिक होने की वजह से बीमार रहती थीं और बिस्तर पर ही रहती थीं। उनका इलाज चल रहा था। उनकी दवाएं बिस्तर के पास टेबिल पर रखी थीं। उसी दौरान घर के किसी सदस्य ने लापरवाही के चलते कोई कीटनाशक वहां रख दिया। दवा के धोखे में अजबी बाई ने कीटनाशक खा लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

डब्ल्यूओएसवाय भोपाल के आयोजित कार्यक्रम में 20 से अधिक देशों के 30 छात्रों ने लिया हिस्सा

विदिशा जिले के हांसुआ गांव पहुंचे छात्र

## अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने भारत अनफिल्टर्ड कार्यक्रम में लिया रोमांचकारी ग्रामीण भारत का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ (डब्ल्यूओएसवाय) के भोपाल चैप्टर ने भारत अनफिल्टर्डः गांव से विश्व तक नामक एक अनूठे सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत 20 देशों के 30 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के हसुआ गांव ले जाया गया। यह छात्र वर्तमान में राजधानी की विभिन्न यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे हैं और उन्होंने ग्रामीण भारतीय जीवन शैली में खुद को पूरी तरह से डुबो दिया, जिससे सांस्कृतिक समझ और मित्रता को बढ़ावा मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत गांव वालों द्वारा छात्रों का पारंपरिक संगीत, पटाखों और पगड़ी बांधकर स्वागत करने से हुई। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ बातचीत की, उनके घरों का दौरा किया और घर पर बने भारतीय भोजन का आनंद लेते हुए ग्रामीण आतिथ्य की वास्तविक अनुभूति की।



### भारत की आत्मा उसके गांवों में बसती है

एवीबीपी की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने कहा कि भारत की आत्मा उसके गांवों में बसती है। जब अंतर्राष्ट्रीय छात्र यहां की मिट्टी, संस्कृति और जनजीवन से जुड़ते हैं, तो वे न केवल भारत को समझते हैं, बल्कि उसकी आत्मा को महसूस करते हैं। ऐसे कार्यक्रम वैश्विक युवा समाज में भारतीय संस्कृति की गरिमा को दर्शाने का सशक्त माध्यम हैं। मध्य भारत के प्रांत संयोजक अनुज प्रताप सिंह ने कहा, इस पहल का उद्देश्य दुनिया के सामने असली, अनफिल्टर्ड भारत को प्रस्तुत करना था।

### पारंपरिक भारतीय खेल खेलने किया आमंत्रित

सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और बढ़ाते हुए गांव के बच्चों ने छात्रों को पिठू (एक पारंपरिक भारतीय खेल) खेलने के लिए आमंत्रित किया। इसमें सभी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में डब्ल्यूओएसवाय के राष्ट्रीय संयोजक शुभम गोयल और एवीबीपी की राष्ट्रीय मंत्री कुमारी शालिनी वर्मा भी उपस्थित रहीं। जिन्होंने वैश्विक युवाओं को भारत की जड़ों से जोड़ने के इस प्रयास की सराहना की। डब्ल्यूओएसवाय के राष्ट्रीय महामंत्री शुभम गोयल ने कहा, आज जब दुनिया तकनीक और शहरीकरण की ओर तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में भारत की असली ताकत उसके गांवों में छिपी है। भारत अनफिल्टर्ड के माध्यम से हमने प्रयास किया है कि अंतर्राष्ट्रीय छात्र हमारे सांस्कृतिक मूल्यों, सादगी और सामूहिक जीवन के महत्व को समझें। इस तरह के आयोजन न केवल भारत की छवि को सशक्त करते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक पुल भी बनाते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930